सुप्रभात
रांची, गुरुवार
23.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 308

12 देश में लागू नहीं होने दूंगा कर्नाटक मॉडल : मोदी

## न्यूज डायरी

### आलम से इडी और पांच दिन करेगी पूछताछ

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम से ईडी की पूछताछ आगे भी जारी रहेगी। अदालत ने और पांच दिनों तक पूछताछ जारी रखने की अनुमति दी है। इससे पूर्व छह दिनों की पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने पर उन्हें बुधवार को पीएमएलए कोर्ट में भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ पेश किया गया। पेशी के साथ ही इडी की ओर से आठ दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की। सुनवाई के बाद अदालत ने पांच दिनों की पुलिस रिमांड की अवधि बढ़ा दी।

### भ्रष्टाचारियों की संपत्तियों का एक्स-रे करूंगा : मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने यहां एक रैली में कहा, सत्ता में लौटने पर भ्रष्टाचारियों की संपत्तियों का एक्स-रे करूंगा। लोगों को लूटने वाले जेल जायेंगे। देश को मालूम है कि अगर इंडी गठबंधन को वोट मिले तो वे किसी काम के नहीं होंगे।

### 400 पार का नारा कोरी कल्पना : थरूर

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे पर कड़ा हमला बोला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लुभावने नारे'अब की बार 400 पार' की हवा निकल गयी है। उन्होंने इस नारे को पूरी तरह से कल्पना बताया। कहा कि यह सिर्फ बकवास है। कहीं भी हकीकत के आसपास नहीं है।

### एटीएम काट कर 11 लाख ले भागे चोर

**हजारीबाग ।** स्थानीय इंद्रपुरी चौक के पास एसबीआइ एटीएम काटकर चोरों ने 11 लाख चार हजार 50 रुपए की चोरी कर ली। इस घटना की जानकारी एटीएम में रुपये डालने वाली कंपनी सीएमएस के फिल्ड ऑफीसर मो फरहान अकबर ने लोहसिंघना थाना को बुधवार देर शाम दी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 79200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95000 रु./प्रति किलो |




## गोड्डा और रांची में बोलीं प्रियंका गांधी- महंगाई-बेरोजगारी पर पीएम कुछ नहीं बोलते

# लोकतंत्र और संविधान बचाने का यही मौका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/गोड्डा।** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने बुधवार को केंद्र की मोदी सरकार पर जम कर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यदि एक बार फिर केंद्र में मोदी की सरकार आयी तो गरीबों और आदिवासियों का अधिकार छीन लेगी। संविधान भी बदल देगी। पिछले 10 वर्ष में संसद और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को कमजोर किया है। प्रियंका ने कहा कि आज देश की सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी है। इस पर पीएम मोदी के मुंह से एक भी शब्द नहीं निकलता है। वे सिर्फ हिंदू-मुस्लिम की ही बात करते हैं। यदि वे फिर आये, तो सबका आरक्षण खत्म कर देंगे। खुद को और अपने अस्तित्व को बचाना है तो सभी को मिलकर हर हाल में भाजपा को हराना होगा। प्रियंका गांधी बुधवार को गोड्डा में पार्टी प्रत्याशी प्रदीप यादव और रांची में पार्टी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में जनसभा में बोल रहीं थी। उन्होंने दोनों को भारी मतों से जिताने की अपील की। सभा को सीएम चंपई सोरेन और कल्पना सोरेन ने भी संबोधित किया।

### भाजपा का सूपड़ा साफ होगा : कल्पना

गोड्डा की चुनावी सभा कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बार का जो चुनाव लड़ा जा रहा है, यह भाजपा बनाम जनता है। यही कारण है कि चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने आपके चहेते बेटे और भाई हेमंत को साजिश के तहत जेल में डाल दिया। पूरे देश की जनता भाजपा को सबक सिखायेगी। झारखंड में तो भाजपा का सूपड़ा साफ हो जायेगा। गोड्डा की जनता के प्रत्याशी के रूप में यहां से प्रदीप यादव चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोड्डा से प्रदीप यादव को भारी मतों से विजयी बनाकर दिल्ली में इंडी गठबंधन की सरकार बनायें। इससे भाजपा की साजिश से मुक्त होकर हेमंत सोरेन आपके बीच में होंगे।




### मोदी अपने आधार पर ही खड़े नहीं होते

प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने धर्म की राजनीति पर भाषण दिया पर एक इंटरव्यू में उन्होंने उसे ही नकार दिया। वे कहते हैं कि अगर मैंने हिन्दू-मुसलमान की बात की होगी तो मैं इस देश का पीएम बनने लायक नहीं। ये कभी अपने आधार पर खड़े नहीं हो सकते। वहीं राहुल गांधी शुरू से ही अपने आधार पर खड़े हैं। राहुल मानते हैं कि जनता सभी का हिसाब बराबर से करेगी। प्रियंका ने पीएम मोदी का नाम लिये बगैर कहा कि अगर आप दो करोड़ रोजगार की बात करते हैं, खातों में 15 लाख देने की बात करते हैं तो उसपर काम करिये। जनता यही चाहती है। जनता सच्चाई चाहती है।

### बाहरी हैं निशिकांत

प्रियंका गांधी ने गोड्डा में भीतरी और बाहरी का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने लोगों से पूछा कि आपको बाहरी चाहिए या फिर बाबा बैद्यनाथ का भक्त उनका अपना बेटा प्रदीप यादव। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दूबे को बाहरी बताया। साथ ही कहा कि भाजपा ने वैक्सीन कंपनी से चंदा लिया। नतीजा सामने है कि आज लोगों की जान खतरे में पड़ गयी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार बोलने की पीएम मोदी की हिम्मत नहीं है। अगर भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा की थी तो उसे छिपाया क्यों। सबके सामने लेते। वहीं कल्पना सोरेन ने कहा कि गोड्डा के भाजपा प्रत्याशी बड़बोले हैं। जो व्यक्ति महिला विधायक, झारखंड के मंत्री, एक जनप्रतिनिधि की इज्जत नहीं कर सकता, वो गोड्डा का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता।

**शेरनी की तरह दहाड़ रही हैं कल्पना :** प्रियंका ने कहा हेमंत सोरेन को जेल में भेजकर नरेंद्र मोदी ने सोचा था कि आदिवासी शक्ति को झुका देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता है। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन शेरनी की तरह दहाड़ रही है। पूरा आदिवासी समाज कल्पना सोरेन के साथ हेमंत के पक्ष में खड़ा है। आदिवासी समाज इस बार तख्ता पलट कर बदला लेगी।

**झारखंड के वीर शहीदों को किया याद :** प्रियंका गांधी ने सभा को संबोधन के पहले झारखंड के वीर शहीदों को याद किया। कहा कि यह बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हो की धरती है। अपने अधिकार के लिए लड़ना ही हमारी आजादी की नींव थी। इसी पर हमारा संविधान बना। कल जब लोकतंत्र ही नहीं बचेगा तो आपके अधिकार कहां जायेगा।


## हेमंत को झटका, नहीं कर पायेंगे प्रचार, इडी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा

# महाधिवक्ता ने रची थी इडी के खिलाफ साजिश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा। शीर्ष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने तथ्यों को छिपाने को ले कर कड़ी फटकार भी लगायी। बाद में उनके वकील ने अपनी याचिका वापस ले ली। वहीं इडी ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दावा किया कि झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन, झारखंड में 1250 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध खनन की जांच कर रहे इडी के अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने में शामिल थे। इडी ने यह खुलासा पूर्व सीएम की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए अपने हलफनामे में किया। (शेष 11पर)

### हलफनामें में इडी का दावा



इडी का दावा है कि उनके पास इस मामले में महाधिवक्ता की संलिप्तता के ठोस सबूत हैं। पूर्व सीएम ने राज्य की मशीनरी का दुरुपयोग किया और अवैध खनन घोटाले में एजेंसी के गवाह विजय हांसदा द्वारा इडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। झारखंड पुलिस ने इडी अधिकारियों के खिलाफ विजय हांसदा का बयान भी कोर्ट के समक्ष दर्ज कराया। इडी ने हलफनामे में कहा कि इसमें महाधिवक्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। पूरी प्रक्रिया उनकी देखरेख में हुई और इस आशय के सबूत उपलब्ध हैं। इडी ने महाधिवक्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के सर्वोच्च कानून अधिकारी होने के नाते महाधिवक्ता ने पेशी और रिमांड के दौरान भी हेमंत का बचाव किया और उनके लिए बहस की।

## आइएएस मनीष रंजन को समन, इडी ने कल बुलाया

**टेंडर कमीशन घोटाला**

**(खबर मन्त्र ब्यूरो) रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी की जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। इसकी चपेट में एक आइएएस अधिकारी भी आ गये। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड में पदस्थापित आइएएस अधिकारी मनीष रंजन को समन जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए 24 मई को अपने ऑफिस बुलाया है। मनीष रंजन पूर्व में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के पद पर थे। वर्तमान में वे भू-राजस्व, सड़क व भवन निर्माण विभाग में सचिव हैं। गौरतलब हो कि निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम प्रकरण की जांच के बाद मिले तथ्य पर इडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल, सहायक जहांगीर समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर करीब 33.20 करोड़ रुपये जब्त किये थे। ये छापामारी कमीशनखोरी व टेंडर घोटाले को लेकर की गयी थी। करोड़ों की बरामदगी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। बाद में पूछताछ के बाद मंत्री आलमगीर आलम को भी इडी ने गिरफ्तार कर लिया। आलमगीर आलम फिलहाल इडी की रिमांड पर हैं।

### गठबंधन का सूपड़ा साफ है : हिमंता

**रांची।** असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि इस बार पीएम मोदी पीओके को भी भारत में मिला लेंगे। भारत विश्व गुरु भी बनेगा और तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था भी। श्री सरमा बुधवार को धनबाद के चंदनक्यारी ढुल्लू महतो के समर्थन में जनसभा में रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी बंगलादेश का घुसपैठ हो रहा है। ये लोग हमारे मूलवासी को बहला फुसला कर उनसे शादी कर रहे हैं। किसी को भी झारखंड का पैसा चूसने नहीं दूंगा। मंत्री आलम जैसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करनी है।

### 28 को पाकुड़ में पीएम मोदी की जनसभा

**रांची।** पीएम मोदी एकबार फिर 28 मई को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। वह 28 मई को पाकुड़ में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वहां पीएम मोदी पाकुड़ जिले के बाद पार्टी के तीन लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ताला मरांडी, सीता सोरेन एवं निशिकांत दुबे के पक्ष में प्रचार करने के लिए लिट्टीपाड़ा जायेंगे। लिट्टीपाड़ा के विराजपुर फुटबॉल मैदान में जनसभा में बोलेंगे। अधिकारियों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। मोदी पहलीवार पाकुड़ जायेंगे।

# देश को तानाशाही से बचायें, मोदी को हटायें: सीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास (धनबाद)।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भाजपा को झूठा पार्टी करार दिया। भाजपा ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। सिर्फ जनता को झांसे में रख कर ठगने का काम किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की तानाशाह भाजपा को हटाने का यही मौका है। जनता ने भी इसबार तानाशाही सरकार को केंद्र से उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता महंगाई से त्रस्त है, पर केंद्र की मोदी सरकार कभी भी महंगाई पर एक शब्द नहीं बोलती है। सीएम ने जनता से अपील की कि तानाशाह भाजपा सरकार से बचने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने का काम करें। श्री सोरैन बुधवार को बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के नीमतल्ला मैदान में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में चुनावी सभा में बोल रहे थे।

**हम विकास को कटिबद्ध :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार विकास के लिए कटिबद्ध है। राज्य के बच्चों की शिक्षा में कहीं कोई कमी ना रहे, इसके लिए स्कॉलरशिप की राशि बढ़ा दी गयी है। उन्होंने कहा कि पांच साल में एक बार यह स्वर्णिम मौका देश के मतदाताओं को मिला है, इसका लाभ उठायें। मौके पर श्रम मंत्री सत्यनंद भोक्ता ने कहा की बहुत हो गया महंगाई की मार अब गिरिडीह से होगी मथुरा सरकार। राज्यसभा सांसद डा सरफराज अहमद ने गिरिडीह के विकास के लिए मथुरा महतो को विजयी बनायें।




# बंगाल में 2010 के बाद जारी ओवीसी प्रमाण पत्र रद्द

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता हाईकोर्ट ने बुधवार को ओबीसी प्रमाण पत्र के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। दरअसल अदालत ने 2010 के बाद वाला ओबीसी प्रमाण पत्र को खारिज दिया है और नये सिरे से प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाण पत्र को गैरक बताया है। वहीं दूसरी ओर सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि ओबीसी सर्टिफिकेट को लेकर हाइकोर्ट के आदेश को नहीं मानेंगी।

### हाइकोर्ट ने फैसले में कहा

कोलकाता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा है कि रद्द किये गये प्रमाण पत्र किसी भी नौकरी में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इस आदेश के बाद अब करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिये गये। हालांकि, हाईकोर्ट ने कहा, इस प्रमाणपत्र का उपयोग जिन लोगों ने पहले कर दिया है उन पर इस फैसले का असर नहीं होगा। कोलकाता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में किसी भी सरकार का उल्लेख नहीं किया है। उन्होंने केवल इतना ही कहा है कि 2010 के बाद जारी किये गये ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द कर दिये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि टीएमसी ने साल 2011 में बंगाल में अपनी सरकार बनायी थी। हाइकोर्ट द्वारा ये फैसला सुनाने की वजह कानून मुताबिक इस दस्तावेज का सही नहीं होना है। अदालत का साफ तौर पर कहना है कि 2010 के बाद जितने भी सर्टिफिकेट बनाये गये, वे कानूनन ठीक से नहीं बनाये गये हैं। इसलिए उस प्रमाणपत्र को रद्द किया जाना चाहिए। अब इस सर्टिफिकेट का उपयोग लोग किसी भी नौकरी में नहीं कर पायेंगे।

### ममता बनर्जी बोलीं नहीं मानूंगी कोर्ट का आदेश

वहीं सीएम ममता बनर्जी ने हाइकोर्ट के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने घोषणा कर दी है कि वह अदालत के फैसले को नहीं मानेंगी। ममता ने कहा कि ओबीसी आरक्षण जारी है और जारी रहेगा। इसे इस तरह से रद्द नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस फैसले को "भाजपा का फैसला" बताकर इसकी आलोचना भी की। बुधवार को दमदम में एक सार्वजनिक सभा में ममता ने कहा, मैं एक न्यायाधीश के रूप में सज्जन व्यक्ति का सम्मान करती हूं। उन्होंने कहा, पीएम कई दिनों से कह रहे हैं कि आरक्षण छीन लेंगे। क्या ऐसा कभी होता है। ऐसे में संविधान को भंग कर देना चाहिए। यह नहीं हो सकता। मैं इस फैसले को स्वीकार नहीं करती। उन्होंने 26 हजार नौकरियां रद्द कर दीं, तब भी मैंने उस फैसले को नहीं माना। यह भाजपा का फैसला है। हम सहमत नहीं हैं। ओबीसी आरक्षण जारी है, जारी रहेगा। ममता के मुताबिक भाजपा असल में इस फैसले के जरिये मुस्लिमों का आरक्षण रद्द करने की कोशिश कर रही है।

# झारखंड में ₹3000 करोड़ का है टेंडर घोटाला बांग्लादेश समेत अन्य देशों में भेजे गये रुपये

**इडी ने हेमंत सोरेन को अंतरिम जमानत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में टेंडर घोटाले की जांच का भी आंशिक खुलासा किया**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड टेंडर घोटाले की जांच कर रही है इडी ने दावा किया है कि यह 3000 करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला है। इस घोटाले में अर्जित रुपये विदेश भी भेजा गया है। इडी ने हेमंत सोरेन को अंतरिम जमानत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में टेंडर घोटाले की चल रही जांच का भी आंशिक खुलासा किया है। इडी हाल ही में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को टेंडर घोटाले में गिरफ्तार किया है। आलमगीर पर आरोप है कि कमीशन के लिए चयनित ठेकेदारों को टेंडर आवंटित करता था।

इडी ने कुछ दस्तावेज जब्त किया हैं जिनसे पता चला है कि आलमगीर आलम और विभाग के अन्य नौकरशाहों को कटौती और कमीशन मिलता था। इडी के पास मौजूद साक्ष्यों के आधार पर बताया है कि ग्रामीण विकास विभाग के टेंडरों से एक निश्चित कमीशन वरिष्ठ मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाता था। छह मई को मंत्री के पीएस संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी के दौरान इडी ने 33.20 करोड़ रुपये की नकद जब्त किया था, जो ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आवंटित निविदाओं में कमीशन से प्राप्त आय थी। बरामद रुपये मंत्री आलमगीर आलम का था। एसीबी में दर्ज केस के आधार पर इडी ने जांच शुरू की थी। जांच के दौरान इडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। उस समय पता चला कि घोटाला 100 करोड़ रुपये का था। अब यह घोटाला 3000 करोड़ रुपये का है। इडी का मानना है कि पैसा बांग्लादेश और अन्य देशों में भी भेजा गया था। मंत्री का एक भाई बांग्लादेश में रहता है जो चावल मिल और कई अन्य उद्यम चलाता है।

## इंस्पेक्टर दिलीप यादव के खिलाफ भाजपा ने दर्ज करायी शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गोड्डा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव और उनके भाई इंस्पेक्टर दिलीप यादव के खिलाफ भाजपा चुनाव आयोग पहुंची और विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिकायत दर्ज करायी है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि दुमका जिला के सरैयाहाट थाना के जोकेला गांव में नीलकंठ यादव नामक व्यक्ति की हत्या हो गयी थी और तब प्रदीप यादव के भाई इंस्पेक्टर दिलीप यादव उस गांव में नीलकंठ यादव के घर पहुंच गये और बताये कि वे ही इस हत्याकांड की जांच कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि दिलीप यादव किसके कहने पर नीलकंठ यादव के घर गये थे। 2005 से ही दिलीप यादव का चुनाव के समय गोड्डा तबादला कर दिया जाता है। इसकी जांच होनी चाहिये। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि गोड्डा कांग्रेस के उम्मीदवार प्रदीप यादव, उनके भाई इंस्पेक्टर दिलीप यादव और इस पूरे प्रकरण में कौन-कौन शामिल हैं, उन सबकी जांच हो। दिलीप यादव के खिलाफ पूर्व में भी शिकायत भाजपा ने दर्ज कराई थी।

## हिंदी परीक्षा में नकल करने वाले झाप्रसे के अधिकारी को मिला दंड

**रांची।** उप समाहर्ता खूंटी सुदर्शन ठाकुर को निदंन की सजा दी गयी है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। उनके विरूद्ध राजस्व पर्षद झारखंड ने 25 अगस्त 2023 द्वारा राजपत्रित पदाधिकारियों की प्रथम अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, 2023 तथा अराजपत्रित कर्मचारियों की प्रथम अर्द्धवार्षिक जनजातीय भाषा की परीक्षा 2023 के रांची परीक्षा केंद्र पर 25 जुलाई 2023 को ली गयी हिंदी विषय की परीक्षा में कदाचार करने के संबंधी आरोप लगा था।

**इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचार पर भाजपा ने किया कड़ा प्रहार**

## आलमगीर आलम की घुसखोरी मामले में क्यों चुप है कांग्रेस : डॉ अरुण उरांव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव ने कांग्रेस पार्टी से पूछा कि आलमगीर आलम के मामले में चुप क्यों है। डॉ उरांव बुधवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर इंडी एलाइंस ने नया कोड वर्ड दिया। कोड वर्ड के हिसाब से पैसे लिये जाते थे। रेट के हिसाब से फाइल, फोल्डर और बॉस नाम दिये गये थे। इसका उपयोग पैसे की उगाही के लिये किये गये।

उन्होंने कहा कि इंडी एलाइंस ने कोड वर्ड के माध्यम से झारखंड को बेच दिया। मंत्री के करीबी के यहां से 37 करोड रुपये बरामद किये गये। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के घर से जो फाइल मिली थी, उसमें भी कोड वर्ड का जिक्र था। मंत्री के पीए ने भी मेंशन किया है कि किस काम के लिये किसे कितना कमीशन दिया गया। ईडी ने टेंडर में कमीशन लेने की विस्तृत जानकारी कोर्ट को दी है। चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ में वीरेंद्र राम ने मंत्री को 3 करोड़ रुपये कमीशन देने की बात स्वीकारी। इसके बाद ही ईडी ने कार्रवाई की। भ्रष्टाचार का मामला उजागर होने और नोट बरामद होने के बाद भी आलमगीर आलम में शर्म और नैतिकता नहीं बची है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को इसका संज्ञान लेकर उन्हें मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिये। उन्होंने कहा कि न्यायालय से भी हेमंत सोरेन को बेल नहीं मिल रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि उन पर भ्रष्टाचार के कितने गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। जनता के पैसे को लूटकर तिजोरी भरने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करूंगा। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज मौजूद थे।

**गोड्डा और रांची में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रियंका गांधी की सभा**

# महंगाई और बेरोजगारी ने देश की स्थिति बिगाड़ दी : प्रियंका

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/गोड्डा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बुधवार को रांची और गोड्डा में सभा की। प्रियंका गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए झारखंड के वीर शहीदों को याद किया। उन्होंने कहा कि यह बिरसा मुंडा की धरती है, सिद्दो-कान्हो की धरती है। अंग्रेज सरकार के खिलाफ इन्होंने लड़ाई लड़ी। इनके ही दिखाए रास्ते पर चलकर स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी दिलाई। अपने अधिकार के लिए लड़ना ही हमारी आजादी की नींव थी। इसी पर हमारा संविधान बना, क्या कभी आपने सोचा है इस संविधान का आपके जीवन में क्या अधिकार है? तो यही संविधान है जो आपको सारे अधिकार देता है। कल जब लोकतंत्र ही नहीं बचेगा तो आपका अधिकार कहां जाएगा। आज महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। 70 करोड़ नौजवान आज बेरोजगार है। आज शिक्षित बेरोजगार हमारे बीच हैं।

**एचईसी को बचाने की जरूरत**

प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि इस देश की दूसरी बड़ी समस्या महंगाई है। इसने सबकी कमर तोड़ दी है। दुकान से अगर आप पांच चीजें लेने जाते हैं, तो दो ही ला पाते हैं। घर चलाने से लेकर बाहर कमाने तक कि जिम्मेदारी महिलाएं संभाल रही हैं। किसानों को भी महंगाई से कोई राहत नहीं है। आज एचईसी को बचाने की जरूरत है। इस तरह की कंपनी को बंद कर दिया गया। मोदी जी चंद्रयान के लिए पीठ थपथपाते हैं, लेकिन जिन्होंने इसके लिए काम किया, उनका क्या। आज उन्हें साल भर से अधिक समय से वेतन नहीं मिला है।

**भाजपा के भ्रष्टाचार पर दिया जवाब** : प्रियंका गांधी ने भाजपा के भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि वे हम पर भ्रष्टाचार आरोप लगाते हैं लेकिन 10 सालों में ये अपनी पार्टी को दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बना दी। 55 सालों हम सत्ता में रहे लेकिन कांग्रेस तो इतने दिनों में सबसे अमीर पार्टी नहीं बन पायी। ये पैसा कहां से आया, इन्होंने 60 हजार करोड़ रुपये अपना कार्यालय बनाने में खर्च किया, ये कहां से आया।

मौके पर कांग्रेस स्टेट प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, रांची में यशस्विनी सहाय, सुबोधकांत सहाय, सतीश पॉल मुंजाल, रमा खलखो और सुंदरी तिर्की थे।

### झारखंड का पारंपरिक नृत्य किया



इससे पहले प्रियंका गांधी जब रांची एयरपोर्ट पहुंची वहां पर मौजूद महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सभी महिलाएं अपनी पारंपरिक ड्रेस पहने हुई थी। इसके बाद उन्होंने सभी के साथ यहां का पारंपरिक नृत्य किया। उन्होंने भी बड़े उत्साह के साथ नृत्य में भाग लिया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

## सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों पर समीक्षा बैठक

**रांची।** सीआईडी के डीजी ने झारखंड में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए वीसी के जरिये समीक्षा बैठक की। दरअसल बीते माह हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट मांगी थी। अदालत ने सरकार से पूछा था कि एमपी-एमएलए कोर्ट में लंबित मामलों की स्थिति क्या है। कितने मामलों का ट्रायल चल रहा है। कितने में आरोप पत्र दाखिल किये गये हैं और कितने मामलों में अनुसंधान चल रहा है। अदालत ने सीबीआई और ईडी को भी केस की अद्यतन स्थिति की जानकारी देने का निर्देश दिया था। साथ ही पूछा था कि जिन मामलों में ट्रायल चल रहा है उसमें देर क्यों हो रही है। राज्य सरकार के जबाव से कोर्ट ने असंतुष्टि जाहिर की थी।

## 56 फूड सेफ्टी अफसर की नियुक्ति करेगा जेपीएससी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) द्वारा राज्य में 56 फूड सेफ्टी अफसरों की नियुक्ति के लिए परीक्षा 27 मई को ली जायेगी। लगभग तीन हजार अभ्यर्थियों के लिए रांची में 17 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी।

**दो पालियों में ली जाएगी परीक्षा**

पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दिन के 12 बजे तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न दो बजे से चार बजे तक होगी। पहली पाली में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2000, खाद्य संरक्षा एवं मानक नियमावली 2011 तथा विनियम 2011 से संबंधित सवाल होंगे। वहीं द्वितीय पाली में खाद्य एवं पोषण से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न होंगे।

**वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड करें अभ्यर्थी** : परीक्षा में शामिल होनेवाले अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्म तिथि डाल कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में परेशानी होने पर आयोग कार्यालय में 26 मई तक दिन के 11 बजे से शाम पांच बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

**नीले या काले बॉल प्वाइंट पेन से ही लिखनी होगी परीक्षा** : परीक्षा नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन से लिखनी होगी। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गजेट्स आदि लाने की मनाही है। अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने के एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पहुंचें। अभ्यर्थी को अपने साथ चार रंगीन स्व हस्ताक्षरयुक्त फोटो और फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।

## 7वें चरण में झारखंड की तीन लोस सीटों पर 53 लाख वोटर चुनेंगे अपना सांसद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में झारखंड की तीन लोकसभा सीटें राजमहल, दुमका और गोड्डा पर चुनाव होने हैं। इन तीन संसदीय क्षेत्र में 52 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। राजमहल लोकसभा से 14, दुमका और गोड्डा से 19-19 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों लोकसभा क्षेत्र में 6 जिला और 18 विधानसभा आते हैं।

**तीन लोकसभा क्षेत्र में 53 लाख मतदाता** : ईसीआई के डाटा के अनुसार 7वें चरण में तीनों लोकसभा क्षेत्र में कुल 84 लाख 11 हजार 857 आबादी है। इसमें 43,02,034 पुरुष और 41,09,823 महिलाएं शामिल हैं। वहीं तीनों लोकसभा में कुल 53 लाख 16 हजार 868 मतदाता हैं। इसमें 26,97,207 पुरुष, 26,19,631 महिलाएं और 30 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

**गोड्डा का क्षेत्रफल कम, लेकिन मतदाता ज्यादा** : तीनों लोकसभा क्षेत्र में दुमका सबसे अधिक 5 हजार 263 स्क्वायर किलोमीटर और गोड्डा सबसे कम 4 हजार 2 स्क्वायर किलोमीटर में फैला है। गोड्डा का क्षेत्रफल कम है, लेकिन यहां की आबादी सबसे अधिक 37,67,857 आबादी है। वहीं गोड्डा लोकसभा में 20 लाख 25 हजार 176 मतदाता हैं, जिसमें 10,48,884 पुरुष और 9,76,278 महिला मतदाता हैं। दुमका लोकसभा की आबादी 24 लाख 89 हजार 087 है। इस लोकसभा में 15 लाख 89 हजार 435 मतदाता हैं, जिसमें 7,98,286 पुरुष और 7,91,143 महिला मतदाता है।

**राजमहल लोस क्षेत्र में पुरुष के मुकाबले महिला मतदाता अधिक** :राजमहल लोकसभा क्षेत्र की आबादी 27 लाख 55 हजार 097 है, जिसमें 13,96,513 पुरुष और 13,58,583 महिला आबादी है। इस लोकसभा क्षेत्र में 17 लाख 2 हजार 257 मतदाता है। इसमें 8,50,037 पुरुष और 8,52,210 महिला मतदाता हैं।

**फुसरो और कतरास में की पदयात्रा, उमड़ी हजारों की भीड़**

## नीतियों पर राजनीति करती कांग्रेस-जेएमएम की सरकार के अब जाने के दिन : सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जेएमएम-कांग्रेस की सरकार ने झारखंड में साढ़े चार साल के कार्यकाल में सिर्फ नीतियों पर राजनीति की है। इससे युवा वर्ग के सपने कुचले गये हैं। युवा सपनों का सौदा नहीं होने देंगे। ध्वस्त कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार ही इस सरकार की पहचान है। झारखंड का सौदा करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। इन्होंने झारखंड की अस्मिता और छवि को धूमिल किया है। यह सरकार स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने में विफल रही है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत फुसरो और कतरास में आयोजित पदयात्रा के दौरान कही। पदयात्रा में पार्टी कई पदाधिकारी समेत हजारों की संख्या में क्षेत्र की जनता शामिल हुई।

उन्होंने कहा कि आज इस पदयात्रा में लोगों का जो अपार जनसमर्थन मिला है वो गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से हमारे प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के अभूतपूर्व जीत की गवाही दे रहा है। गिरिडीह की जनता का यह प्यार, स्नेह और आशीर्वाद हमारी ताकत है। जनता के सहयोग और कार्यकर्ताओं के परिश्रम का सुखद परिणाम राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत के साथ देखने को मिलेगा।

सुदेश महतो ने कहा कि कांग्रेस देश के युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा कर रही है। झारखंड में सत्ता में आने से पहले इन्होंने यहां के बेरोजगार युवाओं को हर वर्ष पांच लाख नौकरियां देने की बात कही थी, आज साढ़े चार साल के बाद भी यह आंकड़ा दस हजार नौकरियों तक भी नहीं पहुँच पाया है। इनकी मंशा केवल जनता को दिग्भ्रमित कर उनका मत हासिल करना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नेतृत्व में वैश्विक पटल पर देश का नाम रोशन किया है। मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने पूरे देश को विकास की गारंटी दी है। इसी गारंटी के साथ 2047 तक विकसित भारत के अपने संकल्प को हम सभी मिलकर पूरा करेंगे।

## पांचवें चरण में 63.21 प्रतिशत रहा कुल मतदान : डॉ. नेहा अरोड़ा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पांचवें चरण के संपन्न चुनाव में 63.21 फीसदी लोगों ने मतदान किया है। वहीं गांडेय विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में 68.92 प्रतिशत मतदान हुआ है। बताते चलें कि पांचवें चरण में कुल तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में 20 मई को मतदान हुआ था। उसमें चतरा में 63.69 प्रतिशत, कोडरमा में 61.81 प्रतिशत और हजारीबाग में 64.39 प्रतिशत मतदान हुआ है।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इन तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की खासियत यह रही है कि यहां पुरुषों से अधिक महिलाओं ने मतदान किया है। इन तीन लोकसभा क्षेत्रों के सभी 16 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान में महिलाएं पुरुषों पर भारी पड़ी हैं। उन्होंने बताया कि कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बगोदर विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का मतदान प्रतिशत सर्वाधिक रहा है। यहां पुरुषों ने 53.23 प्रतिशत और महिलाओं ने 74.49 प्रतिशत मतदान किया है। यानी पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं ने 21.26 प्रतिशत अधिक मतदान किया है। वहीं महिला-पुरुष के बीच मतदान प्रतिशत का सबसे कम अंतर हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बड़कागांव में रहा है। यहां पुरुषों की अपेक्षा महलाओं ने 1.46 प्रतिशत अधिक मतदान किया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 1 अरब, 28 करोड़, 49 लाख से अधिक मूल्य की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोषांग, हजारीबाग)**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 52/2023/SDR/Vol.IV दिनांक 31.10.23 के द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के आलोक में छठे चरण के अन्तर्गत दिनांक 25.05.2024 को गिरीडीह, धनबाद, रॉची, तथा जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्रों में मतदान कार्य किया जाना है। उक्त चार लोक सभा क्षेत्रों के वैसे मतदाता जो निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग जिला में प्रतिनियुक्त है तथा जिन्होंने फार्म 12 के द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु आवेदन समर्पित किया है, एवं जिनका पोस्टल बैलेट संबंधित निर्वाची पदाधिकारी द्वारा निर्गत एवं इस जिले को प्राप्त है, के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु निम्नवत Facilitation Centre अधिष्ठापित गया है :–

| Facilitation Centre | मतदान किये जाने की तिथि एवं समय | संबंधित लोक सभा क्षेत्र |
|---|---|---|
| समाहरणालय स्थित प्रथम तल्ला (स्तनपान कक्ष) | 23-05-24 9:00 AM TO 5:00 PM | गिरीडीह, धनबाद, रॉची, तथा जमशेदपुर |
| समाहरणालय स्थित प्रथम तल्ला (स्तनपान कक्ष) | 24.05.24 9:00 AM TO 5:00 PM | गिरीडीह, धनबाद, रॉची, तथा जमशेदपुर |

नोडल पदाधिकारी
पोस्टल बैलेट–सह–मतपत्र कोषांग,
हजारीबाग

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 325062 Election (24-25)_D



**सीइओ ने देवघर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का किया अवलोकन**

# निर्वाचन कार्य से जुड़े कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों पर करें कार्रवाई : के. रवि कुमार

**नगर निकाय के कर्मियों को मतदान केंद्र से करें टैगिंग**

**वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप के वितरण कार्य में गति लाएं बीएलओ, सुपरवाइजर एवं अन्य निर्वाचन कर्मी करें समीक्षा**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं के साथ साथ मतदान कार्य में लगे सभी कर्मियों की सुरक्षा सभी संबंधित जिला प्रशासन का दायित्व है। निर्वाचन कार्य से जुड़े बीएलओ एवं पोलिंग पार्टीज के साथ कर्तव्य निर्वहन के दौरान अवांछित तत्त्वों द्वारा किसी प्रकार का व्यवधान किया जाता हो तो उनपर त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वे बुधवार को देवघर जिले मे पिछले चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले शहरी क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे। इस क्रम में उन्होंने एक ओर जहां निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर सभी न्यूनतम सुविधाएं बहाल करने का निदेश दिया, वहीं वोटरों से भी अपना दायित्व निभाते हुए मतदान करने की अपील की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप के वितरण कार्य में गति लाते हुए निर्धारित समयावधि तक मतदाताओं को इसे वितरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची में डुप्लीकेट एंट्री सहित अन्य मतदाताओं की जानकारी लेते हुए इन सबों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये फॉर्मेट में रिपोर्ट संधारित करने तथा वोलेंटियर एवं मतदान केंद्र जागरूकता समूह को सक्रिय कर संबंधित मतदान केंद्र के क्षेत्र में अवस्थित मतदाताओं को मतदान करने संबंधित जागरूकता कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मतदान केद्रों के शौचालय में रनिंग वाटर की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ को मिलने वाले मानदेय एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने नगर निकाय कर्मियों को मतदान केन्द्रों से टैगिंग करते हुए निर्वाचन कार्य में सहयोग करते हुए इसमें गति लाने एवं मतदान केंद्र की बेहतर तैयारी कराने का निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान देवघर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी विशाल सागर, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह- जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, अंचल अधिकारी अनिल कुमार आदि उपस्थित रहें।

स्पीड न्यूज



## टाटा स्टील के अनुराग ने चौथी बार दिया एसडीपी

**जमशेदपुर।** रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम जीवन रक्षा हेतु रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु लगातार सक्रिय है और आज इसी कड़ी में आज टाटा स्टील के श्री अनुराग मिश्र ने जमशेदपुर ब्लड बैंक में आज चौथी बार प्लेटलेट्स का दान किया। श्री अनुराग मिश्रा नियमित रक्तदाता है और अब तक 15 बार रक्तदान कर चुके है। इस गरिमामयी अवसर पर ब्लड बैंक के प्रबंधक श्री संजय चौधरी और रेडक्रॉस के प्रभुनाथ सिंह भ उपस्थित थे।

## चाकुलिया में झामुमो की प्रचार गाड़ी पलटी, तीन घायल

**जमशेदपुर।** चाकुलिया में अंधी तूफान के कारण जेएमएम के प्रचार प्रसार गाड़ी पलटने से नुपुर पोट्टोपद्धय, सूरज बेरा, नव पोट्टोपद्धय बुरी तरह घायल हो गये। इन कार्यकर्ताओं को इलाज करा कर उनके घर भेज दिया है।

## कपाली के लोगों ने सीओ और बीएलओ पर लगाया गंभीर आरोप



**चांडिल।** कपाली नगर परिषद क्षेत्र में कम वोट प्रतिशत करने को लेकर कपाली नगर परिषद के 21 वार्ड के 24 बूथों में 50 प्रतिशत से भी कम मतदाता पर्ची बांटे गये हैं। इस संबंध में कपाली नगर परिषद उपाध्यक्ष सरवर आलम के नेतृत्व में चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी की अनुपस्थिति में ज्ञापन सौंपा। नगर परिषद के लोगों ने चांडिल अंचल अधिकारी एवं बीएलओ पर गंभीर आरोप लगाया है। मतदाता पर्ची नहीं बांटे जाने के कारण कपाली में मतदान कम होगा। ज्ञापन में कहा गया है कि कपाली नगर परिषद क्षेत्र में कम वोट प्रतिशत होने पर इसका जवाब देही अंचल अधिकारी चांडिल अमित श्रीवास्तव एवं बीएलओ की होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए इस तरह के कार्य किया जा रहा है। मौके पर मो मोहसिन, एमडी सिकंदर, रुकैया, एमडी असलम, एमडी सगीर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अग्रवाल सम्मेलन ने किया तेजस्वी सूर्या का अभिनंदन

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार के क्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, लोकसभा सांसद एवं प्रखर वक्ता तेजस्वी सूर्या का जमशेदपुर आगमन हुआ. भाजयूमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल द्वारा आहूत कार्यक्रम के अंतर्गत तुलसी भवन में उनका अभिनंदन पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संदीप मुरारका, सुरेश शर्मा लिप्पू, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, उमेश खीरवाल, अजय भालोटिया, अंशुल रिंगसिया, विनोद शर्मा, सन्नी संघी, विकास गढ़वाल, अश्विनी अग्रवाल, दीपक सारदा, प्रतीक अग्रवाल, विजय सोनी, हेमंत अग्रवाल, प्रीतम जैन, गौरव अग्रवाल, प्रकाश बजाज, आशुतोष काबरा इत्यादि उपस्थित थे।

## आज छत्तीसगढ़ के सीएम करेंगे रोड शो

**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को जमशेदपुर में सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी बिद्युत महतो के पक्ष में समर्थन के लिए भव्य रोड शो करेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने बुधवार को विभिन्न विधानसभा के प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक एवं जिला पदाधिकारी के साथ बैठक कर रूपरेखा बनायी गयी है। सभी तैयारी पूरी हो चुकी है।

# भाजपा से जमशेदपुर सीट छीनने के लिए झामुमो ने लगाया अजगरी फांस

- मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपने चारों विधायकों को लीड लेने का दिया टास्क
- बन्ना गुप्ता भी समीर के लिए कर रहे डबल मेहनत, राय खेमा भी दे रहा मदद

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में जमशेदपुर संसदीय सीट को भाजपा से छीनने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अजगरी फांस का दांव चला है। यह दांव मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के निर्देश पर चला गया है जिसमें 22 मई से लेकर 25 मई की सुबह तक धीरे-धीरे मतदाताओं के बीच ऐसी पैठ बनानी है कि भाजपा के गले के लिए वो फांस साबित हो। ठीक वैसे ही जैसे अजगर को विषैला सांप नहीं माना जाता किन्तु उसे खेल-खेल में कोई गले में लपेट ले तो धीरे-धीरे अजगर उस व्यक्ति के गले में फांस की तरह ऐसे लिपट जाता है कि व्यक्ति की जान चली जाए। यानी इस सीट पर झामुमो की रणनीति है कि भाजपा को जीत के मुगालते में रखते हुए उसे अंतिम क्षण में मात दे देना।

भाजपा के लिए अच्छी बात यह है कि 2019 के चुनाव में उसके प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो ने झामुमो के प्रत्याशी चंपई सोरेन को डबल वोट से बुरी तरह हराया था, अब चंपई सोरेन महागठबंधन सरकार में झारखंड के मुख्यमंत्री हैं जो अपनी हार का बदला जमशेदपुर सीट पर अपने कृपा पात्र प्रत्याशी समीर महंती के जरिए लेना चाहते हैं। चंपई सोरेन का यह सपना आधार हीन नहीं है क्योंकि 2019 के संसदीय चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा को चार सीटों क्रमशः बहरागोड़ा, घाटशिला, जुगसलाई और पोटका सीट पर जबर्दस्त विजय मिली थी जबकि जमशेदपुर पूर्व सीट पर निर्दलीय सरयू राय विजयी हुए थे जबकि जमशेदपुर पश्चिम सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने जीत हासिल की थी। बन्ना गुप्ता महागठंधन का हिस्सा हैं इसलिए वो संसदीय चुनाव 2024 में झामुमो प्रत्याशी के लिए जी-जान से मदद कर रहे हैं जबकि जमशेदपुर पूर्व के निर्दलीय प्रत्याशी सरयू राय का अप्रत्यक्ष मदद भी झामुमो को मिल रहा है।




अपने राजनीतिक गुरु सीएम चंपई के साथ झामुमो प्रत्याशी समीर महंती और हैट्रिक के लिए प्रयासरत भाजपा प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो।

अब मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपने चारों विधायकों को बुला कर दो टूक कहा है कि अपने-अपने विधानसभा में भाजपा पर अवश्य लीड लें अन्यथा छह माह बाद संभावित विधानसभा चुनाव में टिकट की उम्मीद न रखें। यहीं संदेश गोपाल मैदान की रैली के दौरान जेल में बंद झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम हेमंत महतो के एक खास शख्स ने भी विधायकों को दुहराया है। सो, झामुमो विधायक समीर महंती जो खुद संसदीय चुनाव में प्रत्याशी हैं के अलावा जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, पोटका विधायक संजीव सरदार अपनी टीम के साथ पूरी तरह रेस हो गए हैं।

यहीं कारण है कि जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में 2024 के चुनाव में इस बार भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच सीधा मुकाबला होता दिख रहा है। यह सीट अभी भारतीय जनता पार्टी के पास पिछले दो चुनाव से है और विद्युत महतो यहां सांसद हैं और इस बार जीत का हैट्रिक लगाने के लिए प्रयासरत हैं।

**संसदीय चुनाव 2019 में वोट का हाल :** आइए, 2019 के संसदीय चुनाव में दोनों दलों को मिले वोट पर नजर डालें। 2019 के लोकसभा चुनाव में बहरागोड़ा विधानसभा से विद्युत वरण महतो को 93,275 वोट मिले थे जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार चंपाई सोरेन को 62,009 वोट से संतोष करना पड़ा। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के उम्मीदवार बिद्युतबरण महतो को 87,087 वोट मिले जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के चंपई सोरेन को 73,298 वोट मिले। पोटका विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को 1,0709 0 वोट मिले जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा को 80118 वोट से संतोष करना पड़ा। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को 1,35421 वोट मिले जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा को मात्र 66774 वोट से संतोष करना पड़ा। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 1,34,317 वोट मिले।

# झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही केंद्र सरकार: कल्पना सोरेन

- झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में बोड़ाम में कल्पना सोरेन ने की सभा
- भारी बारिश के बावजूद आई हजारों की भीड़ देख कल्पना सोरेन गदगद दिखी
- खराब मौसम के चलते बहरागोड़ा नहीं जा पायी कल्पना सोरेन, वापस लौटीं




बोड़ाम में ऐसे हुए कल्पना सोरेन का स्वागत और बोड़ाम की चुनावी सभा में तीर-धनुष के जरिए कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते कल्पना सोरेन। साथ में विधायक मंगल कालिंदी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटमदा।** जमशेदपुर संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन के तहत झामुमो प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के समर्थन में बुधवार को हेलीकॉप्टर से बोड़ाम हाट तोला मैदान में पहुंची पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्म पत्नी कल्पना सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां के गरीब असहाय लोगों को सर्वजन पेंशन, अबुआ आवास जैसे कई योजनाओं से लाभांवित किया है। राज्य के विकास कार्य को देखकर विरोधियों को रास नहीं आया और उनके खिलाफ षड्यंत्र रचते हुऐ जेल में भेज दिया।

उन्होंने समीर मोहंती को भारी मतों से विजयी बनाकर दिल्ली भेजने का काम करें। जिससे इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बने। जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि दिवंगत सांसद सुनील महतो के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए समीर मोहंती को चुनाव में जिताएं।

विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार पटमदा बोड़ाम के लोग फिल्टर का पानी पी सकेंगे। इसके लिए जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने 228 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। जिसका काम तेजी से चल रहा है। कहा कि सभा में भारी बारिश के बावजूद आई हजारों की भीड़ देख कल्पना सोरेन गदगद दिखे कि बोड़ाम में सरकारी डिग्री कॉलेज व माचा में बंद पड़े सीएचसी भवन को चालू करवाने का काम किए हैं। उन्होंने 25 मई को तीर कमान निशान पर बटन दबाकर समीर मोहंती को भारी मतों से चुनाव में जिताने की अपील की। ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने भी राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए समीर मोहंती को एक मौका देने की अपील की।

मौके पर विधायक मंगल कालिंदी, सविता महतो, जिला पार्षद पूर्णिमा मल्लिक, ललित महतो, कांग्रेस के जिला सचिव अमित श्रीवास्तव, चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, खगेन चंद्र महतो, अजय रजक, माणिक मल्लिक, अश्विनी महतो, भगवान सिंह, शैलेंद्र सिंह, किशनलाल महतो, हिमांशु महतो, बृंदावन दास आदि मौजूद थे। सभा में भारी बारिश के बावजूद आई हजारों की भीड़ देख कल्पना सोरेन गदगद दिखे। वहीं मौसम खराब होने से हेलीकाप्टर उड़ान नहीं भर पायी थी।

## विकास कार्यों में कभी नहीं देखा कोई समाज विशेष : बिद्युत बरण



पांच सितारा होटल में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो।

- भाजपा प्रत्याशी बिद्युत महतो के समर्थन में सामाजिक संगठनों ने की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा अंतर्गत विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठक गोलमुरी स्थित होटल विवांता में सम्पन्न हुई। मंगलवार को सामाजिक संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में जमशेदपुर के सांसद बिद्युत महतो मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान सभी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बिद्युत महतो को अपना समर्थन देने की बात कही गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह भी मौजूद रहे। मौके पर सांसद बिद्युत महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी समाज का सम्मान करते हुए हिंदू समाज को एकजुट कर रहे हैं। जब सारा देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था उस समय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनता की सेवा में लगे थे। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ राजनीति नहीं करती बल्कि समाज सेवा भी करती है। सांसद बिद्युत महतो ने कहा कि उन्होंने अधिकतर समाज के सुविधा के लिए टाटानगर से विभिन्न ट्रेन चलाई है। उन्होंने विकास के कार्यों और जनता की समस्याओं के समय कभी समाज विशेष को नही देखा। पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में सभी समाज को प्राथमिकताओं में रखकर उनके विकास और हितों की चिंता की। उन्होंने कहा कि 25 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें। इंडी गठबंधन के पास मोदी हटाओ के अलावे कोई मुद्दा नही है। बिद्युत महतो ने कहा कि आगे भी वे समाज की सभी आवश्यकताओं में पूर्ण रूप से तत्पर होकर कार्य करेंगे।

बैठक में सामाजिक संगठन से जुड़े कई लोगों ने अपनी बातों को विस्तारपूर्वक रखते हुए सांसद बिद्युत महतो से सीधा संवाद किया। इस दौरान सांसद बिद्युत महतो ने बैठक में शामिल विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, पुर्वी विधानसभा के सर्वसमाज के द्वारा सांसद बिद्युत महतो का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक को भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। बैठक में स्वागत भाषण भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी एवं मंच संचालन पवन अग्रवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन भूपेंद्र सिंह ने किया।

## टाटा मोटर्स के कर्मियों को फिर मिलेगा मल्टी स्किल बेनेफिशरी प्लान का लाभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर तमाम कर्मचारी साथियों को यह जानकारी दी है कि टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन द्वारा लगातार कोविड के बाद से मल्टी स्किल बेनेफिशरी प्लान जो कि मजदूरों के तकनीकी विकास एवं दक्षता को बेहतर बनाने के लिए चलाई जाती थी पुनः इस स्कीम का फायदा कर्मचारियों को दिया जाये।

इसकी मांग जमशेदपुर स्तर पर एवं मुंबई बोर्ड से लगातार की जा रही थी जिसके परिणाम स्वरूप आज प्रबंधन ने मल्टी स्किल टाटा मोटर्स के कर्मचारियों को देने का निर्णय लिया गया है। इस स्कीम को पुनः लागू किये जाने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महामंत्री आर के सिंह ने कहा हम लगातार विभिन्न मॉडल एवं विभिन्न ऊर्जा स्त्रोतों से चलने वाली गाड़ियों का निर्माण टाटा मोटर्स जमशेदपुर में कर रहे हैं।

ऐसे समय में हमारे कर्मचारी और दक्ष हो इसके लिए यह कार्यक्रम बहुत ही आवश्यक रही है। उन्होंने टाटा मोटर्स प्रबंधन को इसके लिए धन्यवाद दिया। अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने प्रबंधन को साधुवाद देते हुए कहा इस स्कीम से कर्मचारियों के बीच उत्साह बढ़ेगा और बेहतर कार्य करने की दक्षता भी उनमें आयेगी।

## मोदी सरकार में देश का बढ़ा मान व सीमाएं हुई सुरक्षित : तेजस्वी सूर्या

- भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के नमो युवा सम्मेलन में गरजे भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या
- जमशेदपुर के युवा स्वाभिमानी, लौहनगरी की मिट्टी है प्रेरणादायी : तेजस्वी सूर्या

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने बुधवार को कहा कि यह चुनाव राष्ट्र रक्षा और विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने का है। नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर ही विकसित भारत की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सकता है। 2014 से पहले हिंदू त्योहारों पर बम धमाके होते थे, लेकिन अब आतंकवादी मोदी का नाम सुनकर थरथर कांपते हैं। उपरोक्त बातें भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बेंगलुरू दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या ने कही। वे बुधवार को भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के द्वारा बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के सभागार में आयोजित नमो युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में युवाओं को बूथ जीता तो चुनाव जीता के मंत्र दिये गये। वहीं, युवाओं ने अपना मत राष्ट्र हित में करते हुए भाजपा के पक्ष में समर्थन करने का संकल्प लिया।



तुलसी भवन में भाजयुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते तेजस्वी सूर्या।

## ईचागढ़ विस क्षेत्र में भाजपाइयों ने निकाली बाइक रैली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चांडिल।** रांची लोकसभा के एनडीए गठबंधन प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में बुधवार को पूरे विधानसभा क्षेत्र में अलग अलग दल बनाकर भाजपा कार्यकताओं ने बाईक रैली निकालकर लोगों से वोट देने की अपिल किया।



कुकड़ू प्रखंड में ओड़िया गांव से निकाली गई रैली तिरूलडीह में समाप्त हुआ। नीमडीह पश्चिमी मंडल की बाईक रैली झिमड़ी से शुरू होकर नीमडीह प्रखंड मुख्यालय रघुनाथपुर में समाप्त हुआ। नीमडीह पूर्वी मंडल की बाईक रैली चालियामा से शुरू कर रघुनाथपुर में समाप्त हुआ। चांडिल मध्य मंडल की बाईक रैली चांडिल पीएचडी मोड़ से शुरू होकर चिलगु में समाप्त हुआ।

चौका मंडल की बाईक रैली उरमाल से शुरू होकर चिरुगोड़ा में समाप्त हुआ। ईचागढ़ की बाईक रैली पुरानडीह, बांदू एवं मिलन चौक से शुरू होकर रुगड़ी बाजार में समाप्त हुआ। इस मौके पर महेश कुंडू, खोगेन महतो, मनोज महतो, बलराम महतो, सच्चिदानंद महतो, मकर महतो, रामकृष्ण महतो, दिवाकर सिंह, सुमन मुखर्जी, आकाश महतो, सरदीप लायक, भीम सिंह मुंडा, प्रभात पोद्दार, मधुसूदन बनर्जी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## फीता काटने वाला नहीं, जमीन से जुड़ा जनप्रतिनिधि चाहिए : मनोज मिश्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रोटी बैंक एवं झारखण्ड मानवाधिकार संगठन जेएचआरसी ने संयुक्त रूप से शहर के अनेक हिस्सों मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और लोगो से बढ़ चढ़ कर मतदान मे भाग लेने की अपील की। टेल्को, बिरसानगर, बागुननगर, सिदगोड़ा, एग्रीको, लक्ष्मी नगर, जेमको सहित आस पास के अनेक क्षेत्रों मे संगठन ने सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और लोगो से मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए




संगठन प्रमुख मनोज मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र के विकास को लेकर अपने जनप्रतिनिधि से ना सिर्फ संवाद करें बल्कि उनसे सवाल भी करें, और हिसाब भी मांगे, यह हमारा कानूनी अधिकार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधि ने अपनी पहचान फीता काटने वाले एवं मुख्य अतिथि के रूप मे कार्यक्रमो मे भाग लेने वाले नेता की बना रखी है, जिस कारण जनता अपनी मूलभूत अधिकार को लेकर संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें फीता काटने वाले जनप्रतिनिधि की जरुरत नहीं है, बल्कि जमीन मे उतर कर जनता की हितों की रक्षा करने वाला एवं विकास से जुड़े मुद्दे पर काम एवं संघर्ष करने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोट मांगने आने वाले प्रत्याशी से अपने क्षेत्र के विकास को लेकर खुल कर बात करें। उनसे सवाल भी करें और अपनी शिकायत भी बताए। मनोज मिश्रा ने कहा कि सोच समझ कर अपना मतदान करें, क्युकि हर एक वोट देश के नव निर्माण के लिए है। आज के कार्यक्रम मे मनोज मिश्रा के साथ किशोर वर्मा, गुरमुख सिंह, रेणु सिंह, सलावत महतो, डी एन शर्मा, ऋषि गुप्ता, जगन्नाथ महंथी, अभिजीत चंदा, अनीमा दास, देवाशिश दास, निभा शुक्ला, निखिल झा सहित अनेक सदस्य शामिल थे।

# पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए राज्यों से नहीं मिल रहा है सहयोग : तेली

- केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने इंडी गठबंधन को बताया लूट का संवाहक
- कहा- पिछले बार से अधिक मतों से विजयी होंगे बिद्युत महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार से तय होती हैं। वहीं हर प्रदेश में इस पर अलग-अलग वेट टैक्स लगता है। इसके चलते सभी प्रदेशों में कीमतों में अंतर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा है कि पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में ले आएं, इससे पूरे देश में इनकी कीमत एक समान हो जाएगी। केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर अपने हिस्से के उत्पाद शुल्क में कटौती की परंतु झारखंड सरकार ने अपने हिस्से के शुल्क में कोई कटौती नही की है। उपरोक्त बातें केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस एवं श्रम और रोजगार राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने कही। वे बुधवार को जमशेदपुर दौरे पर आने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने में कई राज्यों की सरकारें रोड़ा बनी हुई हैं, क्योंकि वे जीएसटी काउंसिल के सदस्य हैं। वे नहीं चाहते कि ऐसा हो। केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने कहा कि इंडी गठबंधन नरेंद्र मोदी के द्वारा भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई से बचने के लिए और सत्ता में आने के लिए कुछ भी घोषणाएं और वादे कर रहे हैं। उन्होंने झारखंड की झामुमो-कांग्रेस और राजद सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरे राज्य में भ्रष्टाचार के नये कीर्तिमान से झारखंड की छवि पूरे देश में धूमिल हुई है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली।

## जमशेदपुर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर जिला में 25 मई को होने वाले चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निष्पादन करने हेतु पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में सीतारामडेरा, साकची, मानगो, आजादनगर, उलीडीह, जुगसलाई एवं विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

## स्पीड न्यूज

### तमिलनाडु में युवक की मौत



**चैनपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के कंकारी के राजदेव चौधरी का पुत्र सकेंद्र चौधरी (33) की तमिलनाडु के पेलंबलूर स्थित एमआरएफ टायर फैक्ट्री में मौत हो गयी। मंगलवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है कि 19 मई को फोन पर परिजनों को सूचना मिली कि सत्येंद्र की तबीयत अचानक ज्यादा खराब हो जाने से मौत हो गयी। घर पर पत्नी व दो बेटे हैं। कंकारी मुखिया पति शिव चौधरी व गांव के अन्य लोगों के सहयोग से मजदूर का शव चेन्नई से लाया गया व उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### 10 दिनों से लापता है छिपादोहर का युवक, परिजन कार्रवाई से हैं असंतुष्ट



**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के छिपादोहर निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा का बेटा राकेश उर्फ मोनू (25) पिछले 12 दिनों से लापता है। डब्लू ने विश्रामपुर थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था लेकिन अभी तक मोनू का कोई सुराग पुलिस को भी नही मिला है। इधर मोनू के परिजन किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए गम में डूबे हुए है। परिजन पुलिसिया कार्रवाई से भी संतुष्ट नहीं हैं। बताते चलें कि पिछले दस मई को मोनू घर से निकला था लेकिन वह आज तक घर वापस नहीं लौटा। इधर मोनू की तलाश में उसके माता पिता दर दर की ठोकर खा रहे हैं।

### महाराष्ट्र के बर्धा में सतबरवा के युवक की वाहन दुर्घटना में मौत, गांव में मातम



**सतबरवा पलामू।** महाराष्ट्र राज्य के वर्धा में बाइक से काम करके अपने आवास पर लौटने के क्रम में बीते 19 मई की रात्रि में प्रखंड क्षेत्र के करमा गांव के मेराजुल अंसारी के पुत्र शोएब (24) की मौत वाहन की चपेट में आने से हो गयी। इसके पूर्व में राहुल वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। डॉक्टर ने बचने की उम्मीद कम होने की बात बताते हुए युवक को फर्स्ट ऐड करके घर ले जाने की सलाह दी थी। एंबुलेंस से घर आने के दौरान रास्ते में ही रांची में युवक की मौत हो गयी।

### सड़क हादसे में बाइक के धक्के से सिंचाई विभाग के कर्मचारी की मौत



**चैनपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के तलैया बभंडी गांव में बाइक के धक्के से जख्मी शंकर चंद्रवंशी (55) की सोमवार की रात रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। सोमवार देर शाम शंकर बाइक से धक्का लगने से जख्मी हो गये थे। गंभीर स्थिति में रांची रिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के क्रम में मौत हो गयी। मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने बताया कि शंकर चंद्रवंशी सिंचाई विभाग में कार्यरत थे। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंच परिजनों को सहयोग करते हुए जख्मी को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में भर्ती कराया था।

### पूर्व मंत्री सुधा चौधरी के घर में चोरों ने किया चोरी करने का प्रयास


**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटिका डालमियां कैंपस स्थित पूर्व मंत्री सह छतरपुर पाटन विस क्षेत्र के पूर्व विधायक सुधा चौधरी के घर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। इस मामले में पूर्व मंत्री श्रीमती चौधरी ने शहर थाना को सूचना दी है। उन्होंने कहा कि 13 मई को सपरिवार मतदान करने के बाद रांची चले गये थे। घर पर कोई नहीं था। जब 20 जून की रात्रि में वापस लौटे तो पाया कि मेन गेट का लाईट जला हुआ है। जबकि लाईट को बुझाकर ही गये थे। इसपर संदेह हुआ तो बॉडीगार्ड द्वारा मेन गेट का ताला खोलकर अंदर प्रवेश किया तो पाया कि जो बैठक रूम में उसका ताला तोड़ा गया है।

### इप्टा के नाट्य कार्यशाला में पहुंचे निखज



**मेदिनीनगर।** इप्टा पलामू द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की गतिविधियों के दौरान 15 से 25 मई तक नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला के छठे दिन इप्टा कार्यालय की कार्यशाला में सीआईएसएफ बटालियन कमांडेंट राकेश निखज, असिस्टेंट कमांडेंट सतीश कुमार, एस आई जय सिंह गुज्जर एवं होटल रमाडा के जीएम फरेश सोनी सहित बटालियन के जवान उपस्थित होकर कार्यशाला में भाग ले रहे बच्चों को प्रोत्साहित किया। यहां बताते चलें कि राकेश निखज सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले बच्चों एवं नौजवानों की शिक्षा एवं व्यक्तित्व के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहते हैं। उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों में 11 जगह पर छात्रों एवं छात्राओं के लिए लाइब्रेरी की स्थापना की है। अंत में इप्टा के अध्यक्ष प्रेम भसीन ने अतिथियों को स्मृति चिह्न एवं इप्टा द्वारा तैयार कविता व संवाद पोस्टर प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर उपेंद्र कुमार मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, रवि शंकर, अजीत, गोविंद प्रसाद, राजीव रंजन, भूपेश कुमार शर्मा सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

### एके सिंह कॉलेज जपला में विवि स्तरीय सेमिनार



**हुसैनाबाद पलामू।** ए के सिंह कॉलेज जपला के प्रांगण में आइक्यूएसी, राजनीति विज्ञान तथा समाजशास्त्र विभाग ने विवि स्तरीय सेमिनार आयोजित किया। अध्यक्षता प्राचार्य सह आईं क्यूएसी अध्यक्ष प्रो सूर्यमणि सिंह ने की तथा संचालन प्रो राजेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ वीरेंद्र कुमार विभागाध्यक्ष विवि समाजशास्त्र विभाग नीलांबर पीतांबर विवि, विशिष्ट अतिथि भास्कर कुमार सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग एसएसजेएसएन कॉलेज गढ़वा, प्रो राजमोहन, प्रो रोहित कुमार, प्रो पंकज सिंह, प्रो जमशेद आलम, प्रो राजमुनि उराव, प्रो जयलेश गुप्ता, प्राचार्य सूर्यमणि सिंह आदि उपस्थित थे।

# पद पर हैं या नहीं, हमेशा क्षेत्र के लिए मैं काम करती रहूंगी : अरुणा शंकर

›› जरूरत पड़ी तो और भी बढ़ेंगे टैंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर चिलचिलाती धूप में वार्ड नंबर 2, 3, 9 और 14 में दौरा कर निगम द्वारा कराये जा रहे टैंकर से पानी की सप्लाई का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि पहले लगभग डेढ़ सौ टैंकर पानी की सप्लाई निगम द्वारा की जा रही थी। आज से कई वार्डों में पानी की सप्लाई बढ़ाकर निगम द्वारा 200 टैंकर कर दी गयी, लेकिन हर वार्ड में पानी का टैंकर इस भीषण गर्मी में पहुंचना जरूरी है कहीं कागज में ही बढ़ा कर ना छोड़ दिया जाए। जिसकी निगरानी करने में आयी हूं और हर वार्ड में जाऊंगी।





**...और क्या बोलीं प्रथम महापौर :** प्रथम महापौर ने कहा कि जरूरत पड़ी तो मैं नगर आयुक्त से बात कर और भी पानी के टैंकर की व्यवस्था करूंगी जिससे लोगों को राहत मिल सके। प्रथम महापौर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सभी पार्षद अपने क्षेत्र में पानी बंटवाने में सक्रिय नजर आये। एक सवाल के जवाब में कहा कि जब मुझे निगम के लोगों ने नगर माता बनाया तो मेरा भी कर्तव्य होता है कि सभी छोटी-छोटी चीजों का सदैव ख्याल रखें चाहे पद पर हूं या ना हूं। ऐसे भी हिंदू संस्कृति में कहा जाता है कि पानी पिलाना पुण्य का काम होता है तो मैं भी कोशिश कर रही हूं किसी का कंठ सूखा न रहे। साथ ही सबों को घर के कामकाज के लिए पानी उपलब्ध हो सके। प्रथम महापौर ने कहा कि महिलाओं को अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है क्योंकि घर का हर काम पानी के बिना अधूरा होता है।

# जांच करने पर कई हजार करोड़ का भ्रष्टाचार होगा उजागर: डॉ शशिभूषण

- ईडी ने कोर्ट में जिन टेंडरों में मंत्री को कमीशन मिलने का सबूत पेश किया उसमें एक संवेदक पांकी विस क्षेत्र के हैं अनुप जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ई.डी. ने कोर्ट के समक्ष जिन टेंडरों में मंत्री को कमीशन मिलने का सबूत पेश किया है, उनमें से एक संवेदक पाँकी विधानसभा क्षेत्र के निवासी अनूप जयसवाल का नाम भी अंकित है। यह वही अनूप जयसवाल है जो पांकी के ठेकेदार पूर्व विधायक का पेटी कॉन्ट्रेक्टर है। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि ठेकेदार विधायक की कंपनी मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन्स के सभी कार्यों को इसी अनूप जयसवाल के द्वारा कराया जाता रहा है। अनूप जयसवाल के द्वारा पैसों का लेन-देन किया जाता है।



इन ठेकेदारों की कमीशनखोरी और विकास कार्यों की राशि में लूटपाट का नतीजा है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में इन दोनों ठेकेदारों के द्वारा बनाई गई सड़कें, पुल, एकलव्य विद्यालय, मनातू, आवासीय बालिका विद्यालय, तरहसी के भवन बनते के साथ जर्जर हो गए हैं। डाल्टनगंज-लेस्लीगंज-पांकी (डीएलपी) जैसे महत्वपूर्ण पथ का टेंडर भी कमीशनखोरी के द्वारा मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन्स मिलने का नतीजा है, सड़क बनते ही उखड़ने लगी। सड़क बनकर पूरी भी नहीं हुई, और ठेकेदार विधायक को जहां-तहां उखाड़कर मरम्मत करना पड़ा, जो आजतक किया जा रहा है। विधायक डा मेहता ने कहा कि सरकार और ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारियों को कई बार इन भ्रष्ट संवेदकों के खिलाफ जांच करने और इन्हें कोई नया कार्य नहीं देने के लिये पत्राचार किया गया। परन्तु जहां कमीशनखोरी हावी हो वहां जायज शिकायतें भी गौण हो जाती हैं। अगर ई.डी. जांच का दायरा बढ़ाकर नामित अनूप जयसवाल और उससे संबंधित ठेकेदार पूर्व विधायक के खिलाफ जांच करे, तो निश्चित ही कई बड़े राज खुलेंगे। कई हजार करोड़ के भ्रष्टाचार के राज उजागर होंगे।

# अब संघर्ष समिति बचायेगी सरकारी जमीन : विधायक

- भू माफिया सरकारी जमीन पर करा रहा अवैध निर्माण, विधायक ने रुकवाया काम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय खाता 124 प्लॉट 583 रकवा 3 एकड़ 31 डीस्मील है। जिस पर सरकारी अस्पताल अवस्थित है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत सचिवालय के बीच में एक भवन निर्माण का काम कराया जा रहा है। निर्माण काम लेस्लीगंज का मो सरफराज करा रहा है। जिसपर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा मेहता ने आपत्ति दर्ज करायी है। उन्होंने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत अंचल एवं लेस्लीगंज थाना से की है। साथ ही निर्माण काम को अविलंब रोक कर दोषी पर कार्रवाई को कहा। विधायक की शिकायत पर अंचल निरीक्षक महेंद्र राम निर्माण स्थल पर आकर काम को बंद कराया है। विधायक ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में जमीन माफिया सरकारी जमीन को हड़पने का मामला विधानसभा में चल रहा है। इस बीच सरकारी जमीन पर निर्माण उचित नहीं है। इस दौरान निर्माणकर्ता ने पवित्र पीपल का पेड़ काट दिया है। पीछे जाने का रास्ता बंद कर दिया है। अस्पताल एवं बाजार की जमीन सरकारी है। उसे कोई यूं ही हथिया नहीं सकता। इसे लेकर वे गुरुवार को बाजार बचाचाओ संघर्ष समिति बनायेंगे। निर्माण स्तर पर गुरुवार को ढोल नगाड़ा के साथ भजन कीर्तन होगा। किसी कीमत पर सरकारी जमीन भूमाफियाओं को लूटने नहीं देंगे। इधर निर्माण करा रहे मोहम्मद सरफराज ने कहा कि जमीन का खाता संख्या 124 प्लॉट 583संख्या है। जो मेरा निजी जमीन है।



विधायक की शिकायत पर काम रुकवाते अंचलकर्मी।

# चार को महागठबंधन के छुटभैये से बड़े नेता की होगी बोलती बंद : शिव कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता शिव कुमार मिश्र ने पलामू संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम के जीत का दावा किया है। श्री मिश्रा ने कहा है कि मत गणना तिथि की उलटी गिनती शुरू हो गयी है। चार जून को इसका खुलासा भी हो जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी श्री राम भारी मतों के अंतर से पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतेंगे। श्री मिश्रा ने कहा कि 13 मई को पलामू लोकसभा का मतदान संपन्न होते ही महागठबंधन में शामिल दलों के छुटभैये से बड़े नेता तक अपने गली-मोहल्ले, चौक-चौराहा, कचहरी गलियारे में जातीय समीकरण का ढिंढोरा पीट पीट कर अपने मन मुताबिक जोड़-घटाव नफा-नुकसान का हिसाब लगाकर चुनाव जीतने का बड़बोलेपन बयान देकर डीगे हांक रहे थे। अब जैसे-जैसे मतगणना तिथि नजदीक आ रही हैं उनकी बोलती बंद होती जा रही है। शायद अब उन्हें मतदाताओं के फीडबैक में जमीनी स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी जी का इंटरनल करंट के हकीकत का एहसास हो गया होगा।

### भारी मतों के अंतर से चुनाव जीतेंगे बीडी राम



पूरे पलामू लोकसभा क्षेत्र के 99% बूथों पर पड़े वोटो में ज्यादा या कम हो सकता है, मगर प्रत्येक बूथो पर सभी जातियों का समर्थन मोदी जी या बीजेपी को मिला है इसलिए मैं पूरे दावे एवं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि पलामू निर्वाचन क्षेत्र से 4 जून को भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम भारी बहुमत से चुनाव जीतने वाले हैं। महागठबंधन के नेतागण घर बैठकर जातियों के समीकरण बैठाकर मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखते रह जाएंगे। विगत वर्ष 2014 एवं 2019 चुनाव में वोटो की गिनती शुरू होते ही पहले चक्र की मतगणना से मिलती गई बढ़त लगातार बढ़ती चली गई थी जिससे मार्जिन भी बड़ा हो गया था। वही हाल इस बार 2024 में भी होने वाला है। खोखले दावे एवं कोरे बयान बाजी करने वाले नेतागण 4 जून को मतगणना शुरू होते ही हताश होकर उलूल जूलूल बकवास करने लगेंगे जात बिरादरी को कोसने लगेंगे और अंत में पहले के तरह ही इवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ेंगे एवं जनमानस से अपने आप को छुपते छुपाते नजर आएंगे। बयान बाजी करने के लिए कोई सामने नहीं आयेगा।

### जल्द राशि भुगतान करायें उपायुक्त : धर्मराज मिश्र

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा चुनाव में चुनाव कार्य में लगाए गए चुनाव कमी को अभी तक राशि का भुगतान नहीं किया गया है। राजस्व उप निरीक्षक संघ पलामू के अध्यक्ष धर्मराज मिश्र ने कहा कि प्रशिक्षण में बताया गया था कि पैठासीन पदाधिकारी को 2500 रुपया एवं मतदान कर्मी को दो हजार रूपये चुनाव की तिथि से पूर्व भुगतान कर दिया जाएगा लेकिन चुनाव कार्य संपन्न करने के बाद भी अभी तक यह राशि का भुगतान नहीं किया गया। इससे सभी कर्मी उदास और हताश हैं। लोकसभा चुनाव 2024 का एक ग्रुप मास्टर ट्रेनर का है इसमें तीन बार मैसेज भेजा गया कि राशि का भुगतान शीघ्रता शीघ्र किया जाए लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। इसमें नोडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी भी इस ग्रुप में शामिल हैं। श्री मिश्र ने उपायुक्त शशि रंजन से आग्रह किया है कि चुनावकर्मियों का बकाया राशि का भुगतान जल्द हो।

### टीएसपीसी के कमांडर नगीना समेत 15 नक्सलियों पर पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**मेदिनीनगर।** नौडिहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया खुर्द में 20 मई की रात्रि में टीएसपीसी के जितेंद्र सिंह के साथ कमांडर नगीना, गौतम व अन्य हथियार बंद नक्सलियों ने लल्लू सिंह के घर पहुंचकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें लल्लू सिंह के पुत्र एवं उनके गोतिया परिवार सगे संबंधी समेत पांच से अधिक लोगों को मारपीट कर जख्मी कर दिया था। इस मामले में नौडिहा बाजार थाना में 15 नक्सलियों के विरूद्ध मारपीट करने एवं 17 सीएल एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में पुलिस जुट गयी है।

# भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरेश्वर सिंह ने झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरेश्वर सिंह ने झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी को एक पत्र लिखा है। जिसके माध्यम से उन्होंने अपनी सुनायी है।

उन्होंने पत्र के माध्यम से जिक्र किया है कि निश्चित तौर पर यह उपयुक्त समय नहीं है। पर राजनीति में कुछ ऐसी परिस्थिति बन जाती है, जब दलहित में कुछ बातों को कहना पड़ता है। अपनी निजी व्यथा के पहले मैं कुछ वैसी घटना की चर्चा, आपसे करना चाहूंगा, जिसका दल के सेहत पर काफी प्रतिकुल असर पड़ रहा है। इच्छा तो थी आपसे समय ले कर आपके समक्ष इन बातों को विस्तार से रखे पर चुनावी व्यस्तता में यह संभव नहीं है। बात आप तक पहुंचाना भी जरूरी है, इसलिए मैने आपसे संवाद करने का यह रास्ता चुना है। यदि इसमें कोई गलती हो तो क्षमा करेंगे। आशा है आप मेरी इस भावना को समझेंगे और हम जैसे समर्पित कार्यकर्ता को उचित मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से वंचित नहीं रखेंगे।



महोदय, यह सर्वविदित है झारखंड भाजपा का परंपरागत गढ़ रहा है। जब पूरे देश में कांग्रेस की मजबूत स्थिति रहती थी तब भी भाजपा यहां मजबूत हुआ करता था। आज हमलोगों के पास श्री नरेंद्र मोदी जैसा करीश्माई नेतृत्व है। जनता के आशा, विश्वास के केंद्र बिंदू श्री मोदी है। हम सभी 400 पार के नारे को पाने के लिए सक्रियता के साथ लगे है। लेकिन आज जो अखबार में देखने को मिला वह तो हतप्रभ करने वाला था। चुनावी समर के बीच धनबाद के विधायक राज सिन्हा सहित कई मंडल अध्यक्षों से स्पष्टीकरण मांगा गया। पूर्व सांसद जंयत सिन्हा से हजारीबाग में चुनाव के बाद एक ऐसे मामले को लेकर शो काज किया जा रहा है, जिसका कोई अर्थ नजर नही आ रहा है। मुझे जो लगता है विधायक और मंडल अध्यक्ष से शो काज पार्टी का आंतरिक मामला है, पर जिसे इस तरह पार्टी के प्रदेश महामंत्री द्वारा जारी किया जा रहा है, इसमें दलहित कम तानाशाही अधिक नजर आ रहा है। चुनाव के बीच आखिर इस तरह की कार्रवाई से क्या संदेश जायेगा? इसका मतलब तो यह भी है कही न कही कोई ऐसी शक्ति झारखंड में दल के अंदर काम कर रहा है जो मोदी जी के मिशन में झारखंड की भागीदारी को कम करना चाहता है। हो सकता है, ऐसे पदाधिकारियों के क्रियाकलाप के कारण दल का खराब प्रर्दशन ही भविष्य में वैसे लोगों के उदय का कारण बने।

## कर्नल संजय ने भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों का जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज (पलामू)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने बुधवार को हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत ढकचा सलैया सरसोत खड़गपुर आदि पंचायतो का दौरा कर भाजपा कार्यकर्ता व समर्थकों का आभार जताया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि छः विधानसभा क्षेत्र में बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख एवं पंचायत अध्यक्ष के संयुक्त एक्जिट रिपोर्ट के आधार पर पलामू संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बिष्णु दयाल राम भारी मतों से जीत हासिल करेंगे और अबकी बार चार सौ पार के नारे को पूरा करते हुए चार जून को मोदी जी पुनः प्रधानमंत्री का शपथ लेने जा रहे हैं। देश में विकास का गति जारी रहेगी और बाकी अधूरे कार्य भी पूरे किये जायेंगे। हम सभी मतदाताओं और कार्यकताओं के आभारी हैं। मौके पर घन श्याम शर्मा, सतेन्द्र चन्द्रवंशी, उमेश साव, विनय सिंह, आशीष कुमार, चंद्र भुषण सिंह आदि मौजूद थे।

## 10वीं के टॉपरों को किया गया सम्मानित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा संचालित बेलचंपा ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य दीपक तिवारी व संचालन वरीय शिक्षक अजीत तिवारी ने किया। समारोह में दसवीं के टॉपर छात्र छात्राओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अमित ने कहा कि भविष्य में यह सम्मान बच्चों को और भी बेहतर करने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य दीपक तिवारी ने बताया कि 11वीं की पढ़ाई स्कूल में नियमित रूप से जारी है।

### भाजपा नेता विनय भुइयां की आकस्मिक मौत



**पाटन पलामू।** प्रखंड के कांके कला में भाजपा नेता सह समाजसेवी विनय भुइयां की आकस्मिक मौत हो गयी। मौत की खबर पाकर भाजपा नेताओं व गणमान्य लोग पहुंचकर शोक व्यक्त किया। पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार विनय भुइयां के दाह संस्कार में शामिल होकर इस घटना पर शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने मृतक के परिजन से मिलकर संकट की घड़ी में ढाढ़स बंधाया। कहा कि हम मृतक के परिजनों के साथ हैं। स्व विनय भुइयां के दाह संस्कार में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र प्रसाद यादव ,कांके कला पंचायत समिति पति संतोष पासवान, सुनील पांडे, कमलेश पांडे, सिकंदर पांडे, सचिता पांडे, अशरफ अंसारी, मुमताज अंसारी, पेरू मेहता, सुरेंद्र राम, नारद राम, विश्वनाथ राम सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल होकर दुख व्यक्त किया।

# प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता में रोटरी स्कूल चैनपुर का छात्र प्रियांशु सिंह का चयन

- प्रेरणा स्कूल बड़नगर गुजरात द्वारा आयोजित था जिला स्तरीय द्वितीय चरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रेरणा स्कूल बड़नगर गुजरात के द्वारा मेदिनीनगर के जवाहर नवोदय विद्यालय में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव 2024 प्रतियोगिता का अयोजन 22 अप्रैल को किया गया था जिसमे पलामू जिला के विभिन्न विद्यालयों के 50 छात्र/ छात्राएं सम्मिलित हुईं। चर्चा का विषय था विकसित भारत, मुझे प्रेरणा के लिए क्यों चुना जाय, भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण। जिसमे रोटरी स्कूल के दसवीं कक्षा का छात्र पलामू जिले से चयनित हो कर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रौशन किया। ज्ञातव्य हो कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निदेर्शानुसार चयनित छात्र को एक सप्ताह के लिए विद्यालय के शिक्षक के साथ प्रेरणा स्कूल बड़नगर गुजरात भेजा जाएगा। साथ जानें वाले शिक्षक अपने विषय के किसी एक अध्याय पर पाठ योजना तैयार कर के जायेंगे जिसका सम्बन्ध मूल्य के एकीकरण से होगा। विद्यालय के चैयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने अपने सन्देश में चयनित छात्र के लिए मंगल कामना व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी स्कूल में ऐसे ऐतिहासिक पल प्रारम्भ से आते रहे है। अंतर्राष्ट्रीय रोटरी क्लब का छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ यह गर्व की बात है। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पांडेय ने इस सफलता पर काफी हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रियांशु सिंह के इस सफलता से हम गौरवान्वित है। प्रारंभ से ही इस विद्यालय के छात्र/छात्राएं अच्छे मुकाम पा कर विद्यालय के साथ साथ अपने अभिभावक तथा समाज का नाम रौशन कर रहे है तथा देश सेवा में अपना योगदान दे रहे है। हम लगातर एकेडमिक में सुधार ला कर गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के प्रयास में लगे है जिससे अधिक से अधिक बच्चे आगे बढ़ें और देश के योग्य नागरिक बन राष्ट्र हित में कार्य करें।

# आज मनेगी आनंद पूर्णिमा

## बच्चों ने निकाली शोभायात्रा, 300 से अधिक लोगों को कराया गया नारायण सेवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार 23 मई को आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरू श्री श्री आनंदमूर्ति सह श्री प्रभात रंजन सरकार का 103वां जन्मदिवस है। जिसे लेकर आनंदमार्गीयों में काफी उत्साह है। आनंदमर्गियों के द्वारा पूर्व से ही जिले के कई हिस्सों में बाबा नाम केवलम कीर्तन, अन्न दान, वस्त्र दान, मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है।

पूरे हफ्ते सुबह 4:00 बजे आनंदमर्गियों के द्वारा जागृति परिसर से नगर कीर्तन पूरे शहर में निकाला जा रहा है। बुधवार को शहर के कई क्षेत्रों में नारायण सेवा कर करीब 300 लोगों को भोजन कराया गया फिर स्कूली बच्चों ने जागरूकता को लेकर शोभा यात्रा भी निकाली। वरिष्ठ आनंदमार्गी जगरनाथ ने बताया कि1921 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्री श्री आनंदमूर्ति जी का जन्म बिहार के जमालपुर में हुआ था। सभी मार्गी उत्साह से कीर्तन भजन करते है। उसके बाद साधना करते हैं। पूजा खत्म होने के बाद शहर भर में शोभायात्रा निकाल कर धर्म प्रचार किया जाता है। आनंद मार्ग द्वारा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे।



कार्यक्रम के बारे में जानकारी देतीं महिलाएं।

# प्रियंका को देखने उमड़ी भीड़ अगर वोटों में तब्दील हुई तो भाजपा के जीत की राह आसान नही होगी






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** गर्मी और बारिश मौसम की लुकाछिपी के बीच गर्मी से राहत देती हुई बुधवार का दिन कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं को राहत देती हुई भीड़ जुटाने में सफल रही। छोटी छोटी टोलियां झंडे और गाजे बाजे के साथ मेला मैदान परिसर में समाती गई और श्रोताओं की संख्या भी बढ़ती गई। मोटर साइकिल सवार झंडे बेशुमार और नारे असरदार एक बड़ी संख्या में गुजरते रहे और अपने प्रिय नेता के आगमन की प्रतीक्षा भी करते रहे। अपने पूर्व निर्धारित आगमन से बिलंब आने पर भी गुमस वाली गर्मी की परवाह किए बिना भी वक्ताओं को सुनने के लिए जनता शांत भाव से बैठी रही। अल्पसंख्यक मतदाताओं की रुझान और उपस्थिति से कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों के चेहरे खिले हुए नजर आ रहे थे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी इस बदलते हुए मौसम को देख कर कार्यकर्ताओं के तैयारियों को धन्यवाद दिया और मंच पर उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, गुलाम अहमद पीर, महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह, सूरेस पासवान, जिलाध्यक्ष दिनेश यादव का अभिनंदन किया। उनके भाषण के मध्य ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी मंच पर पहुंच गई और प्रियंका गांधी ने एक दूसरे का दामन थामा और अपनी छोटी बहन बताया। अपने व्याख्यान में प्रियंका गांधी ने बाबा बैद्यनाथ ,बाबा बाशुकी नाथ, जोहार झारखंड के साथ मोतिया डुमरिया गांव की एक घटना से जोड़ने का प्रयास किया और अपनी दादी का झुकाव आदिवासियों के लिए बताया। पंडित जवाहर लाल नेहरू से जुड़ी भी एक कहानी सुनाई जो मोतिया डुमरिया से जुड़ी थी।

# जारंगडीह में संवेदकों की बैठक में संचालन कमेटी का हुआ गठन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/जारंगडीह।** जारंगडीह में संवदको की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से संगठन को सशक्त बनाने, संगठन के सदस्यों को वैकेल्पिक रोजगार के तहत काम उपलब्ध कराने और कार्य में पारदर्शिता हो इसके मद्देनजर एक संचालन समिति का गठबंधन किया गया। इसकी अध्यक्षता मो एकराम ने की। यहां संगठन को कैसे मजबूती मिले, इसे लेकर व्यापक विचार सभी सदस्यों ने रखा। वही यह



सर्वस्मममति से तय हुआ कि 15 सदस्यीय एक कोर संचालन समिति का गठन हो। जो कार्य आवंटन के मामले में कोर कमेटी के सामूहिक रूप से सदस्यों से विमर्श कर काम करें। कोर कमिटी में मुख्य रूप से संजय गुप्ता, दिलीप मंडल, देवनारायण यादव, मो शज्जाद, मो एकराम, हाजी यासीन, मो इस्लाम, अनिल कुमार सिंह, मो ऐनुल, मो सरफराज, रामा मंडल, दिलीप यादव, शाहिद रजा, मोहन यादव, विजय कुमार सिंह का सर्वसममति से चयन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेंद्र सिंह, मो नजीर, नितिन कुमार, वारसी अकरम, अजय प्रसाद, मो जियारत अंसारी, मो इफ्तिकार हसन, विकास मंडल, रंजन पांडेय, मुकेश कुमार सिंह, काली राम, गोविंद यादव, विनोद सिंह, मो कमाल, श्यामल आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### साहिबगंज : झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम का लाल बथानी के ग्रामीणों ने किया बहिष्कार



**साहिबगंज।** इन दिनों लोबिन हेंब्रम के द्वारा लगातार राजमहल लोकसभा आम चुनाव को लेकर क्षेत्र में लागातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज साहिबगंज सदर ब्लाक के लाल बथानी मखमलपुर सरपंच टोला गांव पहुंचा जहां पहुंचते हैं उन्होंने अपनी गाड़ी रोक उतर कर पास एक पंचायती चबूतरे पर लगे कुर्सी पर जाकर बैठे। पंचायती चबूतरे पर लोबिन हेंब्रम एवं उनके समर्थक बैठे पर कोई भी ग्रामीण उनसे बात करने तक नहीं पहुंचे। साथ में आए समर्थक के ही सिर्फ भीड़ दीखी जबकि चबूतरे के आसपास गांव के कई लोग बैठे हुए थे लेकिन किसी ने हेंब्रम से बात करना मुनासिब नहीं समझा वहीं लोगों ने कहा कि हम लोग लोबिन को वोट नहीं देंगे उन्होंने सीधा-सीधा बहिष्कार किया है। कहा कि यह किसी भी पार्टी से नहीं है इस कारण से इन्हें वोट हम नहीं देंगे अगर यह किसी पार्टी से होता तो शायद हम लोग सोचते।

### निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह के रोड शो में उमड़ी भीड़, लोगों ने चुनाव जीताने का दिया भरोसा



**बेरमो/फुसरो।** गिरिडीह सीट की सुशासन दल समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह ने बुधवार को फुसरो से गोमिया तक रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं के बारे में जाना। रोड शो फुसरो नप कार्यालय के समीप से निकली जो शहीद निर्मल चौक पहुंचकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर रोड शो का शुभारंभ की। इसके पश्चात मैंन रोड फुसरो, बैंक मोड फुसरो, गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय परिसर में स्वर्गीय कृष्ण मुरारी पांडेय की प्रतिमा, पुराना वीडिओ ऑफिस स्थित प्रस्तावित बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं करगली गेट स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माला पहनाकर आगे बढ़ती गयी। रोड शो में मोटरसाइकिलों में सवार सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। रोड शो के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में एक साधारण नागरिक के रूप में आपके सामने खड़ी हूं, जो आपके दर्द और प्रत्याशियों को समझती है। मेरी प्राथमिकता है शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में सुधार करना,समृद्ध और सशक्त गिरिडीह का निर्माण करना है। मेरा लक्ष्य है कि हम सभी नागरिकों के इस सपने को हकीकत में बदलना। मैं आपकी आवाज बनना चाहती हूं। मौके पर सुशासन दल के प्रदेश अध्यक्ष रामकिंगर पाडेय, संतोष नायक, दिनेश सिंह, कुलदीप प्रजापति, गुलाब किशोर, मिथुन चंद्रवंशी, विजय महतो, बालेश्वर प्रजापति, विवेक मिश्रा, नीतू देवी, सोनी देवी, सुशीला देवी, गीता देवी, शारला देवी, सुमित्रा देवी, मुनकी देवी, रूपा दत्त आदि लोग मौजूद थे।

### चार बच्चे दलालों के चंगुल में फंसने से बचे

**बेरमो/गोमिया।** दरअसल मामला बेरमो अनुमंडल के तेनुघाट ओपी थाना के साड़म पूर्वी पंचायत स्थित करमाटांड़ गांव का है। जहां बीते सोमवार को चारों बच्चे गांव से अचानक गुम हो गए थे। शाम तक बच्चों को घर नही पहुंचने पर परिजन उन्हें ढूंढने निकले। काफी खोजबीन करने के बाद जब बच्चे नहीं मिले, तो परिजनों ने थक-हारकर तेनुघाट पुलिस से बच्चों को ढूंढने की गुहार लगाई। मामला संज्ञान में आते ही तेनुघाट ओपी प्रभारी अजित कुमार सिंह करमाटांड़ गांव पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए। छानबीन करने के पश्चात ओपी प्रभारी सिंह ने उन सभी बच्चों का फोटो जीआरपी बोकारो के साथ साथ कई जगह भेजा। बच्चों का फोटो सक्युर्लेट होते ही पुलिस और जीआरपी हरकत में आ गई और इस तरह पुलिस एवं जीआरपी की मुस्तैदी से बच्चे कलकत्ता में दलालो के चंगुल में फंसने से पहले ही पुलिस की पकड़ में आ गए। बच्चों के कलकत्ता में मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों को हिम्मत आई, और वे फिर गांव के ही समाजसेवी अनिल यादव के नेतृत्व में कलकत्ता के लिए निकल पड़े और बच्चों को घर वापस ले कर आए। जानकारी के अनुसार चारो नाबालिग बच्चे मोबाइल में गेम खेलने के दौरान पश्चिम बंगाल के एक दलाल के चंगुल में फंस गए। दलाल उन बच्चों को अच्छी नौकरी का सब्जबाग दिखाते हुए मोटी सैलरी और रहने का मकान देने का वादा कर कलकत्ता बुला लिया। उधर बच्चे भी दलाल के झांसे में आकर बिना किसी को कुछ बताए अपने घर से चुपचाप कलकत्ता के लिए निकल पड़े। बीते सोमवार को चारो बच्चे अपने अपने घर से निकलकर तेनुघाट में जमा हुए उनमे से एक बच्चा तो स्कूल में क्लास कर सीधे तेनुघाट चला गया। फिर वे लोग वहीं नहर में नहाकर तैयार हुए. बच्चे तेनुघाट से निकलकर बोकारो से धनबाद-निरसा के रास्ते कलकत्ता पहुंच गए। कलकत्ता में जीआरपी पुलिस चारो बच्चों को इधर उधर घूमता हुआ देख पकड़ लिया और पूछताछ के बाद इसकी जानकारी तेनुघाट ओपी प्रभारी को दी। बच्चों के मिलने पर परिजनों के साथ साथ ग्रामीणों ने तेनुघाट ओपी प्रभारी अजित कुमार सिंह के कार्यशैली की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया है।

### अनुपमा सिंह ने ब्रह्मर्षी समाज से मांगा आशीर्वाद



**बेरमो।** झरिया स्थित आर एस पैलेस मे क्षेत्रीय भूमिहार ब्राह्मण सम्मेलन बुघवार को आयोजित की गई।कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जोरदार स्वागत किया गया। सभा में मुख्य रूप से प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने ब्रह्मर्षी समाज के लोगो से आशीर्वाद मांगा। अनुपमा सिंह ने कहा कि समाज के अभिवाहको का सदैव मार्गदर्शन व आशीर्वाद मिलता रहा है। जिसमे सर्वसम्मति से धनबाद लोकसभा के इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को ब्रह्मर्षी समाज ने अपना पूर्ण समर्थन दिया है। इस अवसर पर अनुपमा सिंह ने समाज के लोगों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में घनबाद लोकसभा क्षेत्र से ब्रह्मर्षि समाज के हजारो महिला एवं पुरुष उपस्थित थे। साथ ही कहा कि ब्रह्मर्षी समाज ने अनुपमा सिंह को अपना समर्थन दिया है। अनुपमा की जीत हुई तो निश्चय ही धनबाद में विकास की गंगा बहेगी। इस आम सभा में धनबाद व बोकारों से सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय भूमिहार ब्राह्मण सम्मेलन मे लोग एकत्रित हुए।राम दिनेश शर्मा उर्फ मामा जी ने एक स्वर से कहा कि धनबाद लोकसभा में कांग्रेस की लहर है। साफ स्वच्छ छवि की पढ़ी लिखी महिला अनुपमा सिंह को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है और अब धनबाद की जनता अनुपमा को जीताकर दिल्ली भेजेगी। अनुपमा की जीत निश्चित है। हमारा समाज उनसे यही अपेक्षा रखता है कि इस चुनाव में जीत के बाद अनुपमा सिंह धनबाद के युवाओं मेहनतकश मजदूरों,असहाय महिलाओं के हक अधिकार को दिलाने में प्राथमिकता देंगी। अशोक सिंह और राकेश शर्मा ने कहा कि धनबाद जिला में 2014 से लगातार भाजपा जीतते आ रही है। भाजपा के तीन टर्म के कार्यकाल में धनबाद का कितना विकास हुआ यह किसी से छिपा नही है। रोजी रोजगार के आभाव में यहां के मेहनतकश मजदूरों को दूसरे शहरों, प्रदेशो में पलायन करना पड़ा और आज भी वही स्थिति से गुजर रहे हैं। विमलेश ने कहा कि युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। धनबाद में एयरपोर्ट निर्माण, नई ट्रेनों की मांग तो जरूर होती है परन्तु यहां कल कलकारखानों को स्थापित करने को लेकर कोई मुखर नही होता है।

## स्पीड न्यूज

### साहिबगंज : 71 मतदाताओं ने हम वोटिंग के माध्यम से किया वोट



**साहिबगंज।** लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य राजमहल संसदीय क्षेत्र हेतु शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला में 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग कराया गया। जिनमे कुल 71 मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें साहेबगंज से कुल -32 , पतना से कुल-10, बरहरवा के कुल-5, उघवा में कुल-10, मंडरो में कुल-3, बोरियों के कुल-2, बरहेट से कुल- 7 एवं राजमहल से कुल-2 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### बेरमो : सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत



**बेरमो/फुसरो।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो फ्लाईओवर पर मंगलवार की देर संध्या अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर सीसीएल ढोरी के केंद्रीय अस्पताल ढोरी के मर्चरी में रखवाया। बताया जाता है कि मृतक मिट्ठू ठाकुर (लगभग 55 वर्षीय) फुसरो के ब्लॉक कॉलोनी में किराए पर रहता था तथा उनके पैतृक गांव गोमो क्षेत्र के दहियारी बताया गया। वे हिंदुस्तान लीवर में सेल्समैन का काम करता था। वह अपना टीवीएस एम80 गाड़ी संख्या जीएच 09 बीए 7575 से फुसरो से मकोली की तरफ जा रहा था, तभी पीछे से आ रही है अज्ञात वाहन की टक्कर में उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उसके पत्नी सहित परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है। भीड के लोगो ने कहा कि बेरमो में बेलगाम ट्रक और हाइवा चालक के लापरवाही के वजह से लगातार सड़क दुर्घटनाएं में लोगों की जान जा रही है। इस पर अंकुश लगाया जाए। साथ ही लोगों ने प्रशासन से सीसीटीवी कैमरे से वाहन का पता लगाने की बात कही। यहां अस्पताल में आजसु नेता संतोष महतो, सुरेश महतो सहित सुशांत रायका, कैलाश ठाकुर, बिनोद चौहान, कमल अग्रवाल, मुकेश सिंह आदि लोग पहुंचे। इसके पश्चात आक्रोशीत लोगों ने फुसरो के निर्मल महतो चौक में सड़क को जाम कर मुआवजा की मांग करने लगे। काफी मानमनौवल के बाद देर रात वार्ता सफल हुई और जाम हटाया जा सका।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा


**बोकारो।** सरस्वती शिशु मंदिर तेलो में डीवीसी सीटीपीएस सीएसआर विभाग द्वारा स्वच्छता को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आज किया गया। स्कूल में स्वच्छता शपथ समारोह आयोजित किया गया। 500 से अधिक विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ ली। लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता शिविर एसटीएमएम अस्पताल की मदद से आयोजित किया गया। इस क्रम में 250 से अधिक स्कूली छात्राओं के बीच सैनिटरी पैड और आयरन टैबलेट का वितरण किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीवीसी सीटीपीएस सीएसआर ने स्कूल को झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर और डस्टबिन भी उपलब्ध कराया। इस अवसर पर प्रबंधक वत्स प्रफुल्ल भंडारी आदि मौजूद थे।

# धनबाद : ढुल्लू महतो ने एटक नेता को दी धमकी, प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऑल इंडिया स्टील वर्कर फेडरेशन झारखंड राज्य एआईटीयूसी एवं बोकारो इस्पात कामगार यूनियन के उपाध्यक्ष और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य विद्यासागर गिरि ने धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी व बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो द्वारा बुधवार को गिरी को फोन पर ही धमकी देने और चुनाव के बाद देख लेने के धमकी के बाद ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराया है।

विद्यासागर गिरी ने झारखंड सरकार के डीजीपी झारखंड राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी



धनबाद संसदीय क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी तथा सेक्टर 12 थाना के प्रभारी पदाधिकारी को संबोधित अपने पत्र में कहा है कि वे एटक और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा इंडिया गठबंधन के समर्थन में चुनाव अभियान चलाने और बोकारो के साथियों को मार्गदर्शन और नेतृत्व करते हुए भाजपा के खिलाफ कल एक बयान देने के मुद्दों पर ढुल्लू महतो द्वारा टेलीफोन करके चुनाव के बाद देख लेने की धमकी दिया गया।

उसके बाद विद्यासागर गिरी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा और सचिव मंडल के सदस्यों तथा एटक के अध्यक्ष रमेंद्र कुमार और महासचिव अमरजीत कौर के साथ विचारोपरांत प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन ऑनलाइन भेजा है और ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज हो गई है। गिरी ने कहा कि क्षेत्र में भाजपा के विरोध में जनाक्रोश और इंडिया गठबंधन के अनुपमा सिंह के पक्ष में हवा से ढुल्लू महतो बौखला गए हैं।

चुनाव अभियान में विरोध पक्ष के खिलाफ आक्रोशित होकर धमकी देना उनके फासिस्ट और तानाशाही प्रवृत्ति का द्योतक है जिसे जनता धूल चटाएगी। यह धमकी सत्ता की मदांधता का परिणाम है। इस दबंगई का जवाब जनता आने वाले चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट देकर देगी।

### डीवीसी प्रबंधन ने झरनाडीह कॉलोनी में चलाया स्वच्छता अभियान



**बोकारो/चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन की ओर से मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीवीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने चंद्रपुरा डीवीसी कॉलोनी झरनाडीह में स्वच्छता अभियान चलाकर शहर की सफाई की। इस अवसर पर महाप्रबंधक अभिजीत घोष ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है। मौके पर उप महाप्रबंधक संजीव कुमार दिलीप कुमार तरुणेश्वर प्रसाद सत्येंद्र कुमार ललन प्रसाद गुप्ता परविंद कुमार मो ओमेर अवधेश सिंह शेखावत अक्षय कुमार बद्रीनारायण राठिया विजय कुमार वर्मा केके वर्मा अशोक झा तापस बाकुड़ा आदि मौजूद रहे।

# केबी कॉलेज बेरमो में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बुधवार को केबी कॉलेज बेरमो के जंतु शास्त्र विभाग एवं सी सी एल कथारा के द्वारा संयुक्त रूप से प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा जैव विविधता का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना अनिवार्य है। विभागाध्यक्ष जंतु शास्त्र डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा जैव विविधता के लिए जल, जमीन, जंगल, जानवर, जन के संरक्षण पर जोर देने की जरुरत है। सीसीएल कथारा सी एस आर पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा हमारे जीवन में जैव विविधता का विशेष महत्व है। प्रभाकर कुमार ने कहा प्रकृति प्रदत समस्त संसाधन अमूल्य हैं, इनका प्रबंधन हम सबका कर्तव्य है। चंदन कुमार ने छात्र छात्राओं की बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। छात्र छात्राओं ने तख्ती के माध्यम से अपने रुझान व्यक्त किए। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम तनीषा कुमारी, द्वितीय ट्विंकल कुमारी, तृतीय स्थान पर प्रज्ञा कुमारी रहे, पोस्टर में प्रथम तनीषा परवीन, द्वितीय सुमीत सिंह, तृतीय स्थान पर युवांशी कुमारी रहे। भाषण में प्रथम रिचा प्रजापति, द्वितीय स्थान पर सुलोचना कुमारी, तृतीय मिलन गुप्ता रहे।

# इस बार संविधान बचाओ बनाम संविधान हटाओ की हो रही है लड़ाई : विजय हांसदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरहेट।** कितना त्रिकोणीय होगा राजमहल का मुकाबला, विजय हांसदा के विजय रथ पर लॉबीन हेंब्रम का ताला या खिलेगा कमल। जी हां यही रोचक मुकाबला फिलहाल राजमहल लोकसभा क्षेत्र का बना हुआ है। जहां लोकसभा चुनाव 2024 की सरगमीयाँ सुर्खियों पर है। वहीं राजमहल सीट पर पूरा देश की नजर टिकी हुई है।लोकतंत्र का इस महापर्व में एक तरफ जनता तो दूसरी तरफ नेता विभिन्न जगहों पर विभिन्न मुद्दों को लेकर रणभूमि पर उतर चुके हैं। कोई विजय रथ रोकने की कोशिश में है तो कोई कमल खिलाने की प्रयास में। वहीं आज झामुमो के लोकसभा प्रत्याशी विजय हांसदा बरहेट विधानसभा क्षेत्र का विभिन्न गांवों का दौरा किया। जहां लोगों की अपार भीड़ जुटी एवं कहीं कहीं तो जीत की अग्रिम बधाई भी जनता दे रही है है। इसी बात पर विजय हांसदा ने कहा कि इस बार की



तैयारी मैं नहीं बल्कि जनता कर रही है, क्योंकि जनता अब जागरूक हो चुकी है, जनता को समझ में आ गया है कि गंगा जमुनी तहजीब को बचाना है तो तीर कमान का ही वोट दबाना है। ये न केवल मेरी लड़ाई है बल्कि ये हर उस जनता कि लड़ाई जिसका भरोसा बाबा भीम राव अम्बेडकर के संविधान पर विश्वास है। इसलिए मैं ही नही जनता खुद तैयारी में है कि संविधान विरोधी पार्टी को जड़ से उखाड़ फेंकना है। बुधवार को विजय हांसदा बरहेट प्रखंड क्षेत्र के रक्सी, लबरी, झबरी, करमटोला, गिल्हा, छुछी, तलबड़िया, कदमा, बड़ा कदमा, गोपलाडीह का दौरा किया। वहीं गोपलाडीह के दर्जनों कार्यकर्ता ने झामुमो का दामन थामा। इस यात्रा को सफलता दिलाने में झामुमो बरहेट प्रखंड कमिटी का बहुत बड़ा योगदान रहा। इस संबंध में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी ने कहा कि जनता जनार्दन जान चुकी है कि क्षेत्र में बहुत वोट कटवा घूम रहा है जो सिर्फ और सिर्फ मकसद है वोट काटना, लेकिन जनता को भरोसा है कि राजमहल के युवा, योग्य और शिक्षित उम्मीदवार एक मात्र विजय हांसदा है। इसलिए हमलोग भी शत प्रतिशत निश्चित हैं जनता किसे चुनने जा रही है। इंडिया गठबंधन ही पूरा राज्य में अपना झंडा लहराएगी। वहीं झामुमो के प्रखंड सचिव मुजीबुर रहमान ने कहा कि 20 तारीख को जो चुनाव हुआ और क्षेत्र भ्रमण में पता चल रहा है राजमहल में फिर से विजय हांसदा का परचम लहराएगा।

# बोकारो स्टील में घटना रिपोर्टिंग और जांच प्रणाली समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील में अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद की अध्यक्षता में घटना रिपोटिंग और जांच प्रणाली समिति की बैठक का आयोजन अधिशासी निदेशक संकार्य के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। बैठक में सीजीएम बीके सरतापे राकेश कुमार धनञ्जय कुमार एमपी सिंह के साथ वरीय अधिशासी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में जेसीएसएसआई के द्वारा पिछले वर्ष कराये गए पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार डॉ वर्षा कुमारी को तथा निबंध




प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रीति शर्मा और नितेश रंजन को प्रदान किया गया। निबंध प्रतियोगिता का तृतीय पुरस्कार अर्जुन एनसी पाठक मो इमरान तथा विजय कुमार को मिला। अप्रैल माह में बोकारो इस्पात संयंत्र में नियर मिस एंट्री प्रतियोगिता में सिंटर प्लांट विभाग को प्रथम आर एम एच पी विभाग को द्वितीय तथा ब्लास्ट फर्नेस को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सहायक प्रबंधक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं प्रशांत निरवाल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आईआरआईएस की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ईडी राजन प्रसाद ने सभी पुरस्कार पाने वाली टीम को बधाई दी और सुरक्षा के प्रति सभी को जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अनिरुद्ध दिवाकर रामटेके द्वारा किया गया।

# बेरमो: महाप्रबंधक वाशरी ने किया कथारा वाशरी का दौरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/कथारा।** सीसीएल मुख्यालय रांची के महाप्रबंधक वाशरी सुमन कुमार ने 21 मई को बोकारो जिला के कथारा कोल वाशरी का दौरा किया। जानकारी के अनुसार महाप्रबंधक वाशरी कथारा कोल वाशरी पहुंचकर परियोजना पदाधिकारी बिजय कुमार के वाशरी मुख्य भवन कार्यालय कक्ष में वाशरी की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। बताया जाता है कि जीएम वाशरी ने कथारा वाशरी के समीप बननेवाले नये कोल वाशरी के निर्माण में होनेवाले परेशानियों से अवगत हुए तथा पीओ को जरूरी निर्देश दिए।इसके अलावा जीएम वाशरी सुमन कुमार वाशरी के साइक्लोन, एचएमएस, आरएलबी, रॉ-कोल सेक्शन के अलावा कोयला स्टॉक स्थल का निरिक्षण कर पीओ द्वारा कराये जा रहे कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ पदाधिकारी रामेश्वर मंडल उपस्थित थे।

# 300 के आस-पास

लोकसभा चुनाव अब अंतिम दौर में पहुंच चुका है। एक अमेरिकी चुनावी पोल के जानकार का अनुमान सामने आया है. उन्होंने भाजपा को बीते 2019 से अधिक सीटें दी हैं. ऐसे में लगता है कि इस बार एनडीए का 400 पार का नारा काफी हद तक सही साबित हो जाएगा। इस पॉलिटिकल साइंटिस्ट और चुनाव विशेषज्ञ का नाम इयॉन ब्रेमर है। उन्होंने समाचार चैनल एनडीटीवी प्रॉफिट से बातचीत में यह दावा किया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 305 (+/-10) सीटें मिलेंगी। यानी भाजपा को अधिकतम 315 और न्यूनतम 295 सीटें मिल सकती हैं। इयॉन ब्रेमर यूरेशिया ग्रुप के संस्थापक हैं। यह एक रिस्क एंड रिसर्च कंसल्टेंसी कंपनी है। वैश्विक नजरिये से देखें तो केवल भारत का आम चुनाव पूरी तरह स्टैबल दिख है। जबकि नवंबर में अमेरिका में होने वाला चुनाव भी समस्याओं से भरा हुआ दिख रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे सामने व्यापक स्तर पर मैक्रो-लेवल की जियोपॉलिटिकल अनिश्चितता है और जिस तरह कंपनियां सोचती थीं, वैसा ग्लोबलाइजेशन का भविष्य नहीं दिख रहा है. यहां तक कि राजनीति खुद ग्लोबल मार्केट प्लेस में घुस आई है। युद्ध, अमेरिका-चीन रिलेशन और अमेरिकी चुनाव ये सभी बड़ी चीजें हैं। ये सभी चीजें ठीक तरीके से मैनेज नहीं हो रही हैं और इनका प्रभाव ज्यादा नकारात्मक है। भारत के चुनाव के बारे में उनके अनुमान को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि यूरेशिय रिसर्च ग्रुप का अनुमान है कि भाजपा 295 से 315 के बीच सीटें जीत सकती है। अगर ऐसा होता है तो यह भाजपा की अब तक की सबसे बड़ी जीत होगी। 2014 के लोकसभाच चुनाव में भाजपा को 282 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं।

# रिकार्ड 5 ट्रिलियन पार

भारतीय शेयर मार्केट 5 ट्रिलियन डॉलर के पार जा चुकी है। 21 मई 2024 को शेयर बाजार पहली बार इस ऐतिहासिक आंकड़े से ऊपर उठा। इसका मतलब ये है कि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कुल कंपनियों की वैल्यूएशन 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गई है। बीएसई पर कुल 5,309 कंपनियां लिस्टेड हैं। उधर, मोदी सरकार बार-बार यह कहती आई है कि भारतीय अर्थव्यवस्था (जीडीपी) को 5 ट्रिलियन डॉलर के पार लेकर जाना है। शेयर बाजार के 5 ट्रिलियन डॉलर का मतलब यह नहीं है कि भारतीय इकॉनमी 5 ट्रिलियन डॉलर की हो गई है। शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियां और देश की अर्थव्यवस्था एक चीज नहीं हैं। दोनों में बड़ा फर्क है। कंपनियों को मार्केट कैप के हिसाब से तीन कैटेगरी में बांटा जाता है- लार्ज कैप, मिड कैप, और स्माल कैप. यहां कैप का मतलब कैपिटलाइजेशन से है। सभी कंपनियों की मार्केट कैप को जोड़ने के बाद जो नंबर आएगा, वह शेयर बाजार की कुल वैल्यूएशन माना जाएगा। वित्त मंत्रालय ने 29 जनवरी 2024 को एक बयान जारी किया था। कहा गया था- उम्मीद है कि अगले 3 सालों में 5 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आज शेयर बाजार में 14 करोड़ से अधिक निवेशक हो गये हैं। साथ ही विश्व के पांच बड़ें शेयर बाजारों में भारतीय शेयर बाजार भी शामिल हो गया है। शेयर बाजार पूंजी निर्माण का एक बड़ा श्रो्त है जिससे उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। विगत कुछ वर्षो में शेयर बाजार में लगातार बेहतर रिटर्न मिल रहें हैं जिससे बड़ी संख्या में लोग कंपनियों में निवेश कर रहें हैं। निश्चित ही भारतीय शेयर बाजार में पहले से अधिक लाभ और पारदर्शिता है।

# बुद्ध का मध्यमार्ग अति सुखवाद और अति कष्टवाद के बीच का





-मनोज कुमार सिन्हा

> बुद्ध ने अपने शेष जीवन में बौद्ध धर्म का प्रचार किया और अनेक अनुयायियों को धर्म की दीक्षा दी। उनके उपदेश सरल, सुलभ और सभी जातियों व वर्गों के लोगों के लिए थे। वे करुणा, अहिंसा, और मैत्री के सिद्धांतों पर आधारित थे। बुद्ध के उपदेशों ने न केवल भारतीय समाज को बल्कि पूरे एशिया के सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक परिवेश को भी गहराई से प्रभावित किया।

(23 मई गौतम बुद्ध पर विशेष)

गौतम बुद्ध, जिन्हें सिद्धार्थ गौतम के नाम से भी जाना जाता है, विश्व इतिहास के सबसे महान और प्रभावशाली धार्मिक और दार्शनिक व्यक्तियों में से एक हैं। उनका जन्म लगभग 563 ईसा पूर्व में लुम्बिनी, जो अब नेपाल में स्थित है, में हुआ था। उनके विचार और शिक्षाएं बौद्ध धर्म के आधारभूत स्तंभ हैं, जिसने एशिया और विश्वभर में लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

**प्रारंभिक जीवन**

गौतम बुद्ध का जन्म एक शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन और रानी माया के घर हुआ था। उनके जन्म के समय उनके बारे में एक भविष्यवाणी की गई थी कि वे या तो एक महान राजा बनेंगे या एक महान संत। उनके पिता ने उन्हें एक महान राजा बनाने के उद्देश्य से उन्हें महल के सुख-सुविधाओं में घेरा रखा, ताकि वे दुनिया के दुखों और कष्टों से अनजान रहें।

**संसार से परिचय और संन्यास**

हालांकि, सिद्धार्थ के जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्होंने महल के बाहर चार दृश्यों का अवलोकन किया - एक बूढ़े आदमी, एक बीमार आदमी, एक मृत शरीर और एक सन्यासी। इन दृश्यों ने उनके मन में गहन चिंतन और प्रश्न उठाए कि क्यों संसार में दुख और पीड़ा है। इससे वे इतने व्यथित हुए कि उन्होंने 29 वर्ष की आयु में राजसी जीवन, पत्नी यशोधरा और नवजात पुत्र राहुल को छोड़कर संन्यास लेने का निर्णय लिया।

**आत्मज्ञान की खोज**

सिद्धार्थ ने आत्मज्ञान की खोज में विभिन्न गुरुओं के पास जाकर शिक्षा प्राप्त की और कठोर तपस्या की। उन्होंने छह वर्षों तक कठोर तपस्या की, लेकिन उन्हें इससे आत्मज्ञान प्राप्त नहीं हुआ। अंततः उन्होंने मध्यम मार्ग (मध्यमार्ग) का अनुसरण करने का निश्चय किया, जो अति सुखवाद और अति कष्टवाद के बीच का मार्ग था। उन्होंने बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान करते हुए अंततः आत्मज्ञान प्राप्त किया और वे बुद्ध (जाग्रत) कहलाए।

**प्रथम उपदेश और धम्मचक्र प्रवर्तन**

आत्मज्ञान प्राप्त करने के बाद बुद्ध ने अपने पहले पाँच साथियों को सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया, जिसे धम्मचक्र प्रवर्तन कहा जाता है। इस उपदेश में उन्होंने चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग की शिक्षा दी। चार आर्य सत्य हैं:

1. दुख का सत्य (दुःख सत्य)
2. दुख के कारण का सत्य (समुदय सत्य)
3. दुख के निवारण का सत्य (निरोध सत्य)
4. दुख के निवारण के मार्ग का सत्य (मार्ग सत्य)

अष्टांगिक मार्ग आठ अंगों का मार्ग है जो दुख के निवारण के लिए आवश्यक हैं: सही दृष्टि, सही संकल्प, सही वाणी, सही कर्म, सही आजीविका, सही प्रयास, सही स्मृति और सही ध्यान।

**बौद्ध धर्म का प्रसार**

बुद्ध ने अपने शेष जीवन में बौद्ध धर्म का प्रचार किया और अनेक अनुयायियों को धर्म की दीक्षा दी। उनके उपदेश सरल, सुलभ और सभी जातियों व वर्गों के लोगों के लिए थे। वे करुणा, अहिंसा, और मैत्री के सिद्धांतों पर आधारित थे। बुद्ध के उपदेशों ने न केवल भारतीय समाज को बल्कि पूरे एशिया के सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक परिवेश को भी गहराई से प्रभावित किया।

**बुद्ध का योगदान**

गौतम बुद्ध ने मानवता को कई महत्वपूर्ण सिद्धांत और विचार दिए जो आज भी प्रासंगिक हैं:

1. अहिंसा और करुणा ----बुद्ध ने अहिंसा (अहिंसक जीवन) और करुणा (सभी प्राणियों के प्रति प्रेम और दया) के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने विचार, वाणी और कर्मों में अहिंसा का पालन करना चाहिए।

2. स्वाध्याय और आत्मनिरीक्षणः बुद्ध ने आत्मनिरीक्षण और स्वाध्याय को आत्मज्ञान प्राप्त करने के महत्वपूर्ण साधन बताया। उन्होंने ध्यान और मनन के माध्यम से आंतरिक शांति और समझ की खोज पर जोर दिया।

3. मध्यमार्ग

: बुद्ध का मध्यमार्ग अति सुखवाद और अति कष्टवाद के बीच का संतुलित मार्ग है। यह जीवन में संतुलन बनाए रखने की शिक्षा देता है।

4. चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्गः इन सिद्धांतों ने बौद्ध धर्म की नींव रखी और दुख से मुक्ति पाने का मार्ग प्रदान किया।

**बुद्ध की शिक्षाओं का प्रभाव**

गौतम बुद्ध की शिक्षाओं का प्रभाव उनके समय में ही नहीं बल्कि वर्तमान समय में भी व्यापक है। उनकी शिक्षाओं ने बौद्ध धर्म को जन्म दिया, जो वर्तमान में विश्व के प्रमुख धर्मों में से एक है। बौद्ध धर्म ने एशिया के विभिन्न देशों जैसे चीन, जापान, थाईलैंड, श्रीलंका, म्यांमार, तिब्बत और कोरिया में गहरा प्रभाव डाला है।

बुद्ध के विचारों ने न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में बल्कि कला, साहित्य, और दर्शन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बौद्ध धर्म के मठ, मंदिर, और मूर्तियाँ एशिया भर में कला और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

**समकालीन समाज में बुद्ध की प्रासंगिकता**

समकालीन समाज में गौतम बुद्ध की शिक्षाएं अभी भी प्रासंगिक हैं। आज की तनावपूर्ण और अशांत दुनिया में उनकी करुणा, अहिंसा और आत्मनिरीक्षण की शिक्षाएं मानसिक शांति और संतुलन पाने में सहायक हो सकती हैं। उनके विचार व्यक्तिगत विकास और आत्मज्ञान की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं।

गौतम बुद्ध का जीवन और उनकी शिक्षाएं एक अद्वितीय प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने एक ऐसे मार्ग का प्रदर्शन किया जो दुख से मुक्ति और आत्मज्ञान की ओर ले जाता है। उनकी शिक्षाएं न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे मानवीय मूल्यों और नैतिकता के उच्चतम आदर्शों को भी प्रतिबिंबित करती हैं। बुद्ध ने हमें यह सिखाया कि सही मार्गदर्शन और सही प्रयास से हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

## खास बात

# योग की उत्पति

स्वामी मुक्तरथ



योग की उत्पत्ति संस्कृत के शब्द, 'यूज' से हुई है। इसका मतलब है जुड़ना, कनेक्ट या एकजुट होना। यह सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना का संघ है। योग 5000 साल पुराना भारतीय दर्शनशास्त्र है। इसका सबसे पहले प्राचीन पवित्र पाठ - ऋग्वेद में उल्लेख किया गया था (वेद आध्यात्मिक जानकारी, गीत और ब्राह्मणों द्वारा इस्तेमाल होने वाले अनुष्ठानों, वैदिक पुजारियों के ग्रंथों का एक संग्रह थे)।

हजारों सालों से भारतीय समाज में योग का अभ्यास किया जा रहा है। योग करने वाला व्यक्ति अलग-अलग क्रियाएँ करता है जिसे आसन कहते हैं। योग उन लोगों को लाभ देता है जो इसका नियमित रूप से अभ्यास करते हैं।

योग में किए गए व्यायाम को 'आसन' कहा जाता है जो शरीर और मन की स्थिरता लाने में सक्षम हैं। योग आसन हमारे शरीर के अधिक वजन को कम करने और फिट रखने का सबसे सरल तरीका है। शिव पहले योगी या आदियोगी और पहले गुरु हैं। हजारों साल पहले हिमालय में कंटिसारोकर झील के तट पर आदियोगी ने अपने ज्ञान को महान सात ऋषियों के साथ साझा किया था क्योंकि इतने ज्ञान को एक व्यक्ति में रखना मुश्किल था। ऋषियों ने इस शक्तिशाली योग विज्ञान को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में फैलाया जिसमें एशिया, उत्तरी अफ्रीका, मध्य पूर्व और दक्षिण अमेरिका शामिल हैं। भारत को अपनी पूरी अभिव्यक्ति में योग प्रणाली को प्राप्त करने का आशीष मिला हुआ है। सिंधु-सरस्वती सभ्यता के जीवाश्म अवशेष प्राचीन भारत में योग की मौजूदगी का प्रमाण हैं। इस उपस्थिति का लोक परंपराओं में उल्लेख है। यह सिंधु घाटी सभ्यता, बौद्ध और जैन परंपराओं में शामिल है। अध्ययनों के अनुसार एक गुरु के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन के तहत योग का अभ्यास किया जा रहा था और इसके आध्यात्मिक मूल्य को बहुत महत्व दिया गया था। सूर्य को वैदिक काल के दौरान सर्वोच्च महत्व दिया गया था और इसी तरह सूर्यनमस्कार का बाद में आविष्कार किया गया था। सत्यानंद योग मिशन से प्रशिक्षक

## आपके ट्वीट

रेलवे स्टेशन से लेकर बस अड्डों और पेट्रोल पंप से लेकर शौचालयों तक पर छपा हुआ एक चेहरा 10 साल से आम जनता की तकलीफों पर हंसता रहा।

मगर अब उस चेहरे की हकीकत हर देशवासी समझ चुका है - इसलिए देश भर में झूठ के गुब्बारे फूट रहे हैं।

– राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

कागज के बनाए फूलों में बड़ा आकर्षण और सौंदर्य पैदा किया जा सकता है लेकिन उन फूलों में मधुर पराग, सुगन्ध मधु और स्वाभाविकता पैदा नहीं की जा सकती ! अतः यथार्थवादी और सत्यनिष्ठ रहें !

– स्वामी अवधेशानंद गिरी





घाटशिला एवं आसपास में कई खदानें डबल इंजन की सरकार के समय से बंद हैं, जिसकी वजह से हजारों लोगों का भविष्य संकट में है। केंद्र सरकार द्वारा एक एनओसी उन हजारों परिवारों के चेहरे पर मुस्कान ला सकती थी, लेकिन अफसोस... –चंपई सोरेन

# केवट का प्रेम

## विचार-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

**नाथ आज मैं काह न पावा।**
**मिटे दोष दुख दारिद दावा।।**

अयोध्या से चलकर मार्ग में अनेक नदियों तथा तमसा, गोमती एवं सई नदियों को पार करते हुए जब अयोध्या की सीमा से आगे बढ़ें तो अगला पढ़ाव श्रंगवेरपुर था। यह एक छोटा सा निसाद लोगों का राज्य था जहां का निषादराज गुह था। वह अक्सर अयोध्या जाता था और श्रीराम से उसकी अच्छी आत्मीयता हो गयी थी। वह श्री राम के गुणों से अति प्रभावित था। वह युवक ही था और श्री राम उससे मित्रवत व्यवहार करने लगे थे। ज्योंही वह सुना कि श्रीराम का वनगमन हुआ तथा नारा और भाई के साथ इधर ही आ रहें है, वह अपने लोगों के साथ स्वागत के लिये पहुंचा और कहा -प्रभु श्रीराम ठीक है आप अयोध्या के राजा नहीं है यह श्रृंगवेरपुर का राज्य आपका स्वागत करता है। हम बहुत प्रसन्न होंगे आप हमारी गद्दी को सुशोभित करें। ये प्रजाजन सभी लोग आपकी स्वागत के लिये आये हैं। श्रीराम ने कहा- अयोध्या हो या श्रंगवेरपुर हो मुझे चौदह वर्ष नगर में जाना ही नहीं है। मां का वरदान मिला है चौदह वर्ष जंगल में रहना है। अतः आप मेरी मदद करना चाहते हैं तो हमें गंगा पार करा दें। उनकी बात मानकर निषादराज गुह उन्हें गंगा किनारे ले गया जहां अनेक नाव खड़ी थी अनेक घाट थे। एक ऐसा घाट था जहां का केवट भक्ति से ओतप्रोत रहता था। जब भी निषादराज गुह अयोध्या से लौटते थे अपने लोगों के बीच अयोध्या क कहानी कहते थे जो उसे बहुत अच्छा लगता था। केवट उनसे कहता है कि आप श्री राम के विषय में सुनाइये, श्री राम कैसे है? वे कितने लंबे चौड़ें है?

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### भ्रष्टाचार की लहर

विकास के साथ भ्रष्टाचार की लहर साथ-साथ दौड़ रही है। एक तरफ जहां लोगों को कोरोना ने परेशान किया है वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार ने भी कोई कमी नहीं छोड़ी। देश में पूजा सिंघल सहित हजारों उच्च अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार भ्रष्टाचार किया जा रहा है उससे हमारे देश के नींव में घुन लग रहा है। इन सबके सामने मोदी भी पानी पी रहें हैं।

**– प्रवीण, हजारीबाग**

### जागरूकता जरूरी

**युवा** समाज, मित्र-संगत और चलचित्र अभिनेताओं के अभिनय को देखकर प्रभावित होकर नशा सीख रहा है। इसके अतिरिक्त बेरोजगारी, अवसाद, घरेलू कलह, गरीबी, असफलता, अशिक्षा, जागरूकता की कमी भी इसके कारण हैं। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए जागरूकता और शिक्षा सबसे बड़ा और सबसे उपयोगी शस्त्र सिद्ध हो सकता है।

**–अशोक कुमार, रांची**

# महंगाई की मार से जल्द नहीं मिलेगी निजात

प्रांजल भंडारी

## सामयिक

क्या वैश्विक स्तर पर दाम में बढ़ोतरी का असर घरेलू खाद्य महंगाई पर भी हुआ है? वैश्विक स्तर पर विभिन्न वस्तुओं के दाम में हुए इजाफे का असर भारत में फिलहाल पूरी तरह नहीं दिखा है। उदाहरण के लिए भारत में गेहूं के दाम में और इजाफा हो सकता है। देश से इसका बढ़ता निर्यात, उत्पादन में कमी और मांग-आपूर्ति में असंतुलन इसका कारण हो सकते हैं। पिछले दो वर्षों में गेहूं का भंडार जरूर बढ़ा है मगर हाल में इसमें कमी आई है। अगर गेहूं के दाम बढ़ते हैं तो इसका असर चावल के भाव पर भी दिख सकता है। आगामी खरीफ मौसम में मॉनसूनी बारिश और उर्वरकों की उपलब्धता पर काफी कुछ निर्भर करेगा।

दूसरी बात यह कि आपूर्ति में व्यवधान और इंडोनेशिया द्वारा हाल में पाबंदी लगाए जाने से वैश्विक स्तर पर खाद्य तेल के दाम बढ़ रहे हैं। इससे खाद्य महंगाई और बढ़ सकती है। भारत खाद्य तेल का आयात करता है और मार्च में सालाना आधार पर इनकी कीमतों में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। तीसरी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि लागत मूल्य (डीजल, उर्वरक एवं मवेशी चारे के दाम) बढ़नें से सभी खाद्य वस्तुओं के दाम भी बढ़ेंगे। मार्च में कृषि लागत मूल्य सूचकांक सालाना आधार पर 15 प्रतिशत अधिक था और अगले दो महीनों में मौजूदा फसल कटने से इसके पूरे असर का पता चल पाएगा।

क्या कंपनियों ने बढ़ी लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल दिया है?

अगर थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई को कच्चे माल और तैयार वस्तुओं में विभाजित करें तो हम पाएंगे कि पिछले छह महीने के दौरान लागत मूल्य में हुई वृद्धि का केवल 50 प्रतिशत हिस्सा ही उपभोक्ताओं के कंधों पर डाला गया है। आम तौर पर यह 80-90 प्रतिशत होता है। फिलहाल तो यही लगता है कि कमजोर मांग के डर से कंपनियां कीमतें बढ़ाने से कतरा रही हैं। मगर लागत यूं ही ऊंचे स्तरों पर रही तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी और कंपनियों के बजाय उपभोक्ताओं के मोर्चे पर आर्थिक वृद्धि दर को मदद मिलनी बंद हो जाएगी। ईंधन के दाम में तेजी का असर भी पूरी तरह नहीं दिखा है। डब्ल्यूपीआई ईंधन महंगाई उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) महंगाई से कहीं अधिक हो गई है। प्राथमिक एवं द्वितीयक ऊर्जा लागत में अंतर इसकी मुख्य वजह है। खनिज तेल एवं कोयले की प्राथमिक ऊर्जा लागत अधिक हो गई है और डब्ल्यूपीआई महंगाई सूचकांक में यह वृद्धि दिखनी शुरू हो गई है। मगर द्वितीयक ऊर्जा लागत खासकर बिजली की खुदरा दरों में तभी बढ़ोतरी होती है जब दरें बढ़ाई जाती हैं। इस बढ़ोतरी की सीपीआई महंगाई में बड़ी हिस्सेदारी होती है और सीपीआई ईंधन महंगाई फिलहाल तुलनात्मक रूप से कम है। अगले वर्ष बिजली दरों में बढ़ोतरी का असर दिखने के बाद सीपीआई ईंधन महंगाई में तेजी दिखनी शुरू हो जाएगी। इससे भारत में दीर्घ अवधि तक महंगाई दर अधिक रहेगी।

क्या 2022 में वस्तुओं एवं सेवाओं की वजह से महंगाई बढ़ेगी?

सेवा प्रदाताओं की तुलना में वस्तु उत्पादक बढ़ी लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डालने में अधिक आगे रहे हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि लॉकडाउन खत्म होने के बाद वस्तुओं की मांग तेजी से बढ़ी थी जबकि सेवाओं की मांग में अब भी सुधार हो रहा है। वस्तुओं की महंगाई शुरू में सेवाओं की तुलना में अधिक रह सकती है मगर सेवाओं की महंगाई भी धीरे-धीरे जोर पकड़ सकती है। सेवा क्षेत्र और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रह सकती है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई क्यों बढ़ रही है?

# थाइलैंड: जहां का राष्ट्रीय ग्रंथ रामायण है

**बृजमोहन ओझा**

## संस्कृति

**अयोध्या** में भगवान राम का भव्य मंदिर बनना देश के सांस्कृति पुर्न उद्धार की बड़ी घटना है। भारत के बाहर थाईलेंड में आज भी संवैधानिक रूप में राम राज्य है । वहां भगवान राम के छोटे पुत्र कुश के वंशज सम्राट भूमिबल अतुल्य तेज राज्य कर रहे हैं , जिन्हें नौवां राम कहा जाता है ।

**-भगवान राम का संक्षिप्त इतिहास-**

वाल्मीकि रामायण एक धार्मिक ग्रन्थ होने के साथ एक ऐतिहासिक ग्रन्थ भी है , क्योंकि महर्षि वाल्मीकि राम के समकालीन थे , रामायण के बालकाण्ड के सर्ग ,70 . 71 और 73 में राम और उनके तीनों भाइयों के विवाह का वर्णन है , जिसका सारांश है।

मिथिला के राजा सीरध्वज थे , जिन्हें लोग विदेह भी कहते थे उनकी पत्नी का नाम सुनेत्रा ( सुनयना ) था , जिनकी पुत्री सीता जी थीं , जिनका विवाह राम से हुआ था ।

राजा जनक के कुशध्वज नामके भाई थे । इनकी राजधानी सांकाश्य नगर थी जो इक्षुमती नदी के किनारे थी इन्होंने अपनी बेटी उर्मिला लक्ष्मण से, मांडवी भरत से, और श्रुतिकीति का विवाह शत्रुघ्न से करा दी थी।केशव दास रचित रामचन्द्रिका -पृष्ठ 354 ( प्रकाशन संवत 1715 ) .के अनुसार, राम और सीता के पुत्र लव और कुश, लक्ष्मण और उर्मिला के पुत्र अंगद और चन्द्रकेतु , भरत और मांडवी के पुत्र पुष्कर और तक्ष, शत्रुघ्न और श्रुतिकीर्ति के पुत्र सुबाहु और शत्रुघात हुए थे ।

भगवान राम के समय ही राज्यों बंटवारा इस प्रकार हुआ था –पश्चिम में लव को लवपुर (लाहौर ), पूर्व में कुश को कुशावती, तक्ष को तक्षशिला, अंगद को अंगद नगर, चन्द्रकेतु को चंद्रावती। कुश ने अपना राज्य पूर्व की तरफ फैलाया और एक नाग वंशी कन्या से विवाह किया था ।

थाईलैंड के राजा उसी कुश के वंशज हैं इस वंश को चक्री वंश कहा जाता है चूँकि राम को विष्णु का अवतार माना जाता है , और विष्णु का आयुध चक्र है इसी लिए थाईलेंड के लॉग चक्री वंश के हर राजा को राम की उपाधि देकर नाम के साथ संख्या दे देते हैं जैसे अभी राम राजा हैं जिनका नाम भूमिबल अतुल्य तेज है।

**थाईलैंड की अयोध्या**

लोग थाईलैंड की राजधानी को अंग्रेजी में बैंगकॉक ( इंल्लॅन ) कहते हैं , क्योंकि इसका सरकारी नाम इतना बड़ा है , की इसे विश्व का सबसे बडा नाम माना जाता है , इसका नाम संस्कृत शब्दों से मिल कर बना है, देवनागरी लिपि में पूरा नाम इस प्रकार है क्रुंग देव महानगर अमर रत्न कोसिन्द्र महिन्द्रायुध्या महा तिलक भव नवरत्न रजधानी पुरी रम्य उत्तम राज निवेशन महास्थान अमर विमान अवतार स्थित शक्रदत्तिय विष्णु कर्म प्रसिद्धि थाई भाषा में इस पूरे नाम में कुल 163 अक्षरों का प्रयोग किया गया है इस नाम की एक और विशेषता ह । इसे बोला नहीं बल्कि गा कर कहा जाता है कुछ लोग आसानी के लिए इसे ह्लमहेंद्र अयोध्या ह्व भी कहते है अर्थात इंद्र द्वारा निर्मित महान अयोध्या । थाई लैंड के जितने भी राम ( राजा ) हुए हैं सभी इसी अयोध्या में रहते आये हैं । असली राम राज्य थाईलैंड में है-

बौद्ध होने के बावजूद थाईलैंड के लोग अपने राजा को राम का वंशज होने से विष्णु का अवतार मानते हैं , इसलिए, थाईलैंड में एक तरह से राम राज्य है । वहां के राजा को भगवान श्रीराम का वंशज माना जाता है, थाईलैंड में संवैधानिक लोकतंत्र की स्थापना 1932 में हुई। भगवान राम के वंशजों की यह स्थिति है कि उन्हें निजी अथवा सार्वजनिक तौर पर कभी भी विवाद या आलोचना के घेरे में नहीं लाया जा सकता है वे पूजनीय हैं। थाई शाही परिवार के सदस्यों के सम्मुख थाई जनता उनके सम्मानार्थ सीधे खड़ी नहीं हो सकती है बल्कि उन्हें झुक कर खड़ें होना पड़ता है। उनकी तीन पुत्रियों में से एक हिन्दू धर्म की मर्मज्ञ मानी जाती हैं।

**थाईलैंड का राष्ट्रीय ग्रन्थ रामायण**

यद्यपि थाईलैंड में थेरावाद बौद्ध के लोग बहुसंख्यक हैं , फिर भी वहां का राष्ट्रीय ग्रन्थ रामायण है । जिसे थाई भाषा में राम-कियेन कहते हैं । जिसका अर्थ राम-कीर्ति होता है , जो वाल्मीकि रामायण पर आधारित है इस ग्रन्थ की मूल प्रति सन 1767 में नष्ट हो गयी थी , जिससे चक्री राजा प्रथम राम (1736-1809), ने अपनी स्मरण शक्ति से फिर से लिख लिया था। थाईलैंड में रामायण को राष्ट्रिय ग्रन्थ घोषित करना इसलिए संभव हुआ।

# पत्रकारों के खिलाफ मंत्री द्वारा दर्ज मामले को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** स्थानीय सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा जिला के दो पत्रकारों के विरूद्ध दर्ज कराए गए मामले को लेकर बुधवार को पत्रकारों के शिष्टमंडल ने उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा जिला के दो पत्रकारों संजीव समीर और रवि पासवान के खिलाफ उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आलोक में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसके बाबजूद उपरोक्तपत्रकारों के विरूद्ध 107 का मामला दर्ज कर नोटिस जारी की गई है। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राज्य सचिव जावेद इस्लाम के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने पहुंचे पत्रकारों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होने तक किसी प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में आलोक सिन्हा, राहुल सिंह, प्रेम भारती, रवि छावड़ा, मनीष बर्णवाल, सुधीर पांडेय, सचिन कुमार, महेश भारती आदि शामिल थे।

**पत्रकारों ने आवेदन देकर एसडीओ के समक्ष रखा अपना पक्ष :** कोडरमा जिले के दो पत्रकारों पर सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा दर्ज मामले पर 107 की कार्यवायी को लेकर सम्बन्धित पत्रकारों ने एसडीओ के समक्ष बुधवार को अपना पक्ष दाखिल किया।

संजीव समीर ने इसमें कहा है कि वे तीन दशक से पत्रकारिता से जुड़े हैं। इस दौरान पक्ष विशेष में खबर चलाने, समाचार प्रकाशित करने का कोई आरोप नहीं लगा है। वे किसी राजनीतिक दल से भी सम्बद्ध नहीं हैं और ना ही कार्यकर्ता हैं। सांसद अन्नपूर्णा देवी वर्ष 2019 में राजद को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई थीं। उस समय जब पार्टी में शामिल होकर पहली बार 7 अप्रैल 2019 को उनका कोडरमा आगमन हुआ था, तब स्वागत समारोह के लिए एसडीओ को उनके द्वारा आवेदन देकर कार्यक्रम की स्वीकृति ली गई थी। कभी भी फेसबुक या अन्य किसी सोशल मीडिया के माध्यम से सांसद के संबां में कोई नकारात्मक टिप्पणी या छवि खराब करने का ना तो कोई पोस्ट डाला और ना ही इस तरह का कोई प्रयास किया गया है। नोटिस मिलने के बाद सांसद को मोबाइल पर फोन किया पर उन्होंने रिसीव नहीं किया। उसके बाद उनके सहायक अरविंद कुमार पांडेय से भी संपर्क किया गया पर नोटिस क्यों भेजा गया इसकी जानकारी नहीं मिली। श्री समीर ने लिखा है कि ना तो मैं भारतीय जनता पार्टी से या किसी अन्य राजनीतिक दल से जुडा हूं, ना ही मेरी कभी चुनाव लडने की मंशा है जो सांसद की छवि खराब करके किसी प्रकार का राजनीतिक लाभ ले सकूं। उन्होंने विश्वास जताया है कि गलतफहमी या कंफ्यूजन में सांसद अन्नपूर्णा देवी ने मेरे विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। संभव है कि उनके साथ के सलाहकारों ने ही उन्हें भ्रमित करते हुए इस तरह की सलाह दी और तब थाना को आवेदन दिया गया। यह भी संभव है कि पत्रकारिता की लंबे अवधि में जनमुद्दों और जन समस्याओं को कई बार समाचार के माध्यम से रखा है और इसकी वजह से सांसद ने नागवार होकर थाना को आवेदन दिया। ताकि इलाके की समस्याओं को आगे भी खबरों के माध्यम से प्रकाशित नहीं करूं। वहीं रवि पासवान ने कहा है कि मैंने अभिव्यक्ति की आजादी के तहत जन समस्याओं और जन मुद्दों को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर अपनी बात रखी है। इस दौरान अन्नपूर्णा देवी पर ना तो कोई कमेंट किया गया है और ना ही व्यक्तिगत तौर पर उनसे संबंधित कोई टिप्पणी की गयी है। यह कि आईटी नियम में किए गए संशोधन के अनुसार यदि किसी प्रकार की जानकारी सोशल मीडिया पर फर्जी पायी जाती है तो उस जानकारी को सोशल मीडिया से हटाना होगा। पर मेरे द्वारा जो भी पोस्ट किए गए हैं, यदि उनपर सांसद को आपत्ति होता या पोस्ट गलत होते तो उसे हटाने को कहा जा सकता था। इस बाबत फैक्ट चेक यूनिट की अधिसूचना केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गयी थी जिसपर भी माननीय सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर रोक लगा दी थी कि यह अभिव्यक्ति की आजादी से जुडा हुआ मामला है। केंद्रीय राज्य मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी द्वारा लगाए गए सभी आरोप पूर्णतः निराधार हैं और परेशान करने की नीयत से जानबूझकर लगाए गए हैं। इसपर धारा 107 दप्रसं का कोई मामला नहीं बनता है।

# सड़क हादसे में दो युवक की मौके पर ही मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगडीह स्थित जैप कैम्प के समीप बुावार की दोपहर में सड़क हादसे में दो युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं युवक की पहचान पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिला के कादिरगंज थाना क्षेत्र के 20 वर्षीय दिनेश कुमार पिता देवेंद्र चौहान तथा सूरज पासवान पिता प्रकाश पासवान ग्राम ननौरा निवासी के रूप में हुई है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार उक्त दोनों युवक बीआर27यू/8502 बाइक पर सवार होकर गोविंदपुर की ओर से तेज गति से बासोडीह आ रहे थे। इसी बीच गांगडीह के समीप जैप कैंप के समीप स्पीड ब्रेकर को देख कर बाइक को किनारे से निकालने के चक्कर में सड़क के किनारे बाउंड्री वाल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाउंड्री वाल तोड़ते हुए स्ट्रीट लाईट के खंभे से दोनों बुरी तरह से घायल हो गए और मौके पर ही दोनों की मौत हो गयी। सूचना पाकर थाना प्रभारी विजय गुप्ता तथा एसआई वृजनन्दन प्रसाद मौके पर पहुंच कर दोनों युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों के उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने किसी तरह से मृतक के मोबाइल से उनके परिजनों को घटना की सूचना दिया। वहीं परिजनों के पहुंचने के बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। बताते चलें कि सूरज पासवान की शादी एक माह पूर्व हुई थी।

# उपायुक्त ने की बैठक, दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने को लेकर बैठक की गयी। बैठक में वैसे दिव्यांग छात्र-छात्राओं, जिनके पास दिव्यांग प्रमाण-पत्र नहीं हैं, उन छात्र-छात्राओं का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने के लिए सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि ग्रीष्मावकाश के उपरांत एक तिथि निर्धारित करते हुए सभी प्रखंडों में कैंप का आयोजन कर छात्र-छात्राओं का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार, उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार, एडीपीओ शिव मल्लिक, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ समेत अन्य मौजूद थे।

# भक्ति भाव से मना शिव मंदिर का स्थापना दिवस




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के सोहर गांव में शिव हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस भक्ति भाव से मनाया गया। इस दौरान पूजा अर्चना की गई और 24 घंटे का हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस पर भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भोजन ग्रहण किया। स्थापना दिवस गांव के राजपूत समाज की ओर से आयोजित किया गया था। समारोह में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए और मंदिर में मत्था टेका। मुखिया नीतीश कुमार उर्फ सिकू और समाज सेवी बिट्टू सिंह उर्फ अमित सिंह ने बताया कि शिव हनुमान मंदिर की स्थापना गत वर्ष की गई थी जिसके एक वर्ष पूर्ण होने पर समारोह पूर्वक वर्षगांठ बनाया गया और गांव के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, राजपूत समाज के लोग और ग्रामीण मौजूद थे।

# सैनिक स्कूल इंटरग्रुप फुटबॉल चौम्पियनशिप सम्पन्न




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया में पिछले एक सप्ताह से चल रहे सैनिक स्कूल इंटरग्रुप फुटबॉल चौम्पियनशिप का शौर्य-समर बुधवार को सम्पन्न हुआ। एक सप्ताह तक चली इस प्रतिस्पर्धा का समापन समारोह, मुख्य अतिथि भारतीय थल सेना के वरिष्ठ अधिकारी सह कार्यकारी प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लालनुन सियामा की अभिनव उपस्थिति में हुआ। फुटबॉल की विविध श्रेणियों और वर्गों में खेली गई, अखिल राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतिस्पर्धा, सैनिक स्कूलों के किशोर छात्र-छात्राओं के अनेक रोमांचकारी प्रदर्शन से भरी दिखी। इस आयोजन में सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अद्भुत टीम-भावना के दर्शन हुए। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली एवं पुरस्कार वितरण करते हुए सैनिक स्कूल इंटरग्रुप फुटबॉल चौम्पियनशिप 2024-25 के समापन की उद्घोषणा की। साथ ही मुख्य अतिथि ने सभी अतिथि टीमों को सम्बोधित किया और देश के सभी कोनों से आये इन नव-किशोरों के प्रतिभाग-प्रदर्शन व पराक्रम की प्रशंसा की। इस सात दिवसीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय फुटबॉल चौम्पियनशिप-ट्रॉफी पर बालकों के अंडर 17 आयु वर्ग में सैनिक स्कूल ने अपना पराक्रम दिखाते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा किया, जबकि वहीं अंडर 17 आयु के बालिका वर्ग में सैनिक स्कूल सम्बलपुर ओडिशा की सैन्य-छात्राएं प्रथम स्थान की दावेदार बनीं। इसी क्रम में बालकों के अंडर 15 आयु वर्ग में सैनिक स्कूल कुंजपुरा हरियाणा विजेता रहा है। ज्ञातव्य हो कि यह तीनों टीमें रक्षामंत्रालय की ध्वजारोहक टीम के तौर पर, सुब्रतो इंटेरनेशनल फुटबॉल चौम्पियनशिप में, सैनिक स्कूल सोशायटी का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इस अवसर पर सभी टीमों और आगन्तुक सदस्यों ने वायु सेना के युवा अधिकारी एवं विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी विंग कमांडर अनन्त श्रीवास्तव को व्यक्तिगत तौर पर धन्यवाद ज्ञापित किया और उपलब्ध कराई गयी सभी सुविधाओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस बाबत प्रशासनिक अधिकारी ने सभी टीमों के सहयोग और समन्वय के प्रति आभार व्यक्त किया एवं शुभ कामना व्यक्त की। इन समस्त कार्यक्रमों का कार्यभार संचालन एवं समन्वयन राष्ट्रीय पुरष्कार से सम्मानित वरिष्ठ अध्यापक मनोरंजन पाठक के कुशल नेतृव में सम्पन्न हुआ। श्री पाठक ने सभी टीमों को सम्मानपूर्ण विदाई देते हुए सुखद भविष्य की कामना प्रेषित की तथा यात्रा की सूचना देते रहने के लिए आगाह किया। बताते चलें कि इस सैनिक स्कूल इंटरग्रुप फुटबॉल चौम्पियनशिप 2024-25 का समस्त नियोजन गेम्स व स्पोर्ट्स इंचार्ज, गणित विभागाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। इनके कुशल संचालन की उपस्थित सभी विद्वतगणों ने प्रशंसा की।

# कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में पड़े 2 लाख 48 हजार 58 वोट

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव में संसदीय क्षेत्र के कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में इस बार 60.99 प्रतिशत मतदान हुआ। कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में कुल 4 लाख 6 हजार 712 वोटर थे। इसमें 2 लाख 7 हजार 236 पुरुष व 1 लाख 99 हजार 262 महिला और 14 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थे। इसमें से 1 लाख 14 हजार 704 पुरूष और 1 लाख 33 हजार 353 महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जबकि एक थर्ड जेंडर ने मतदान किया। इस तरह कोडरमा में 2 लाख 48 हजार 58 मत पड़े। वोटिंग आंकड़ों के अनुसार पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग ज्यादा किया है, इस लोकसभा चुनाव में कोडरमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 55.35 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, तो दूसरी ओर 66.86 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इस तरह कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में 60. 99 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि पिछले चुनाव की अपेक्षा इस चुनाव में जिले में मतदान कम हुआ।

**कोडरमा लोकसभा सीट के लिए 61.90 प्रतिशत मतदान :** कोडरमा संसदीय क्षेत्र में हुए मतदान का अपडेट भी सामने आया है। इसके अनुसार संसदीय क्षेत्र के 6 विधानसभा क्षेत्र में ओभर ऑल 61.90 फीसदी मतदान हुआ है। हलांकी इसमें पोस्टल वैलेट से हुए मतदान का आंकड़ा शामिल नहीं है। 20 मई को हुए चुनाव में कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में 60.99, बगोदर में 63.55, बरकट्ठा में 60.40, धनवार में 60.51, गाण्डेय में 68.30 एवं जमुआ में 58.57 फिसदी मतदान हुआ है।

# चतरा संसदीय क्षेत्र में मतदान के बाद अनुमानों का दौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा संसदीय क्षेत्र में 20 मई को मतदान संपन्न हो गया और अब प्रत्याशी और उनके समर्थक परिणामों का अनुमान लगा रहे हैं। वे क्षेत्र में फोन करके आंकड़े जुटा रहे हैं और पिछले चुनावों के आंकड़ों का विश्लेषण कर रहे हैं। हालांकि, कोई भी प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है, खासकर राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशी। मतदाताओं के मिजाज का अंदाजा नहीं लग पाने के कारण ऐसी स्थिति बनी है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं के रुख का अंदाजा प्रत्याशी नहीं लगा पा रहे हैं।

# मतदान को लेकर जिला मुखिया संघ ने जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने जिला प्रशासन द्वारा जिले में भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के जागरूकता अभियान के कारण चतरा में मतदान का ग्राफ भी बढ़ा है। श्री सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन ने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए, जिसका सकारात्मक प्रभाव मतदान प्रतिशत पर पड़ा है।

# कैलाश राय में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के गांधी स्कूल रोड स्थित कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी छात्रों का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी रमेश कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में वर्ग दशम की बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले और द्वादश की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले भैया बहनों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

वहीं वर्ग द्वादश में अनुष्का पांडे का प्रदर्शन विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ रहा। उन्होंने 93. 4 प्रतिशत अंक लाकर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं वर्ग दशम की परीक्षा में भैया आयुष एकघरा ने 952 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

वहीं द्वादश में पांच भैया बहन सम्मानित हुए एवं वर्ग दशम में तेरह भैया बहनों को सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, समाजसेवी दिलीप सिंह, मनोज राणा, शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया के प्राचार्य अजय कुमार पाठक एवं भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर बरही के प्राचार्य रजनीश पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व कोषाध्यक्ष और शिक्षाविद सेठ साहू भी उपस्थित हुए। वहीं मंचासीन अतिथियों का परिचय प्रभारी मनोज कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि समाजसेवी रमेश कुमार सिंह ने भैया बहनों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि मेहनत का फल मीठा होता है और हमारे जिन भैया बहनों ने इसे आत्मसात किया आज वे सम्मानित हो रहे हैं।

सफलता भाग्य की वस्तु नहीं है, अपितु कर्म का फल है। परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख प्रदीप कुमार के द्वारा किया गया। पश्चात् भैया बहनों को संबोधित करते हुए प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि भैया बहन हमारे गर्व है, जिन्होंने आज हमें गौरवान्वित होने का मौका दिया है। वहीं अध्यक्षीय आशीर्वचन में अध्यक्ष नारायण सिंह ने भैया बहनों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह सदैव उन्नति के पथ पर अग्रसर रहें।

मौके पर विद्यालय के आचार्य रामानुज पांडे, डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह, नीरज कुमार, उमाशंकर कुमार, विजय कुमार मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा, संजय महतो, दीपक विश्वकर्मा, सुनील कुमार, पवन शर्मा, कुमार मुरलीधर, चंद्रशेखर कुमार, संजय सिंह, विक्रम कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, जितेश महतो, श्वेता श्रीवास्तव शर्मिष्ठा शाहा, सोनी कुमारी, चंद्र कावेरी निहाल, रिमझिम कुमारी, मोनिका कुमारी, सोनिया आदि मौजूद थी।

# डीसी की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेस वार्ता का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** चतरा के निवार्ची पदाधिकारी ने प्रेसवार्ता कर मतदान कर्मियों, पुलिस कर्मियों और अन्य अधिकारियों को शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए बधाई दी। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में चतरा जिले के मतदान केंद्रों पर सभी वर्ग के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया।

वृद्ध, दिव्यांग, युवा, महिला और नए मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई थीं। चतरा जिले के मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ, जिसमें चतरा विधानसभा में 61.98% और सिमरिया विधानसभा में 65.06% मतदान हुआ। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई और महिला मतदाताओं ने पुरुष मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान किया। 04-चतरा लोकसभा क्षेत्र में कुल 1689926 मतदाताओं ने मतदान किया। 27-चतरा विधानसभा क्षेत्र में 425469 मतदाता है जिसमें 02 थर्ड जेंडर शामिल है, 26-सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 375253 मतदाता है। उन्होंने बताया कि 2019 के लोकसभा चुनाव में जिले के 50 बूथों पर 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति और स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों से मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पथेल और गड़िया में पहली बार बूथ बनाए गए, जहाँ मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। पिछले चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मतदान दिवस पर, जेएसएलपीएस के दीदीयों और बूथ जागरूकता टीम ने लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। सिमरिया विधानसभा के टण्डवा प्रखण्ड में सबसे अधिक 70.19 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रेस कॉन्फ्रेंस में, लोकसभा निर्वाचन 2024 में सहयोग के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को धन्यवाद दिया गया। पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

# द्वारी पंचायत भवन में हुई चोरी



**खबर मन्त्र संवादाता**

गिद्धौर । थाना क्षेत्र के अंतर्गत द्वारी पंचायत भवन में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया और ताला तोड़कर 10 पीस ब्रांड एनर्जी लीडर की सुखी सेल बैट्री, 5 पीस उषा कंपनी की सीलिंग फैन, और 2 पीस 300 वाट का सोलर प्लेट चुरा ले गए। पंचायत मुखिया जगदीश यादव ने चोरी की सूचना दी और चोर को पकड़कर सुपुर्द करने वाले को इनाम देने की घोषणा की। थाना में चोरी की घटना को लेकर आवेदन दिया गया है और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के निर्देश पर पुलिस सब-इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह अपनी टीम के साथ पंचायत भवन का निरीक्षण कर रहे हैं और मामले की जांच कर रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### बाल विकास परियोजना कार्यालय विशुनपुर की लापरवाही से दवा हुई एक्सपायर



गुमला। विशुनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के समीप अधिकारियों की लापरवाही के कारण लाखों रुपए की दवाई एक्सपायर हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दवाई आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से गांव में वितरण के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई। मगर विभागीय लापरवाही के कारण दवाइयां का समय पर वितरण करना अधिकारी मुनासिब नहीं समझे। सरकार बिशुनपुर जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से कई महत्वपूर्ण योजना चलाकर कुपोषण से लड़ने के लिए दवाइयां सहित अन्य सामग्री उपलब्ध करा रही है। विभागीय लापरवाही के कारण यह दवाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं पहुंच कर कार्यालय के बाहर पड़ी पड़ी एक्सपायर हो गई है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। अब देखना यह काफी दिलचस्प होगा की क्या अधिकारियों के ऊपर करवाई होती है। की केवल स्पष्टीकरण निकालकर मामले को रफा दफा कर दिया जाएगा। इस संबंध में बाल विकास में कार्यरत सुपरवाइजर लीलामणि बेक से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि यह दवाई 2019-20 के आसपास में ही आया हुआ था। लेकिन ऊपर से बांटने का ऑर्डर नहीं मिला था। जिस कारण दवाइयां का वितरण नहीं किया गया।

### चेंबर अध्यक्ष ने बैंक प्रबंधक से रेजगारी उपलब्ध कराने की मांग की



गुमला। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में चेंबर के सदस्य बुधवार को एसबीआई के शाखा प्रबंधक से मुलाकात की। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष ने शाखा प्रबंधक से रेजगारी उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले के व्यापारियों को रेजगारी की कमी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शाखा प्रबंधक से एक रूपया से लेकर 20 रूपया तक के रेजगारी अविलंब उपलब्ध कराने की अपील की। जिसपर शाखा प्रबंधक ने कहा कि अभी बैंक में 1, 2 का सिक्का 3 से 4 लाख का उपलब्ध है। व्यापारी बंधुओं को जरूरी है तो बैंक से आकर ले सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष महेश लाल, सचिव बबलू वर्मा, आदित्य गुप्ता आदि मौजूद थे।

### दुष्कर्म के फरार आरोपी को पुलिस ने रांची से गिरफ्तार कर भेजा जेल



गुमला। भरनो पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को गुमला जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी अपने गांव के ही एक लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर एक वर्षों से दुष्कर्म कर रहा था। जब लड़की गर्भवती हो गयी तो उसका गर्भपात करा दिया और इसके बाद लड़की द्वारा शादी का दबाव दिया जाने लगा तो वह शादी से सीधे इंकार कर दिया और दूसरी लड़की से मांगनी कर लिया। मंगनी होते ही प्रेमी सईफ आलम पर लकड़ी फिर से शादी का दबाव डालने लगी। लेकिन आरोपी इंकार ही करता रहा। आजीज आकर लड़की ने 18 नवम्बर 2023 को सइफ के खिलाफ भरनो थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। भरनो थाने में केस दर्ज होते ही सइफ मलगो गांव से घर छोड़कर फरार हो गया। आरोपी की तलाश में केस के आईओ सब इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कई बार उसके मलगो स्थित घर मे छापेमारी की गयी पर सफलता हाथ नहीं लगी। मोबाइल ट्रेस के आधार पर पता चला की आरोपी सईफ रांची में चुप कर रह रहा है। फिर थाना प्रभारी अरविंद कुमार द्वारा एक टीम का गठन कर सादे लिबास में रांची पहुंचे। जहां आरोपी राजमिस्त्री का काम कर रहा था। पुलिस द्वारा चारों तरफ से घेरकर आरोपी को पकड़कर मंगलवार की शाम को भरनो थाना लाया।

### 34 पशुओं को पुलिस ने किया जब्त

गुमला। भरनो पुलिस ने थाना क्षेत्र के बूढ़ीपाठ और ललटोली गांव के बीच से तस्करी के लिए जा रहे हैं। 34 गौवंशीय पशुओ को जब्त किया है। जिसके बाद पैदल ही 7 किलो मीटर तक थानेदार के नेतृत्व में होमगार्ड के जवान और पुलिस के जवानों के द्वारा मवेशियों को हांकते हुए भरनो थाना लाया गया।

### शादी की नीयत से लड़के के पिता ने लड़की को घर से भगाया

गुमला। बसिया थाना क्षेत्र से एक नवालिक लड़की का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में लड़की की मां ने बताया कि सलेगुटु निवासी प्रकाश ओहदार के पिता मोंगला ओहदार बुधवार को उसके घर आया था और लड़की से शादी का प्रस्ताव दिया। इस संबंध में लड़की की मां ने कहा कि लड़की अभी नावालिग है। साथ ही आपका लड़का का पहले से एक लड़की से दो बच्चा है। जिस कारण हमलोगों ने शादी से इनकार कर दिया। आज लड़का के पिता मोंगला ओहदार मेरी नवालिक लड़की को घर से अपहरण कर लिया। उस समय घर मे सिर्फ मेरी एक बेटी थी। उसने हमलोगों को घटना की जानकारी दी। उसके बाद हमलोगों ने उसका पीछा किया। इसके बाद घटना की जानकारी शांति सेना को दी गई। शांति सेना के सदस्य ने हाफू कंबाटोली में लड़का के पिता एवं लड़की को धर दबोचा। उसके बाद इसकी सूचना बसिया पुलिस को दी गई। पुलिस ने लड़की एवे लड़के के पिता को थाना लेकर आई।

### बसिया के तेतरा में हो रहा है अवैध उत्खन्न

गुमला। बसिया प्रखंड के तेतरा पंचायत स्थित भेड़ीसोकड़ा पहाड़ एवं बगल से बहती नदी धड्डले से अवैध खनन किया जा रहा है। यह क्षेत्र वन आश्रयणी में आता है पर यहां के पहाड़ों और नदियों में खनन माफियों की काली नजर पड़ चुकी है। विकास के नाम से कुछ खनन माफिया पहाड़ को तोड़ रहे हैं एवं बगल से बहती नदी से रेत निकाल रहे हैं। उन्हें न प्रशासन का खौफ है और ना ही प्रकृति की चिंता। उन्हें तो बस कमाई करना है। बसिया प्रशासन के द्वारा खनन माफियाओं के खिलाफ छापेमेरी की जा जाती है पर खनन माफियों के हौसले इतने बुलंद है कि रात का अंधेरे छोड़ दीजिए दिन के उजाले में धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहे हैं। अगर इसी तरह अवैध खनन होते रहा तो राजस्व की चोरी तो होगी ही, प्राकृतिक को भी क्षति पहुंचेगी।

# अधेड़ महिला की हत्या मामले पर जिला अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव पहुंचे मृतक के गांव

पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिलकर हर सहायता देने की बात कही



खबर मंत्र संवाददाता

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के डुको गांव में हुए अधेड़ महिला सावित्री देवी के हत्या मामले को लेकर बुधवार को जिला अवर न्यायाधीश सह डालसा के सचिव रामकुमार लाल गुप्ता पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे। जहां मृतक सावित्री देवी के पति सीताराम महतो और उनके परिवार वालों से बात की और घटना की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। इसके साथ ही कानूनी सहायता निशुल्क उपलब्ध कराने की भी बात कही। उन्होंने कहा सरकार के द्वारा दी जाने वाली सभी लाभ से पीड़ित परिवार को लाभान्वित कराने का निर्देश बीडीओ को दिया। इसके साथ ही गांव में डायन बिसाही मामले को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। ताकि लोग अंधविश्वास से दूर रहे। वहीं गुप्ता ने यह भी कहा कि डायन बिसाही नाम की कोई भी चीज नहीं होती। किसी को डायन बिसाही कह कर प्रताड़ित कोई करता है तो वह कानूनन अपराध है। इस बात को लोग समझे अंधविश्वास से ऊपर उठे। बता दे कि सोमवार को डुको गांव में सावित्री देवी की हत्या उसी के घर में दिनदहाड़े अज्ञात अपराधियों द्वारा की गई थी। इस अवसर पर बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष मंडल अधिवक्ता शंभू कुमार सिंह, अशोक उरांव, विजय साहू, प्रकाश कुमार, पारस कुमार, सहित कई उपस्थित थे।

# भंडरा में ऑटो चालक नहीं वसूल सकेंगे मनमाना किराया, विभिन्न रूटों पर भाड़ा तय

## खबर मंत्र में प्रमुखता से खबर छापने के बाद प्रशासन ने की पहल

भंडरा में ऑटो से सफर करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर

खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। भंडरा में ऑटो चालकों द्वारा मनमाना किराया वसूले जाने को लेकर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। बुधवार को ऑटो रिक्शा चालक संघ और प्रशासन की एक बैठक भंडरा थाने में हुई। बैठक में सीओ दुर्गा कुमार ने भाग लिया। इस बैठक में ऑटो का किराया उचित लेने का निर्देश सीओ व थाना प्रभारी से सभी टेंपो चालको को दिया। जिला परिवहन विभाग से रेट चाट लेने के बाद किराया निर्धारित किया जाएगा। थाना प्रभारी सीओ ने परिवहन प्राधिकार को निर्धारित किराये की तालिका मंजूरी ने की बात कही। परिवहन विभाग की मुहर के बाद सरकारी स्तर पर निर्धारित किराया ही आटो चालक लेंगे। साथ ही सभी टेंपो चालक टेंपो में ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य कागजात रखने का निर्देश दिया।

**ऑटो चालकों द्वारा मनमाना किराया वसूले जाने की प्रमुखता से छपी थी खबर**



दैनिक अखबार खबर मंत्र में सोमवार को टेंपो चालको द्वारा मनमानी तरीके से बढ़ाया किराया यात्री परेशान शीर्षक से अखबार प्रकाशित होने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों की इस समस्या को प्रमुखता से लेते हुए। बुधवार को टेंपो चालको को थाने में बुलाकर बैठक कर किराया तय की। बता दे की टेंपो चालको द्वारा अकाशी रेलवे स्टेशन की दूरी छह किलोमीटर है पर टेंपो चालको द्वारा मनमानी तरीके से छ किलोमीटर का किराया तीस रुपया ले रहे हैं। इसके आलावे चट्टी से नाजगुवा पांच किलोमीटर का किराया भी तीस रुपया ले रहे है। वही भंडरा से बेडो 24 किलोमीटर का किराया 80 रुपया लिया जा रहा है। साथ ही टेंपो चालक नियमो को ताक मे रखकर टेंपो में मनमानी तरीके से 15 लोगो को बैठते है। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। किराया को लेकर हमेशा टेंपो चालको व यात्री के बीच तू तू में में होते रहती है।

# जिमा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में प्रसव के नाम पर एएनएम द्वारा प्रसूता से वसूली जाती है अवैध राशि

खबर मंत्र संवाददाता



पीड़िता महिला।

कुडू लोहरदग। सरकार अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। बावजूद इसके कुछ सरकारी कर्मियों ने पूरी व्यवस्था को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेल दिया है। ऐसा ही एक मामला कुडू प्रखंड के जिमा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में एएनएम मैरी क्रिस्टीना कुजूर के द्वारा प्रसूता एवम मरीजों के द्वारा फ्री में मिलने वाले इलाज की जगह अवैध राशि वसूलने का मामला सामने आया है। मामला को लेकर वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है।अब सब एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा कर बचने में लग गए है। सरकार की लाख कोसिसो के बाद भी सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज नहीं मिल रहा है। वही मरीजों से अवैध राशि वसूलने का कार्य किया जा रहा है। जानकारी अनुसार एक प्रसूता से 1500 से 5000 तक की राशि इस एएनएम द्वारा वसूले जा रहे है। इस घटना के बाद लोगो में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। साथ ही सिविल सर्जन से इस मामले पर कड़ी कारवाई करने की मांग भी की गई है। विदित हो की पिछले वर्ष फरवरी महीने में भी इसी एएनएम मैडम के द्वारा एक महिला से पैसे लेने का मामला प्रकाश में आया था, जिसके बाद मामले पर लीपापोती कर उनका पोस्टिंग जिमा में कर दिया गया। जहां भी ये मैडम वसूली अभियान में जुट गई। सवाल उठता है जब सरकार वेतन से लेकर संसाधन में करोड़ रुपए खर्च करती है तो भी यहां लूटने का काम बदस्तूर जारी है।

**मामला प्रकाश में आने के बाद जांच में जुटा स्वास्थ्य विभाग**

हालांकि पूरे मामले को लेकर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सोलामी होरो ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है और वो मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद दोषी पर करवाई की जाएगी।

# लाभुकों का सिकल सेल एनीमिया टेस्ट व स्क्रीनिग करायें : उपायुक्त

## स्वास्थ्य विभाग की हुई समीक्षात्मक बैठक



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सिविल सर्जन, एसीएमओ, डीएस सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित डॉक्टर्स, अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। बैठक में उपायुक्त के द्वारा विभाग अंतर्गत अब तक हुए सभी कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल एनीमिया, टीवी, कैंसर, डेंगू, लेब्रेसी, एम्बुलेंस पर चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले के शत प्रतिशत लाभुकों का सिकल सेल एनीमिया टेस्ट एवं स्क्रीनिग कराने का निर्देश दिया। साथ ही बिशुनपुर में एक माह के अंदर सभी पीवीटीजी परिवार का सिकल सेल एनीमिया का टेस्ट कराने को कहा गया। सभी को प्रति दिन का माईक्रोपलान चार्ट बनाकर देने का निर्देश दिया गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने 30 नवंबर तक सभी का शत प्रतिशत परिवार के लोगों को केवाईसी से जोड़ने तथा उनका आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं जिनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है उसे सभी लाभुको के बीच आवंटित करने को कहा। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत नियमित एएनसी चेकअप के बारे में आंगनवाड़ी सेविका एवं सहिया को जागरूकता करने को कहा। साथ ही डिलीवरी के बाद मिलने वाले लाभ एवं सहायता राशि के बारे में भी महिलाओं को जानकारी देने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन करने के विषय पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा जिले में मिर्गी के मरीजों के इलाज के लिए कैंप के आयोजना किए जाने पर भी विशेष चर्चा हुई।

# तेंदु पता तोड़ने जंगल गयी महिला पर बाघ ने किया हमला, घायल

टांगी लेकर पहुंचे एक ग्रामीण के प्रयास से बच सकी महिला की जान



खबर मंत्र संवाददाता

बिशुनपुर। विशुनपुर थाना क्षेत्र के बोरांग गांव निवासी 50 वर्षीय बिलासो देवी पर बुधवार को अचानक जंगली बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे ग्रामीणों की सूचना पर 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार उपरांत महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सदर गुमला रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों कश्मार क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा बनारी रेंज के जंगलों में ग्रामीणों से तेंदूपत्ता तोड़वाने का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में बिलासो बुधवार की सुबह गांव से कुछ दूरी पर स्थित भैरव नदी के समीप जंगल में अपने अन्य साथियों के साथ तेंदुपत्ता तोड़ रही थी। सुबह लगभग 8:30 बजे अचानक जंगली बाग गरजते हुए पहुंचा और बिलासों पर हमला करते हुए उठाकर पटक दिया। इस दौरान बिलासो के शरीर के कई हिस्सों पर बाघ ने पंजा मारा। जिससे वह बेहोश हो गई। तभी कुछ दूरी पर स्थित गांव के ही लीटगूं उरांव टांगी लेकर उक्त महिला को बचाने के लिए दौड़ पड़ा। इस पर महिला को छोड़ बाघ ने उसे भी दबोचने का प्रयास किया। परंतु लीटगूं जोर-जोर से टांगी घूमने लगा। जिस कारण बाघ के गिरफ्त में आने से बच गया। वहीं तेंदूपत्ता तोड़ रही अन्य महिलाएं चिल्लाते हुए पहुंची हल्ला सुन मौके से बाघ घायल महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। जिसके उपरांत गांव वालों को सूचना दी गई। जिसके बाद दिलेश्वर उरांव के साथ गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और बेहोशी अवस्था में महिला को टांग कर रास्ते तक लाया गया और 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर भेजा गया था। ग्रामीणों के अनुसार उक्त जंगल में पहली बार बाघ की उपस्थिति देखी गयी है। बताया जाता है कि हमला करने से पूर्व बाघ ने दो बार दहाड भी मारा था। जिसका आवाज गांव के कुछ लोगों ने भी सुना। इधर घटना की सूचना मिलते ही गांव में भय व्याप्त हो गया। लोग जंगल की ओर जाने से भी परहेज कर रहे हैं। दूसरी ओर मवेशी को भी घर ही में बांधकर रखना मुनासिब समझा रहे हैं।

**बाघ है या तेंदुआ जांच के बाद ही कहा जा सकता है: फॉरेस्टर**

बनारी रेंज के फॉरेस्टर किशोर नंद कुमार ने कहा कि घटना की सूचना मिली है। घायल को इलाज के लिए भेजा गया है। विभाग की ओर से आर्थिक सहयोग भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बाघ का हमला है या तेंदुआ का या किसी अन्य वन्य जीव का इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। घटनास्थल में जानवर के पद चिह्नों से टीम के द्वारा उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सच्चे जुझारू युवा समाज सेवी थे गौतम उरांव : निशीथ जायसवाल



लोहरदगा। जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार सरना टोली निवासी समाजसेवी गौतम उरांव का आकस्मिक निधन हो गया। जिसकी सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल उनके आवास पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की गौतम उरांव सच्चे जुझारू युवा समाज सेवी थे। वे राजी पड़हा प्रार्थना सभा के प्रथम जिलाध्यक्ष थे एवं राजी पड़हा प्रार्थना सभा के प्रदेश अध्यक्ष भी थे। इन्होंने लोहरदगा जिले में राजी पड़हा प्रार्थना सभा की नींव रखा और सामाजिक जागरण को नई दिशा प्रदान किया। इनके अमूल्य योगदानों को कभी नही भुलाया जा सकता है। इस मौके पर जिप सदस्य सुखदेव उरांव, राष्ट्रीय धर्मगुरु राजेश लिंडा, प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, प्रदेश अध्यक्ष माघी उरांव, महासचिव संदीप उरांव, आकाश भगत, राजमुनि उरांव, विशाल डुंगडुंग, संजय टोप्पो सरिता उरांव, रीता उरांव, सुनीता उरांव, प्रभु उरांव, शनि उरांव, बिहारी उरांव आदि उपस्थित थे।

### गुमला : नाबालिग छात्रा से किया जबरन दुष्कर्म पीडिता ने एसपी से की शिकायत

गुमला। रायडीह प्रखंड के 12 वीं कक्षा की एक नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता के द्वारा बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंप गया और न्याय की गुहार लगायी गयी। पीड़िता ने कहा कि वह 10 प्लस टू की छात्रा है। विद्यालय जाने के क्रम में जरजट्टा महुआटोली निवासी महताब शाह उसके साथ छेड़छाड़ करते रहता था। 30 अप्रैल 2024 को वह शाम के 4:30 बजे अपने भैंस को पानी पिलाने गई थी। रास्ते में महताब शाह उसका जबरजस्ती हाथ पकड़ कर जंगल ले गया। पीड़िता के द्वारा विरोध करने पर उसके गाल में जोरदार थपड़ मार कर जमीन में पटक दिया। जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वहीं घटना के बाद आरोपी उसे धमकी देते हुए कहा कि किसी को कुछ मत बताना नहीं, तो पूरा परिवार को गोली मार देगें। इधर घटना के बाद पीड़िता अपने बड़े पिता के घर चली गयी। जिसके उपरांत पीड़िता एक मई 2024 को सुबह अपने घर आई और साहस करके घटना के बारे में परिजनों को बताया। जिससे पूरा परिवार डर से चुप रहा। जिसके उपरांत सात मई को सुरसांग थाना में लिखित आवेदन दिया। इस संबंध में सुरसांग थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि आवेदन मिलते ही थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वहीं प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी चल रहा है। जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा।

# बर्ड फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट सदर अस्पताल में बनाये गये इमरजेंसी वार्ड

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। राजधानी रांची में बर्ड फ्लू का दूसरा मामला आने के बाद जिले में बर्ड फ्लू को लेकर स्वास्थ्य व पशुपालन विभाग अलर्ट मोड पर है। बर्ड फ्लू का खतरा को देखते हुए सदर अस्पताल में 10 बेड का इमरजेंसी वार्ड बनाया गया है हालांकि अभी तक जिले के किसी भी हिस्से में बर्ड फ्लू का मामला प्रकाश में नही आया है। बर्ड फ्लू को लेकर बाजार में पोल्ट्री मुर्गा की बिक्री में भी कमी देखी जा रही है। लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बताया रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है इसे लेकर लोगो को सुरक्षा बरतने की जरूरत है इस तरह का मामला अगर आए तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करे। वही सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो का कहना है कि जिले में अभी तक बर्ड फ्लू का मामला नही आया है। विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य और पशुपालन विभाग दोनो समन्वय बना कर चल रहे हैं। उन्होंने आम लोगों को सचेत करते हुए कहा है कि किसी भी तरह के पक्षी या मुर्गा खाने से परहेज करें। पक्षी या मुर्गों के मरने की सूचना मिलती है तो वे सदर अस्पताल या पशुपालन विभाग को सूचना को साझा करें।

# रेलवे कर्मचारी का शव घर से बरामद



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। शहरी क्षेत्र के एनडब्ल्यूजीईएल चर्च मिशन कंपाउंड निवासी रेलवे के पूर्व कर्मचारी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर शोक की लहर दौड़ गई है। एनडब्ल्यूजीईएल चर्च मिशन कंपाउंड निवासी स्व. विश्राम तिर्की के पुत्र रेलवे के पूर्व कर्मचारी खीस्त आटोनोमी चाजरका अलबेल तिर्की (60 वर्ष) अपने घर में अचेतावस्था में पाए गए थे। जिसके बाद आसपास के लोगों की सूचना पर सदर थाना पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस के द्वारा सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रीस्त आटोनोमी चाजरका अलबेल तिर्की से रेलवे से वीआरएस लिया था। उनकी बेटी भी रेलवे में नौकरी करती हैं। खीस्त आटोनोमी चाजरका अलबेल तिर्की रेलवे में वेल्डर के पद पर नियुक्त थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सांता पबिल्क स्कूल कर रहा है शिक्षा का महादान है : एसडीपीओ

स्कूल का मनाया गया 13 वां वार्षिकोत्सव, बच्चों ने प्रस्तुत की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम







खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। सांता पब्लिक स्कूल का 13 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, स्कूल के संरक्षक शंकर लाल जाजोदिया, सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र साहू, डायरेक्टर हेमंत कुमार व मनीष केशरी ने दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर एसडीपीओ यादव ने कहा कि शिक्षा दान महादान होता है। सांता पब्लिक स्कूल पिछले 13 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है। स्कूल ने केजी से लेकर 10 वीं कक्षा तक का सफर बडी मुश्किल से तय किया है जो काबिले तारीफ है। स्कूल के संरक्षक शंकर लाल जाजोदिया ने कहा कि आने वाले समय में सांता पब्लिक स्कूल का भविष्य उज्जवल दिखलाई पड़ता है। सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र साहू ने बच्चों से स्वर्णिम समय का सदुपयोग करने की बात कही। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा सांता पब्लिक स्कूल शिक्षा दान महादान के तर्ज पर कार्य करती है। बच्चों का सर्वांगीण विकास ही स्कूल का एकमात्र उद्देश्य है। यहां के बच्चे काफी अनुशासित है। सांता पब्लिक स्कूल का लक्ष्य है एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। स्कूल में फ्री एडमिशन के साथ री एडमिशन नहीं ली जाती है और न ही कोई अन्य शुल्क ली जाती है। इस अवसर पर रिलाएंस निप्पोन लाइफ इन्सुरेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार केशरी ने भी बच्चों व स्कूल प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस उतार चढ़ाव के दौर में 13 वर्षों का सफर का सबसे बड़ा साक्षी स्कूल परिवार है। कार्यक्रम का संचालन टीचर हिमा कुमारी ने और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका जसिंता बेक ने की। मौके पर अंकिता कुमारी, नोर्बेट बेक, बीणा देवी, रजनी सिन्हा, अंजनी कुमारी, मुस्कान, लाल परिजात, स्कूली बच्चे और पेरेंट्स उपस्थित थे।

**विद्यार्थियों को एकेडमिक अवार्ड से किया गया सम्मानित**

स्कूल में सत्र 2023-2024 में अव्वल हुए विद्यार्थियों को एकेडमिक अवार्ड दी गई। जिनमे क्लास बेबी नर्सरी से एडवर्ड सोरेंग, रिया कुमारी, नर्सरी से विदिशा उरांव, सौम्या कुमारी, के जी वन से नमन केरकटा, गुलशन, के जी 2 से हर्ष भगत, सौरभ चिक बड़ाईक, क्लास फर्स्ट से फ्रेकलन कुजूर, क्लास 2 से अनिकेत टोप्पो, क्लास 3 से दृष्टि कुमारी, समीर नायक,क्लास 4 से प्रियंका प्रजापति, अलीना असुर, क्लास 5 से मनीषा कुमारी, प्रकाश कुजूर, क्लास 6 से आशीष कुमार साहू, परी कुमारी, क्लास 7 से सुप्रिया असुर, क्लास 8 से संतोष गोप, क्लास 9 से सागर साहू, क्लास 10 से विपिन उरांव आदि बच्चों को अवार्ड प्रदान की गयी।

# कैरो बीडीओ ने शुरू की नयी पहल गांव का विकाश ग्रामीणों के साथ

खबर मंत्र संवाददाता



कैरो। कैरो बीडीओ ने प्रखंड में नई शुरूवात करते हुए गांव की विकास ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। इसे लेकर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनहट स्थित बुनियादी विद्यालय मैदान में बुधवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा प्रखंड सह अंचल अधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने गांव की विकास व ग्रामीणों की समस्या के निराकरण को लेकर पंचायत स्तरीय पहला जनता दरबार का आयोजन किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याओं को रखने के प्रस्ताव पर सबसे पहले दर्जनों ग्रामीणों द्वारा झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में घोर अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि अबुवा आवास में हजारों हजार रुपया की लेन देन किया गया है। जिसपर बीडीओ ने कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो बिल्कुल गलत बात है किंतु ग्राम सभा व ग्रामीणों का अधिकार है कि किसी को भी विकास योजना में एक रुपया न दें, और मेरे कार्यकाल में उचित काम को लेकर सीधा मुझसे संपर्क करें और अगर किसी के द्वारा राशि की मांग की जाती है तो उसकी जानकारी साक्ष्य सहित मुझे तत्काल दें। मेरे रहते एक पैसा का अनियमितता नही होने दिया जाएगा। शिकायत सही पाई जाएगी तो चाहे कोई रहे बख्सा नहीं जाएगा। बीडीओ ने ग्रामीणों से कहा कि पूर्व में किस तरह कार्यशैली थी इसे तो मैं कुछ नही कर सकती किन्तु आज के बाद ग्रामीणों के द्वारा सार्वजनिक हित और विकास से जुड़ी कार्यो को ग्राम प्रधान, मुखिया, वार्ड सदस्य व ग्रामीणों के साथ सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ाने का लक्ष्य है।

## स्पीड न्यूज

### खाद खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के झिरमतकोमा ग्राम निवासी कुलदीप गंझु 20 वर्ष पिता एतो गंझु ने खाद खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों द्वारा कुलदीप गंझू को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि कुलदीप गंझू के बड़ा भाई ने कुलदीप को कुछ काम करने को कहा था। लेकिन कुलदीप द्वारा नहीं किया। जिसे लेकर वह उसे फटकार लगाई तो वह गुस्से में आकर मंगलवार की रात्रि में खाद खा लिया और अपने कमरे में सो गया। बाकी घर के लोग घर की छत के ऊपर सोए होने के कारण कुलदीप को खाद खाने की जानकारी नहीं मिल पाई। परिजन जब सुबह उठकर उसके कमरे में गया तो देखा कि वह अचेत पड़ा हुआ है। तब आनन फानन में उसे बालूमाथ अस्पताल लाया गया।

### राजद जिलाध्यक्ष ने छपरा चुनावी रंजिश को बताया लोकतंत्र विरोधी

**चंदवा।** राजद के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिहार के छपरा स्थित तेलपा भिखारी ठाकुर चौक के पास चुनावी रंजिश में गोलीबारी के मामले को लोकतंत्र के खिलाफ करार दिया है। श्री यादव ने कहा कि इस घटना में चंदन कुमार नामक युवक की मौत गोलीबारी से हो गई थी। कहा कि अब तक के हुए चुनाव में माहौल इंडी गठबंधन में पक्ष में होने से भाजपा कार्यकर्ता हिंसा पर उतारू हो गए हैं। उनके कार्यकर्ता गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। राजद के बबलू गिरी, अजीत श्रीवास्तव, मनोज यादव, रामसेवक उरांव, विकास यादव, रंजीत यादव, गोपाल सिंह, रघुपाल यादव, सुरेश राम, मोहर यादव, बली यादव, मोहम्मद निसार, अजय चंद्रवंशी समेत अन्य लोगों ने पूरे मामले की जांच गहनता पूर्वक करने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### अज्ञात शव मिलने से गांव में सनसनी,



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के हेंठपोचरा पंचायत के मधुवाखांड़ पुल के पास बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने एक शव देखा। इसके बाद आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना सदर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल लाया है। वहीं ग्रामीणों से पूछताछ करने पर मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। उक्त घटना को लेकर गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# हनुमान मंदिर के पास क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नया पुलिया निर्माण की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग से जुड़कर चंदवा के प्रमुख विद्यालय प्लस 2 उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, खीस्त राजा विद्यालय, ग्रीन फील्ड एकेडमी जाने मार्ग पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया है। जिस कारण विद्यार्थियों को आने-जाने व आमजनों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगो को दो पहिया, चार पहिया वाहन पार करने में काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगो ने बताया कि विगत वर्ष बरसात में उक्त पुलिया बह गई थी, जिसके बाद ग्रामीणों ने मिट्टी भरकर पथ को



क्षतिग्रस्त पुलिया।

तत्काल आवागमन योग्य बना दिया था, साथ ही विभिन्न अखबारों के माध्यम से उक्त समस्या को प्रशासन तक पहुंचाया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलिया नही बन पायी, अब बरसात शुरू होने में महज एक माह ही शेष रह गया है। ऐसे में बरसात शुरू होने के बाद पुलिया कभी भी बह सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से उक्त स्थान पर पुलिया निर्माण कराने की मांग की है। इधर मामले को लेकर जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी ने बताया कि उक्त समस्या को लेकर उन्होंने पूर्व में उपायुक्त से मिलकर समस्या को रखी थी व डीएमएफटी फंड से उक्त स्थान पर पुलिया निर्माण की मांग की थी। वर्तमान में मामला प्रक्रियाधीन है।

## फुसरो में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने किया रोड शो

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /फुसरो।** फुसरो क्षेत्र से एनडीए गठबंधन प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में बुधवार की शाम आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल आदि ने फुसरो क्षेत्र के नया रोड फुसरो, फुसरो बैंक मोड, फुसरो बाजार, रहीमगंज, पुराना बीडीओ ऑफिस आदि क्षेत्रों में रोड शो किया। इस दौरान आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार द्वारा राज्य के युवाओं, किसानों, मजदूरों को सिर्फ छलने का कार्य किया जा रहा है और राज्य के अधिकतर युवा व युवतियां काम की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं। कहा कि राज्य की सता में आई हेमंत सोरेन सरकार ने पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन यह घोषणा सिर्फ कोरा साबित हुआ है। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गरीबों, किसानों व आमलोगो के हित में कई योजनाएं संचालित किया जा रहा है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ प्रहलाद बरनवाल, मधुसुदन प्रसाद सिंह, बेरमो विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण नायक, बेरमो संयोजक विनोद महतो, विधानसभा सह संयोजक शंकर रजक, शिवलाल रवि, ईश्वरचंद्र प्रजापति, देवी दास, प्रकाश सिंह, संतोष महतो, दीपक महतो, टिन्नु सिंह, धीरज पांडेय, अभय विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह, गिरिजा देवी, अर्चना सिंह, काशीनाथ सिंह, बुच्चु सिंह, बिनोद वाउरी, संतोष रवानी आदि लोग मौजूद थे।

## कालीचरण सिंह ने महागठबंधन के कार्यकर्ताओं की पिटाई से घायल हुए भाजपा बूथ एजेंट के परिजनों से की मुलाकात



पीड़ित से मुलाकात करते कालीचरण सिंह।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** चतरा लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने महागठबंधन के कार्यकताओं द्वारा चुनाव वाले दिन भाजपा के बूथ एजेंट की पिटाई कर दिए जाने के मामले को लेकर बुधवार को भाजपा के बूथ एजेंट सोहराय उरांव एवं उसके परिजनों से उनके घर मासियातु जाकर मुलाकात किया। मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता कालीचरण सिंह ने कहा कि महागठबंधन के गुंडो का मनोबल कितना बढ़ गया है कि वे एक निर्दोष आदिवासी भाजपा कार्यकर्ता का पिटाई कर दिया। लेकिन उन्हें याद रखना होगा की महागठबंधन के लोग गुंडागर्दी करके चुनाव नहीं जीत सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि पिटाई करने वाले महागठबंधन के कार्यकर्ता अवैध चिमनी भट्ठा चलाते हैं और प्रशासन उन पर कोई कार्रवाई नहीं करती है। जिसकी वजह से उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। एक शोषित आदिवासी समाज के युवक की पिटाई से हम सभी भाजपा कार्यकर्ता दुखी है। प्रशासन अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं करता है। तो आदिवासी समाज के साथ मिलकर आंदोलन भी करेंगे। मौके पर उन्होंने लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह एवं लातेहार एसपी अंजनी अंजन से फोन पर बात दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, अखिलेश भोक्ता, सूरज शाह, रविन्द्र सिन्हा, बंशी यादव, रामकुमार गुप्ता, लछमण कुशवाहा, संजय गुप्ता, ज्योति सिन्हा, मंजू देवी, त्रिवेणी साव, शैलेश सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आपसी शौहार्द बनाए रखने को लेकर बालूमाथ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च निकालती पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस-प्रशासन ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के मासियातु ग्राम में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव एवं बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय संयुक्त रूप से कर रहे थे। मौके पर जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने बताया की लोकसभा चुनाव वाले दिन मासियातू ग्राम में मारपीट की घटना हुई थी इसी को लेकर फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया है।और दोनों समुदाय के लोगों से अपील किया जा रहा है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखें एवं आपसी सौहार्द बनाए रखें। वहीं बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि आपसी शौहार्द बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ज्ञात हो की बीते सोमवार को लोकसभा चुनाव के दिन महागठबंधन के कार्यकताओं द्वारा भाजपा के बूथ एजेंट सोहराय उराँव की पिटाई कर दिया गया था। जिसमे वह घायल हो गया था। जिससे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ था। इसी को देखते हुए प्रशासन द्वारा फ़्लैग मार्च निकाला गया।

# 10 माह पहले लगाया गया सोलर जलमीनार अब तक नहीं किया गया चालू, ग्रामीणो में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरयू।** सरकार एक तरफ नल जल योजना के तहत हर घर पानी पहुंचाने का सुविधा मुहैया करवा रही हैं। वहीं दुसरे तरफ संवेदक के द्वारा इस योजना को लीपापोती करने का कार्य किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण आक्रोषित है। मामला नवनिर्मित सरयू प्रखंड के घासीटोला पंचायत अंतर्गत कोरवा टोली गांव के महुआ टोला में जल जीवन मिशन के तहत 10 माह पहले सोलर जल मीनार टंकी लगाया दिया गया है। ताकि हर परिवार के घर तक पीने का शुद्ध पानी पहुंच सके। लेकिन 10 महिना बीत जाने के बाद भी आज तक सोलर जल मीनार टंकी को चालू नहीं किया गया है। जिसके कारण 10 से 15 घर के परिवारों को पेयजल के लिए सिंचाई कुआं का सहारा लेना पड़ रहा हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस टोला में दो वर्ष पहले एक चापानल लगाया गया है। जोकि भीषण गर्मी के कारण चापानल का पानी सूख गया है। जिसके कारण पानी के लिए दरदर भटकाना पड़ रहा है।

वहीं ग्रामीण दशरथ सिंह, करीमन सिंह, उषा देवी, मोती देवी समेत आदि लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण चापानल का पानी सूख जाने से ग्रामीणों को प्यास बुझाने के लिए काफी परेशानी हो रही है। वहीं एक तरफ जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए सोलर जलमीनार टंकी हाथ का दांत साबित हों रहा है। वहीं दूसरी तरफ भीषण गर्मी के कारण चापानल का पानी भी जबाब दे दिया है। जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने शुद्ध पेयजल आपूर्ति सेवा बहाल करने के लिए प्रखंड एवं जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।



जानकारी देते ग्रामीण।




बंद पड़ा जलमिनार।

### सरस्वती विद्या मंदिर का नवम बोर्ड का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर लातेहार का नवम बोर्ड का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। नवम बोर्ड की परीक्षा में विद्यालय के कुल 118 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। जिसमें 15 छात्र-छात्राओं ने पांचो मुख्य विषय में ए प्लस ग्रेड अंक प्राप्त किया तथा 88 छात्र छात्राओं ने ए ग्रेड अंक प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधकारी समिति के सदस्य प्रधानाचार्य व आचार्य दीदी जी ने विद्यार्थियों को बधाई दी। परीक्षा प्रमुख रितेश रंजन गुप्ता ने परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। उक्त परीक्षा में विद्यालय के सर्वाधिक ग्रेड और बेहतर परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं में मुख्य रूप से हामिया खातून, दीपा रानी, आतिका कुमारी, रिया कुमारी, अंजली कुमारी, संजना कुमारी, मनीषा कुमारी, दिव्या सिंह, माही कुमारी, कोमल सिंह, राधिका कुमारी, सुमन कुमारी, सिंपल गुप्ता, प्राची गुप्ता, हर्ष गुप्ता रहे। प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने छात्रों को बधाई दी।

## राज्य के स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश, ढिलाई बरतने पर होगी कार्रवाई



➲ **15 जून के बाद प्रत्येक जिले के 30 विद्यालयों का होगा औचक निरीक्षण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/लातेहार।** राज्य शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य के सभी जिलों को स्मार पत्र के माध्यम से सभी सरकारी तथा गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का कक्षा एक में सीधे नामांकन एवं वर्ग प्रोन्नति, विद्यालय परिवर्तन के क्रम में कक्षा 6, 9 एवं 11 में नामांकन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भेजा है। जिलों को निर्देशित किया गया है कि नामांकन के लिए बच्चों की सूची प्राप्त करने के लिए टैग किये गए विद्यालयों एवं टोलो का भ्रमण कर बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। साथ ही कहा गया है कि सभी प्राथमिक विद्यालय अपने पोषक क्षेत्र में आने वाले सभी आंगनबाड़ी से संपर्क कर बच्चों की संख्या एवं सूची प्राप्त कर प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। छह वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक बच्चे का कक्षा एक में नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

**प्रपत्रों से प्राप्त आंकड़ों की सूची से शत-प्रतिशत नामांकन करना होगा सुनिश्चित**

सभी विद्यालय (जहां कक्षा एक की सुविधा हो) अपने पोषक क्षेत्र के आंगनबाड़ी से पूर्व के पत्र से प्रेषित प्रपत्र-ए में प्राप्त आंकड़ों की सूची प्राप्त कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। सभी विद्यालय (जहां कक्षा 6 की सुविधा हो) अपने पोषक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय से पूर्व के पत्र से प्रेषित प्रपत्र-बी में प्राप्त आंकड़ों की सूची प्राप्त कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। सभी विद्यालय (जहां कक्षा 9 की सुविधा हो) अपने पोषक क्षेत्र के मध्य विद्यालय से पूर्व के पत्र से प्रेषित प्रपत्र-सी में प्राप्त आंकड़ों की सूची प्राप्त कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। सभी विद्यालय (जहां कक्षा 11 की सुविधा हो) अपने पोषक क्षेत्र के उच्च विद्यालय से पूर्व से प्रेषित प्रपत्र-डी में प्राप्त आंकड़ों की सूची प्राप्त कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य सभी कक्षाओं के बच्चो का भी अगली कक्षा में नामांकन सुनिश्चित किया जायेगा।

**ई-विद्यावाहिनी में 25 दिनों के भीतर अद्यतन आकड़ा कराना होगा दर्ज**

राज्य शिक्षा परियोजना ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी विद्यालयों को ई-विद्यावाहिनी में नव नामांकन एवं प्रोग्रेशन संबंधी विकल्प खुलने के 25 दिनों के भीतर सत्र 2024-25 के लिए बच्चों के नव नामांकन एवं प्रोग्रेशन संबंधी अद्यतन आंकड़ा ई-विद्यावाहिनी में दर्ज कराना होगा। इस बाबत राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि 15 जून के बाद राज्य के प्रत्येक जिलों के 30 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इनमें प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालय शामिल होंगे। राज्यस्तरीय टीम द्वारा विभिन्न जिलों में नव नामांकन, वर्ग प्रोन्नति एवं विद्यालय परिवर्तन की पड़ताल की जाएगी। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीआरपी/सीआरपी, बीपीओ एवं संबंधित प्रखंड के बीईईओ के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव खत्म होते ही गुणाभाग में सभी दल के पार्टी, अपनी-अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं हो पा रहे हैं पार्टी

# राष्ट्रीय पार्टी के आलाकमान को गुमराह कर ग्रामीणों में कुचक्र रचकर कुर्ता चमकाने वाले बड़बोले नेताओं को भी बढ़ी हुई है चिंता

संजय राम

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में 20 मई को मतदान संपन्न होने के बाद प्रत्याशी व उनके समर्थक आंकलन में जुट गये हैं। क्षेत्र में फोन कर आंकड़े जुटाये जा रहे हैं। कहां, कैसा चुनाव हुआ है और किसके पक्ष में मतदान कितना हुआ है, इन सबों की जानकारी ली जा रही है। पिछले चुनाव में किस क्षेत्र से किस दल को कितना वोट मिला था, उसका गुणा भाग किया जा रहा है। किस जाति व समुदाय ने किसे कितना वोट दिया होगा, इसकी भी गणित लगायी जा रही है। बावजूद इसके कोई भी प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं दिखायी पड़ रहा है। राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशियों की धड़कनें मतदान के बाद बढ़ गयी है। जो प्रत्याशी पूर्व में हर हाल में अपनी जीत के दावे कर रहे थे, आज वे भी संशय में हैं। मतदाताओं के मिजाज का अंदाजा नहीं मिल पाने के कारण ऐसी स्थिति बनी है। लेकिन शहर के चौक-चौराहों में हार जीत को लेकर खूब चर्चा हो रही है। अब तो आगामी चार जून को ही पता चल पायेगा कि सेहरा किसके सिर बंधेगा। बताया जाता है कि शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र हो मतदान का प्रतिशत बेहतर रहा है। शहरी वोटरों का मिजाज तो लोगों ने भांप लिया है लेकिन ग्रामीण मतदाताओं के मिजाज को भांपना थोड़ा कठिन हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं के रूख का अंदाजा प्रत्याशी नहीं लगा पा रहे हैं।

## मतदान खत्म होते ही गुणा भाग में लगे हैं, कहीं भाजपा तो कहीं कांग्रेस की बढ़त

बारियातू प्रखंड के सभी 50 बूथों में 70.38 प्रतिशत मतदान होने के बाद सभी पार्टी के कार्यकर्ता गुणा भाग में लगे हुए हैं। मौन वोटर का आंकड़ा मिलना काफी मुश्किल हो रहा है। हालांकि बारियातू प्रखंड क्षेत्र में दो पार्टियों का ही टक्कर है, अन्य पार्टियों का कोई खास असर नहीं दिखा। दो पार्टियों में भाजपा और कांग्रेस में ही मतदाता बढ़ चढ़ कर मतदान किए हैं। कुछ बूथों में भाजपा बढ़त में है तो कुछ बूथों में कांग्रेस बढ़त में है। चलाक वोटर मौन हैं किस पार्टी में वोट किए हैं वे खुलकर नहीं बता रहे हैं। सभी प्रत्याशीयों का किस्मत मत पेटी में बंद है। 4 जून का इंतजार में लोग है। भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टी के कार्यकर्त्ता जीतने की ताल ठोक रहे हैं। कहीं आंकड़ा से लगाने के लिए चारो ओर आंकड़ा टोह रहे हैं। सभी चौक चौराहा में कोई भाजपा का जीत होने की दावा कर रहे हैं तो कहीं महागठबंधन के कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा ठोक रहे हैं। कहीं आंकड़ा देखकर दोनों पार्टी के कार्यकत्ताओं में चिंता भी देखा जा रहा है। मतपेटी में बंद किस्मत का ताला 4 जून को खुलेगा। जनता जनार्दन है। जनता किसे नाकारा है या किन्हे सकारा है। सांसद बनकर दिल्ली कौन जायेंगे। इंतजार की घड़ी जारी है। देखा जाय तो मीडिया के मुताबिक बारियातू प्रखंड क्षेत्र में सर्वे करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कम समय में अनुभव के तहत आंकड़ा दिखाने का भी प्रयास किया जा रहा है। चुनाव खत्म होते गांव घर में चहलकदमी उदास हो गया है।



मतदान करते मतदाता।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ तैयारी का लिया जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**अररिया।** अररिया में 04 मई को कृषि उत्पादन बाजार समिति के प्रांगण में मतगणना का कार्य किया जाएगा। मतगणना कार्य को लेकर जिला स्तरीय अधिकारी तैयारी में पूरी तरह जुट गए हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी इनायत खान द्वारा कृषि उत्पादन बाजार समिति में बनाये गये बज्रगृह का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मतगणना हॉल के आंतरिक एवं बाह्य परिसर में बैरिकेटिंग सहित अन्य व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बज्रगृह में लगाये गये सीसीटीवी का भी जायजा लिया गया और पालीवार प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों की उपस्थित संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## राज्यपाल व सीएम ने 'बुद्ध पूर्णिमा' के अवसर पर बिहारवासियों को दी शुभकामनाएं

**पटना।** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार के दिन हो रही बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दी है।वैशाखी पूर्णिमा के दिन ही भगवान बुद्ध का जन्म, उन्हें ज्ञान की प्राप्ति एवं उनका महापरिनिर्वाण हुआ था और इनके उपलक्ष्य में 'बुद्ध पूर्णिमा' आयोजित की जाती है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, करूणा और शांति के मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता है। आज विश्व समुदाय जिन अनेकानेक समस्याओं का सामना कर रहा है, उनका समाधान भी भगवान बुद्ध के दर्शन एवं उपदेशों में निहित है। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक समरसता में अहम योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भगवान बुद्ध का जीवन हर किसी के लिये प्रेरणादायी है। उनके जीवन दर्शन से हमें प्रेम, शांति, सद्भाव, त्याग, अहिंसा एवं संयम जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। भगवान बुद्ध के बताये हुये अष्टांगिक मार्ग पर चलकर मनुष्य सम्यक और संतुलित जीवनयापन करने में सक्षम हो सकता है।

## मुख्यमंत्री ने संवेदना व्यक्त की

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर चौक के पास ट्रक और ऑटों की टक्कर में तीन लोगों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। उन्होंने घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### 2024 का लोकसभा चुनाव

# संविधान और आरक्षण बचाने के लिए लड़ रहे हैं: तेजस्वी

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** 2024 का लोकसभा चुनाव संविधान और आरक्षण बचाने की लडाई है, जब हमारी सरकार बनेगी तो बेरोजगारों को नौकरी मिलेगी। उक्त बातें सुगौली के विशुनपुरवा हाई स्कूल के प्रांगण में पश्चिम चंपारण से कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कही। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मदनमोहन तिवारी को लालू यादव,मुकेश सहनी,राहुल गांधी का संयुक्त उम्मीदवार बताते हुए लोगो से उन्हे जीत दिलाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि जब हमारी सरकार बनेगी तो पांच किलो के बदले दस किलो अनाज दिया जाएगा। गैस का दाम घटेगा। बेरोजगारी, गरीबी व महंगाई का समूल नाश किया जायेगा। उन्होने कहा कि मोदी जी चीनी मील भी नहीं चलवाए। वीआइपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कम शब्दों में अपना भाषण समाप्त करते हुए कहा कि हमारे कांग्रेस उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी को मजबूती से जिताइए। हम सभी संविधान बचाने की लडाई लड रहे है। हमे परेशान किया जा रहा है। जिसका जवाब वोट से देना है।आप सभी लोग मिल कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनावे। इससे पहले स्थानीय नेताओं व कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा दोनों को फूल माला पहना कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष ताराचंद यादव ने किया। जबकि संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजय झा ने किया।





## खबर एक नजर में

### आग से आधा दर्जन घर जलकर खाक

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के खरूही गांव में बुधवार को अचानक आग लगने से आधा दर्जन घर जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो सका है। सूचना पर आनन फानन में पहुंची फायर बिग्रेड की तीन गाड़ी स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार घटना के पीड़ितो रामएकबाल साह, गोविन्देव साह, मनोज साह, विशुन साह, विनोद साह, मनोहर साह, संतोष साह शामिल है,जिनका घर जला है,वही अगलगी की इस घटना में एक बाइक, एक पंप सेट, मवेशी, कपड़ा, अनाज सहित पांच लाख की संपति जलकर राख हो गया है।

### पवन सिंह ने काराकाट की जनता के लिए जारी किये वचन पत्र

**पटना।** बिहार के काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे पवन सिंह ने बुधवार को भाजपा से निष्कासित होने के बाद काराकाट की जनता के लिए वचन पत्र जारी किया है। एक्टर पवन सिंह ने वचन पत्र जारी कर क्षेत्र की जनता को 20 वचन दिए हैं। वचन पत्र में एम्स की तर्ज पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से लेकर डालमिया फैक्ट्री को फिर से चालू कराने, सोन नदी के किनारे मरीन ड्राइव बनाने सहित क्षेत्र में फिल्म इंडस्ट्रीज की स्थापना की बात कही है। इसके अलावा पवन सिंह ने क्षेत्र में उद्योग धंधों को शुरू करने, रोजगार बढ़ाने सहित आईटी पार्क के निर्माण की घोषणा की है। मां ताराचंडी मंदिर के साथ पर्यटन की दृष्टि से रोहतास एवं औरंगाबाद में स्थित सभी धार्मिक स्थलों एवं रोहतास के किले का सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण कराने की घोषणा पवन सिंह ने अपने वचन पत्र में की है।

### सीएसपी संचालक के शोक-संतप्त परिजनों से मिले सांसद, मृतक के बच्चों की ली जिम्मेवारी

**पूर्णिया।** सांसद संतोष कुशवाहा बुधवार को बनमनखी प्रखण्ड के रसाढ़ गांव में सीएसपी संचालक स्व सुभाष मिश्र के शोक-संतप्त परिजनों से मिले, जिनकी हत्या अपराधियों ने बीते दिनों लूट के दौरान कर दी थी। इस मौके पर परिजनों द्वारा घटना की पूरी जानकारी कुशवाहा को दी गई और इस प्रकरण में पुलिस पर निष्क्रियता के आरोप भी लगाए। कुशवाहा ने परिजन को पुलिस अधीक्षक से हुई बातचीत का हवाला देते हुए आश्वस्त किया कि अपराधियों की पहचान कर ली गई है ,शीघ्र ही ऐसे लोगों की गिरफ्तारी होगी।साथ ही कहा कि गिरफ्तारी के बाद अपराधियों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाकर उसे सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी। सांसद कुशवाहा ने कहा कि जब उन्हें घटना की जानकारी मिली तो उसके बाद निरंतर वरीय पुलिस अधिकारियों के संपर्क में रहे और कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलनी चाहिए।उन्होंने कहा कि मृतक की विधवा और बच्चों से मिल व्यथित हूँ,विचलित हूँ। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिया कि दोनों बच्चों की इंटर तक कि पढ़ाई की जिम्मेवारी उनकी होगी उसमे कोई बाधा नही आएगी।साथ ही मृतक की विधवा के रोजगार की दिशा में भी वे सकारात्मक पहल करेंगे ताकि उन्हें आर्थिक संकट का सामना नही करना पड़े।

### जैव विविधता दिवस पर रानीगंज वृक्ष वाटिका में कार्यक्रम आयोजित

**अररिया।** रानीगंज नगर पंचायत के हसनपुर में बुधवार को जैव विविधता दिवस के मौके पर वृक्ष वाटिका में बिहार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन सचिव वंदना प्रेयसी का आगमन हुआ।मौके पर विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बच्चों ने जैव विविधता संरक्षण को लेकर पेंटिग बनायी, जिसे देखकर वन पर्यावरण सचिव के द्वारा बच्चों की काफी प्रशंसा की।बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में सफल बच्चों को सचिव वंदना प्रेयसी ने मेडल देकर सम्मानित किया।साथ हीं मौजूद वन कर्मियों, स्कूली बच्चों,जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए सचिव वंदना प्रेयसी ने कहा कि जैव विविधता के साथ साथ हमलोगों को पर्यावरण, प्रदूषण,जलवायु परिवर्तन ,जल संरक्षण आदि बहुत महत्वपूर्ण है।हमलोग भी जैव विविधता का हीं एक हिस्सा है।हमलोगों को प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों में वन पर्यावरण सचिव बिहार के अलावे फारविसगंज एसडीओ शैलजा पांडे, डीएफओ मेघा यादव आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर रेंजर दिनेश प्रसाद यादव,कुंदन सिंह, प्रदीप कुमार सिंह सहित विभाग के कई डीएफओ भी मौजूद थे।

### गोली चलाने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**पूर्णिया।** रुपौली थाने के अंतर्गत ग्वालपाड़ा मदरोनी टोला में मंगलवार रात अपराधियों द्वारा गोली चलाई गई। इससे इलाके में हडकंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को गोली चलने की सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर पूर्णिया एसपी ने एक छापेमारी टीम बनाई। छापामारी दल ने कार्रवाई करते हुए ग्वालपाड़ा में छापामारी की और दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों का नाम पिंटू कुमार और रामू कुमार है।दोनों अपराधी स्व. सुध्धी सिंह के पुत्र हैं और ग्वालपाड़ा मदरौनी टोला के रहने वाले हैं। पुलिस ने छापेमारी में एक पल्सर मोटरसाइकिल और एक फायर किया हुआ खोखा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है अपराध की कोई भी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है।

### अन्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर लगाए गए एक सौ पौधे

**भागलपुर।** अन्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर बुधवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी भागलपुर श्वेता कुमारी की मौजूदगी में 1 इंडियन फ्लैप सेल टर्टल, 2 लेसर एजुटेंट एवं 3 ग्रेटर एजुटेंट को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया। साथ ही साथ किलकारी के बच्चों के द्वारा 100 पौधे लगाए गए। अन्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के मौके पर विशेषज्ञों के द्वारा किसानों को जैव विविधता के बारे में गहन जानकारी दिया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि जैव विविधता मनुष्य को व्यापक लाभ भी प्रदान करती है। पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को संरक्षित करने से भोजन और अन्य प्रमुख संसाधनों तक पहुंच सुनिश्चित होती है, जैसे पौधों और जड़ी-बूटियों में निहित कुछ दवाओं के सक्रिय तत्व। इसके अलावा, स्वस्थ और विविध पारिस्थितिकी तंत्र वायु और जल शुद्धिकरण, जलवायु विनियमन और बाढ़ की रोकथाम में भी योगदान देते हैं।

## चरस तस्करी मामले में अभियुक्त को तेरह साल का कारावास

**पूर्वी चंपारण।** चौदहवीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एनडीपीएस एक्ट कोर्ट नंबर 2 के विशेष न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने चरस तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को तेरह वर्षों का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनायी है। अर्थ दंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सजा नेपाल के पर्सा जिला के पथरिया निचुता निवासी मायालाल हजारा को हुई है। मामले में नारकोटिक्स कोट्रोल बोर्ड पटना के अधिकारी राहुल कुमार पूर्वे ने न्यायालय में अभियुक्त के विरुद्ध परिवाद दायर किया था, जिसमें कहा था कि 5 मई 2018 को गुप्त सूचना के आधार पर रक्सौल कौड़िहार चौक के समीप एसएसबी जवानों ने संदेह पर एक युवक को झोला के साथ पकड़ा।

# नवीं एवं दसवीं में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के डीएवी मॉडल स्कूल सह जय हिंद कोचिंग सेंटर में नवीं एवं दसवीं कक्षा में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक सुशील केषरी, प्राचार्य गुलाम सरवर, शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, पूनम देवी आदि के संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर संजू कुमारी, गोल्डी कुमारी, शाइस्ता खातून, अनबिया परवीन, ग्रेसी केषरी और रिया कुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सिद्धिका एवं ग्रुप ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावे कई छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। तत्पश्चात दसवीं में 854 प्रतिषत अंक प्राप्त करने वाले अर्जुन कुमार को पुरस्त किया गया। साथ ही दसवीं के नैतिक कुमार सिंह, आयुष कुमार और भारती कुमारी को भी पुरस्त किया गया। वहीं नवीं की अनुराग गुप्ता को शील्ड से सम्मानित किया गया। अनुष्का कुमारी, एंजेल कुमारी, दुर्गा कुमारी, पिंकी कुमारी, प्रज्ञा राज को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक श्री केषरी ने बताया कि इस प्रकार के सम्मान समारोह के आयोजन से बच्चों का हौसला बढ़ता है और उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षक मिथिलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों की शिक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव कार्य कर रहा है। प्राचार्य ने बच्चों को भविष्य में और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर शिक्षक मदन मोहन द्विवेदी, वीरेंद्र कुमार, चंदन कुमार, आरती देवी, श्वेता कुमारी, तान्या सोनी आदि उपस्थित थे।




सम्मानित करते अतिथि

## दर्जनों युवाओं से ठगी कर ठग हुआ फरार

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया में रेलवे एडीआरएम बनकर रेलवे में नौकरी दिलाने व रेलवे में ठेका दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने का मामला समाने आया है । वही, बताया जा रहा है कि अभिमन्यु कुमार मंडल नामक एक व्यक्ति एडीआरएम बनकर जोगबनी आता है और जोगबनी के इंदिरानगर वार्ड 04 में एक मकान किराया में लेकर रहता है यह व्यक्ति जोगबनी सहित जिले के कई युवक व युवतियों को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी कर फरार हो गया है। वहीं लोगों को रेलवे में टेंडर दिलाने के नाम पर भी ठगी की। बताया जा रहा है कि ठगी का आलम यह था कि इसने कई लोगों को रेलवे में टेंडर का वर्क परमिट भी जारी कर दिया। वहीं युवक-युवतियों की स्टेशन मैनेजर, स्टेनो सहित ट्रैकमैन की नियुक्ति का लेटर भी जारी कर दिया।

# फार्मासिस्ट के पुत्र का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के रांकी मोहल्ला निवासी फार्मासिस्ट वेंकटेश्वर नारायण के 28 वर्षीय पुत्र डॉ अभिषेक कुमार की मौत मंगलवार की रात्रि सड़क दुर्घटना में हो गई। इसकी जानकारी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सचिव नंदकिशोर श्रीवास्तव ने दी। सचिव श्री श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ अभिषेक ने चाइना से डॉक्टरी की डिग्री प्राप्त की थी और पलामू प्रखंड के डाल्टनगंज में रहकर पलामू मेडिकल कॉलेज से इंटर्नशिप की भी पढ़ाई लगभग पूरी कर चुके थे। वे मंगलवार की रात अपने मित्र के साथ स्कूटी पर घूमने निकले थे। रेलवे स्टेशन की ओर जाते समय स्कूटी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई, जिससे डॉ अभिषेक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक डॉ अभिषेक के पार्थिव शरीर को रात 1:00 बजे उनके निवास स्थान गढ़वा लाया गया। बुधवार सुबह दानरो नदी के घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनके समस्त परिवार सहित केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के समस्त पदाकिारी एवं सदस्य गण शामिल हुए। सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अध्या शंकर पांडेय, कोषायक्ष मनीष कश्यप, सह सचिव सुरेंद्र कश्यप, वीरेंद्र सिंह, संतोष गुप्ता, संतोष मेहता, अमित केशरी, दीपक तिवारी, राम गहन मेहता, विवेक केशरी, डॉ पतंजलि केशरी, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ संजय कुमार आदि का नाम शामिल है।



डॉ अभिषेक की फाइल फोटो

# श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** मानस मंडली बिशनपुर इकाई साप्ताहिक संगीत के तत्वावधान में शहर के टंडवा में श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ अखंड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शंख वनि व श्री राम दरबार व श्री हनुमान दरबार में पुष्प माला अर्पित कर की गई। तत्पश्चात मंत्र उच्चारण के साथ पूजा पाठ किया गया। अंत में आरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया।

मौके पर मंडली के सदस्यों ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने से घर में सुख शांति की प्राप्ति होती है। विश्व का कल्याण होता है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में मंदिर एवं घरों में सुंदरकांड पाठ किया जाता है। सुंदरकांड का पाठ करने से संकट से मुक्ति मिलता है। मनुष्य को अपने जीवन में सुख शांति के लिए प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को श्री सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मानस मंडली के द्वारा 30 जुलाई को अयोया में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में मानस मंडली इकाई गढ़वा के द्वारा संगीत में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। मौके पर मंडली के संयोजक द्वारकानाथ पांडेय, मानस मंडली के अरुण दुबे, जय शंकर ब्रेजियर, गीता देवी, मोहित कुमार, आत्मा पांडेय, बृजेश कुमार पांडेय, अमरेंद्र कुमार मिश्र, सतीश चौबे, प्रभारी सियाराम पांडेय, अरविंद तिवारी, राकेश रंजन चौबे, विजय पांडेय, कृष्ण कुमार चौबे, राकेश तिवारी, रघुपति सिंह, विजय तिवारी, शेखर सिन्हा, मनोज सिन्हा, राजनाथ दुबे, रमन केशरी आदि उपस्थित थे।



सुंदरकांड का पाठ करते लोग

### पंसस ने बीडीओ से की शिकायत

# खराब जलमीनार को बनवाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने पेयजल संकट से जूझ रहे भवनाथपुर सब्जी बाजार के ग्रामीणों की शिकायत पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नन्दजी राम से मुलाकात कर सब्जी बाज़ार में दो वर्ष से खराब पड़े पंचायत निधि द्वारा निर्मित जलमीनार को बनवाने की मांग की है। आवेदन में पंसस ने लिखा है कि जलमीनार खराब रहने से अगल -बगल के लगभग 20 घरों के अलावा सब्जी खरीदने आने वाले लोगों एवं राहगीरो को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। सब्जी बाजार में ही पीएचडी विभाग से लगा तीन चापाकल भी पाईप की कमी से एक बाल्टी पानी देने के बाद सुख जा रहा है।

पंसस ने जलमीनार के अलावा सब्जी बाजार में लगे पीएचडी के तीन चापाकल एवं बाजार में ही बस्ती गली में पीएचडी के चापाकल की जल्द मरम्मत की मांग की है।

# टेलर व कार की टक्कर में दो महिलाओं की मौत, तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल थाना क्षेत्र के भदुआघाटी के समीप कार और टेलर की टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। मृतकों में ब्यूटी खातून 32 वर्ष, नफीसा खातून 45 वर्ष का नाम शामिल है। जबकि घायलों में वसीम अंसारी 49 वर्ष, स्वीटी खातून 30 वर्ष तथा एक वर्ष का बच्चा शामिल है। टेलर चालक घटनास्थल से टेलर को छोड़कर फरार है। घटना के संबंध में वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि गढ़वा की ओर से आ रही टेलर सीजी 04 पीबी 8431 एवं कार सीजी 15 डीसी 9690 की भदुआघाटी के समीप आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिससे कार में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। घायल व्यक्ति के परिजनों ने बताया कि सभी लोग गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित सोनपुरवा टोला में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में रंका थाना क्षेत्र के भदुवाघाटी मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रही टेलर से कार की टक्कर हो गई। घटना के संबंध में रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने बताया कि कार पर सवार लोग छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले अंतर्गत सूरजपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। रंका थाना प्रभारी अनिल कुमार नायक ने दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है।



दुर्घटनाग्रस्त कार


### पेज एक का शेष

## महाधिवक्ता रची थी जांच टीम के खिलाफ साजिश

गौरतलब हो कि विजय हंसदा द्वारा दर्ज अवैध पत्थर खनन के मामलों में इडी जांच कर रही है। बाद में शिकायतकर्ता विजय हांसदा मुकर गया। इडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा और सहायक अधिकारी अनुपम कुमार के खिलाफ आइपीसी और एससी, एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया। पत्थर खनन घोटालों में झामुमो नेता पंकज मिश्रा को मुख्य साजिशकर्ता के रूप में गिरफ्तार किया गया था। इडी ने हेमंत सोरेन को भी घोटाले का प्रमुख लाभार्थी बताया था। इडी ने दिसंबर 2022 में झारखंड उच्च न्यायालय को सूचित किया कि राजीव रंजन और पूर्व सीएम के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ने अवैध पत्थर खनन की जांच और हिरासत के दौरान पंकज मिश्रा से पूछे गये सवालों के बारे में जानने के लिए इडी की जासूसी करने की योजना बनायी थी। उन्होंने पुलिस हिरासत में पूछे गये सवालों के बारे में जानने के लिए पंकज मिश्रा से मिलने के लिए एक वकील को गुप्त रूप से इडी कार्यालय भेजने की योजना बनायी।

स्पीड न्यूज

## अजय देवगन की फिल्म मैदान ओटीटी पर रिलीज




**मुंबई।** अजय देवगन की फिल्म मैदान अब ओटीटी पर रिलीज हुयी। ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई मैदान को काफी पसंद किया गया था। अब अजय की मैदान प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। लेकिन यह रेंट पर उपलब्ध है। फिल्म में अजय देवगन ने भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहमान की भूमिका निभाई है। फिल्म में प्रियामणि, गजराज राव, रुद्रनील घोष है।

## राखी सावंत को जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन के नाम से मशहूर एक्ट्रेस राखी सावंत को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। राखी के वकील ने भी इस बात की पुष्टि की है और कहा है कि हां, राखी को धमकी भरे कॉल आ रहे हैं।

## सीबीआइ इंस्पेक्टर राहुल राज बर्खास्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज घोटाला मामले की जांच टीम में शामिल सीबीआइ के इंस्पेक्टर राहुल राज को 10 लाख रुपये की रिश्वत के साथ पकड़े जाने के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। इस मामले में सीबीआई के चार अधिकारियों को मिलाकर 23 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जांच के नाम पर रिश्वत लेने के मामले में सीबीआई ने 10 नए आरोपितों पर कार्रवाई की है।

## इंसाफ मिलने तक लड़ती रहूंगीः स्वाति

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी अब उनकी व्यक्तिगत छवि धूमिल करने के लिए बड़े स्तर पर लगी हुई है लेकिन वे स्वाभिमान की लड़ाई लड़ रही हैं और इंसाफ मिलने तक लड़ती रहेंगी। उन्होंने बताया कि पार्टी के एक बड़े नेता ने उन्हें फोन कर बताया है कि कैसे उनके खिलाफ पार्टी नेताओं को फोटो लीक करने, पीसी करने, ट्वीट करने और फर्जी स्टिंग ऑपरेशन करने को कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि तुम हजारों की फौज खड़ी कर दो, अकेले सामना करुंगी क्योंकि सच मेरे साथ है। मैंने अपनी स्वाभिमान की लड़ाई शुरू की है, इंसाफ मिलने तक लड़ाई लड़ती रहूंगी।

## 24 घंटे में यूक्रेन के 420 सैनिक मारे गये

**मॉस्को।** रूस के त्सेंट्र (सेंटर) ग्रुप ऑफ फोर्सेज ने दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में संघर्ष के दौरान पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के 420 सैनिकों को मार दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बयान में कहा, ₹ यूक्रेन के 420 सैन्यकर्मियों और जर्मनी निर्मित मार्डर पैदल सेना लड़ाकू वाहन सहित तीन बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके समूह ने डीपीआर में यूक्रेन द्वारा किए गए सात जवाबी हमलों को विफल किया।

## इजरायल ने स्पेन से राजदूत को बुलाया

**यरूशलम।** इजरायल ने फिलिस्तीन को आधिकारिक तौर पर मान्यता देने के स्पेन के फैसले के बाद मैड्रीड से अपने राजदूत को वापस बुलाने का आदेश दिया है। मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

## शाहरुख खान को लगा लू, अस्पताल में भर्ती

**अहमदाबाद।** बॉलीवुड सुपर स्टार शाहरूख खान को बुधवार को लू लगने के कारण बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद में के डी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अहमदाबाद के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने बताया कि अभिनेता शाहरूख खान को डिहाइड्रेशन के कारण के डी अस्पताल में भर्ती कराया गया । अस्पताल सूत्रों ने बताया कि शाहरुख का बेसिक चेक अप किया जा रहा है।

# देश में लागू नहीं होने दूंगा कर्नाटक मॉडल

## प्रधानमंत्री बोले- वंचितों के आरक्षण का चौकीदार है मोदी

- यूपी में दो लड़कों की जोड़ी फिर से लॉन्च, पुराने किरदार
- इंडी गठबंधन में कैंसर से बुरी बीमारियां हैं जो फैलते-फैलते पूरे हिंदुस्तान को तबाह करेंगे

एजेंसी

**श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आरक्षण छीनने का कर्नाटक मॉडल देश में लागू नहीं होने देंगे। प्रधानमंत्री ने यहां एक चुनावी जनसभा में कहा कि वंचितों के आरक्षण का मोदी चौकीदार है। मैं आपको गारंटी देता हूं, आरक्षण छीनने का कर्नाटक मॉडल देश में लागू नहीं होने दूंगा। पीएम ने कहा कि वह किसी शाही खानदान से नहीं आये हैं। वह गरीब मां के बेटे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है, लेकिन मैं अपने देश को इतना मजबूत बनाना चाहता हूं कि परिवारवादी पार्टियां फिर से देश को बदहाल न कर सकें।

उन्होंने कहा कि रैली का जनसैलाब और उत्साह साफ-साफ बता रहा है कि सपा-कांग्रेस का इंडी गठबंधन पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। पूरा देश एक ही बात कह रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को आगे कैसे ले जाएंगे, विकास का विजन क्या है, अर्थव्यवस्था को लेकर क्या प्लान है? दोनों शहजादों ने एक बार भी भरोसेमंद बात नहीं कही। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 60 साल तक कुछ नहीं किया, वे मोदी को रोकने के लिए एक हो गए हैं। उत्तर प्रदेश में दो लड़कों की जोड़ी फिर से लॉन्च हुई है। वही पुरानी फ्लॉप फिल्म, वही पुराने किरदार, वही पुराने डायलॉग। पूरा चुनाव खत्म होने को है, लेकिन एक भी नई बात इन लोगों के मुंह से आपने सुनी क्या? पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने चार करोड़ गरीबों को पक्के घर दिए, अब सपा कांग्रेस वाले सब पलटने का निर्णय कर चुके हैं, मतलब इन चार करोड़ घरों की चाबी आपसे ले लेंगे, मकान छीन लेंगे और अपने वोट बैंक को दे देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आई तो वे कानून बदलकर भ्रष्टाचारियों को बचाएंगे पीएम ने कहा कि श्रावस्ती इतनी ऐतिहासिक और पौराणिक जगह है, जहां पूरे देश से पर्यटक आना चाहते हैं। पहले इतने समय सपा-बसपा-कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन किसी ने श्रावस्ती के विकास के बारे में नहीं सोचा। उन्हें न श्रावस्ती के विकास की चिंता थी, न देश के विरासत की फिक्र। हमारी सरकार श्रावस्ती को देश के नक्शे पर अलग पहचान देने के लिए काम कर रही है।

### भ्रष्टाचारियों की संपत्ति का एक्स-रे करूंगा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली के द्वारका में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए देश को अपने तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई को और भी तेज करने की गारंटी दी। उन्होंने कहा कि सत्ता में लौटने पर भ्रष्टाचारियों की संपत्ति का एक्स-रे करूंगा और जनता के लूटने वाले को जेल भेजेंगे। मोदी ने कहा कि भाजपा का विकास मॉडल नेशन फर्स्ट के लिए कमिटेड है, जबकि कांग्रेस का एक ही एजेंडा फैमिली फर्स्ट है।



## राहुल ने फिर कहा, सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना बंद कर देंगे

- मोदी ने देश के जवानों को मजदूरों की तरह बना दिया
- केंद्र ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ कर्ज माफ किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना को पूरी तरह से रद्द कर दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत के जवानों को मजदूरों की तरह बना दिया है। सेना अग्निवीर योजना नहीं चाहती है। यह पीएमओ द्वारा बनाई गई योजना है। एक बार कांग्रेस सत्ता में आएगी तो हम इस योजना को पूरी तरह से रद्द कर देंगे उन्होंने कहा कि भाजपा का कहना है कि शहीद दो तरह के होंगे (एक सामान्य जवान और अधिकारी) जिन्हें पेंशन, शहीद का दर्जा और सभी सुविधाएं मिलेंगी। दूसरी तरफ गरीब परिवार का व्यक्ति जिसे अग्निवीर नाम दिया गया है। अग्निवीरों को न शहीद का दर्जा मिलेगा, न पेंशन, न कैंटीन की सुविधा। राहुल ने कहा कि हरियाणा का युवा सेना में चयनित होने पर गर्व महसूस करता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसान दिन भर खेतों में काम करते हैं। मोदी ने आपके अधिकार छीन लिए और अरबपतियों की मदद के लिए भूमि न्यायाधिकरण विधेयक को खत्म कर दिया। फिर तीन कृषि कानून आए, लेकिन सरकार को पीछे हटना पड़ा। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चार जून को जब हम सत्ता में आएंगे तो किसानों का कर्ज माफ कर देंगे। जहां तक कृषि ऋण माफी का सवाल है, हम कर्ज माफी आयोग लाएंगे।




## हिमाचल के छह पर्वतारोहियों ने माउंट चाऊ चाऊ कांग नील्दा पर फहराया तिरंगा

**हिमाचल प्रदेश के छह पर्वतारोहियों की युवा टीम वाइट एक्सपीडिशन ने बर्फ से ढकी 6300 मीटर ऊंची चोटी माउंट चाऊ चाऊ कांग नील्दा पर तिरंगा फहराया। ये कांग नील्दा लाहौल-स्पीति की स्पीति घाटी में हैं। छह पर्वतारोहियों ने 18 मई को अभियान की शुरूआत की थी। भारतीय लोकतंत्र के प्रहरी बने सभी पर्वतारोहण की टीम इस मिशन के साथ आगे बढ़ी। मात्र तीन दिन में पर्वतारोहियों की टीम ने साहस व हौसले की बदौलत स्पीति वैली की ऊंची चोटियों में से एक माउंट चाऊ चाऊ कांग नील्दा पर तिरंगा लहराया है। इस चोटी की बेहद कठिन चढ़ाई के कारण अभी तक मात्र चार बार ही चढ़ा जा सका है। वाइट एक्सपीडिशन टीम ने हार न मानते हुए पांचवीं बार इस चोटी पर विजय हासिल की। पर्वतारोहियों ने 18 मई को अभियान की शुरूआत की थी।**

## चारधाम यात्रा : सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य

**देहरादून।** चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण को अनिवार्य कर दिया गया है। हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण बंद कर दिए जाने से अब ऑनलाइन पंजीकरण के बाद ही श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आ सकते हैं। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बुधवार को अनिवार्य पंजीकरण का आदेश जारी किया है। शासनादेश में तीर्थयात्रियों से कहा गया है कि पंजीकरण के बाद ही यात्रा पर आएं। बिना पंजीकरण के आने पर उन्हें बैरियर या चेक प्वाइंट पर रोका जा सकता है। और ऐसा होने पर उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। यात्रियों को सलाह दी गई है कि पंजीकरण होने पर वे निर्धारित तिथि पर ही यात्रा पर आएं। जिस धाम की यात्रा पर आ रहे हैं, उसी रूट पर जाएं। टूर एवं ट्रेवल्स एजेंसियों से सुनिश्चित करने को कहा गया है कि यात्रियों ने पंजीकरण कराया है या नहीं।

## बांग्लादेश के लापता सांसद का शव कोलकाता में मिला

**कोलकाता।** इलाज के लिए कोलकाता आए बांग्लादेश के सांसद अनवारुल आजिम का शव कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में मिला है। वह विगत नौ दिनों से लापता थे। कोलकाता स्थित बांग्लादेश के उप उच्चायोग को इस बारे में जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने सांसद की हत्या की आशंका जताई है। बांग्लादेश के उप उच्चायोग के मुताबिक अनवारुल आजिम 12 मई को इलाज कराने के लिए बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल आए थे।

Ph.D. Awarded



By order of the Vice-Chancellor, Ranchi University, Ranchi

Kaushal Pradhan

S/o Srikrishna Pradhan, and Smt. Lalita Pradhan, Pradhan Mansion, North Office Para, Doranda, Ranchi is declared to have passed the Doctor of Philosophy (Faculty of Commerce)Examination in Commerce held in the month of March, 2024 on the topic entitled *"Critical Evaluation of Training and Development Programs of National Aluminium Company Limited (NALCO) and Its Impact on Productivity and Profitability"* under the guidance of Dr. M.C. Mehta, University Department of Commerce, Ranchi University, Ranchi.

## शरद पवार हमेशा भ्रष्ट लोगों को साथ लेकर चले : अन्ना

एजेंसी

**अहमदनगर।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार पर साधा निशाना है। यहां बुधवार को उन्होंने कहा कि पवार हमेशा भ्रष्ट लोगों को साथ लेकर चले, इसलिए वह उनका विरोध करते रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार का एक बयान आया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अन्ना हजारे और पूर्व बीएमसी अधिकारी जीआर खैरनार ने मुझ पर गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन अब इन दोनों के लिए मेरे दिल में कोई जगह नहीं है। इसी बयान पर अन्ना हजारे ने पलटवार किया है।अन्ना हजारे ने कहा कि शरद पवार मुझ पर टिप्पणी करने के 12 साल बाद नींद से जागे हैं। आज अचानक शरद पवार की नींद क्यों खुली, मुझे पता नहीं। मैं कभी किसी पार्टी को लेकर टिप्पणी नहीं करता हूं। मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं रहता।

## दीदी जल्द ही शीतनिद्रा में जायेंगी : शाह

### कहा- इस बार बंगाल में 30 सीटें जीतेगी भाजपा



**पुरुलिया/कांथी (बंगाल)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छठे और अंतिम सातवें चरण में ममता दीदी शीतनिद्रा में चली जाएंगीं, क्योंकि राजग ने 20 मई को हुए पांचवें चरण के मतदान के बाद 310 लोकसभा सीटें हासिल कर ली हैं। श्री शाह ने यह भी दावा किया कि भाजपा इस बार बंगाल में 30 सीटें हासिल करने की ओर बढ़ रही है और राज्य के मतदाताओं को आश्वासन दिया कि एक बार ऐसा होने पर, भाजपा का काम सभी भ्रष्ट मंत्रियों और उनके गुंडों का पता लगाना और चार जून के बाद उन्हें सलाखों के पीछे डालना होगा। उन्होंने कहा कि एक बार जब आप सातवें चरण के मतदान के अंत में भाजपा को 30 सीटें दे देंगे, तो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस टुकड़ों में बंट जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने चिटफंड से लेकर शिक्षक, राशन , कोयला और पशु तस्करी तथा नागरिक निकायों के कर्मचारियों की नियुक्ति जैसे घोटालों की श्रृंखला को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि बंगाल में अदालत के आदेश से कथित भ्रष्टाचार के लिए मंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है।

## अंतिम चरण में 57 सीटों पर 904 उम्मीदवार मैदान में

- एक जून को होगा मतदान और चार को होगी काउंटिंग
- बिहार के जहानाबाद क्षेत्र से सर्वाधिक 73 नामांकन पत्र और दूसरे नंबर पर पंजाब के लुधियाना में 70 नामांकन पत्र




**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में 8 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सातवें चरण के लिए 1 जून को मतदान होना है। गौरतलब है कि 1 जून को होने वाले मतदान का यह सातवां चरण इस लोकसभा चुनाव की वोटिंग का अंतिम चरण है। इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती प्रारंभ होगी। सातवें चरण की जानकारी देते हुए चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में 57 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2105 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। सभी 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए चरण 7 के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 मई, 2024 थी। दाखिल किए गए सभी नामांकनों की जांच के बाद 954 नामांकन वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद अंतिम रूप से चुनावी मैदान में 904 उम्मीदवार शेष बचे हैं। आयोग ने बताया कि चरण 7 में पंजाब में 13 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से अधिकतम 598 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 13 संसदीय क्षेत्रों से 495 नामांकन थे। बिहार के जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक 73 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इसके बाद दूसरे नंबर पर पंजाब के लुधियाना संसदीय क्षेत्र से 70 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। आयोग के मुताबिक 7वें चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 16 है। सातवें एवं आखिरी चरण में बिहार की 8 सीटों पर चुनाव होना है। चंडीगढ़ की 1 सीट पर, हिमाचल प्रदेश की चारों सीटों पर चुनाव होना है। झारखंड की 3 सीटों पर, ओडिशा की 6 सीटों पर व पंजाब की सभी 13 सीटों पर भी अंतिम चरण में ही मतदान होना है। उत्तर प्रदेश की 13 और बंगाल की 9 सीटों पर भी अंतिम चरण में चुनाव होगा।

### प्रचार में मर्यादा बनाए रखें भाजपा व कांग्रेसः आयोग

चुनाव आयोग ने बुधवार को भाजपा और कांग्रेस से जाति, समुदाय, और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी है। आयोग ने कहा कि चुनावों के दौरान भारत के सामाजिक व सांस्कृतिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं जा सकती। राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विभाजनकारी भाषण को लेकर विपक्ष के आरोप पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी करने के करीब एक महीने बाद आयोग ने उनके बचाव को खारिज कर दिया।

## कांग्रेस ने झूठ बोलकर हमेशा जनता की आंखों में धूल झोंकी : राजनाथ

**भिवानी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर जनता की आंखों में धूल झोंकी है और धोखा दिया है। श्री सिंह यहां भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी( आप ) पर भी निशाना साधा और कहा कि आप संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे को भी धोखा दिया था। श्री सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन के समय श्री केजरीवाल ने कहा था कि न तो राजनीतिक दल बनायेंगे, न चुनाव लड़ेंगे, लेकिन उन्होंने पार्टी भी बनाई और चुनाव भी लड़ा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किये गये विकास कार्यों के बूते पर फिर से केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

VERMA PRESS वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
| --- | --- | --- | --- |
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !